राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 नीरज चोपड़ा ने विश्व रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल किया

असम में घुसपैठ रोकने के लिए सख्त इंतजाम... हिमंता 12

वर्ष : 16 | अंक : 55 | नई दिल्ली, रविवार, 29 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# भारत के विचार, दार्शनिक सोच और विश्वदृष्टि हजारों वर्षों से अमर है : मोदी

प्रातः किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यता बताते हुए कहा है कि यह देश हजारों वर्षों से अमर है क्योंकि इसके विचार, दार्शनिक सोच और विश्वदृष्टि शाश्वत हैं। श्री मोदी ने शनिवार को यहां जाने-माने जैन संत आचार्य विद्यानंद महाराज के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ह्यह्यहमारा भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है। और इस दर्शन के स्रोत हैं- हमारे ऋषि, मुनि, महर्षि, संत और आचार्य! आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज भारत की इसी पुरातन परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तम्भ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राष्ट्र अपनी आध्यात्मिक परंपरा में एक महत्वपूर्ण अवसर देख रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन एक अन्य कारण से भी विशेष महत्व रखता है क्योंकि 28 जून 1987 को श्री विद्यानंद मुनिराज को औपचारिक रूप से आचार्य की उपाधि प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि यह महज एक उपाधि नहीं बल्कि एक पवित्र धारा की शुरूआत थी जिसने जैन परंपरा को विचार, अनुशासन और करुणा से जोड़ा है। श्री मोदी ने आचार्य को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह शताब्दी समारोह कोई साधारण आयोजन नहीं है, यह एक युग और एक महान तपस्वी के जीवन की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए विशेष स्मारक सिक्के और डाक टिकट जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उन्हें धर्म चक्रवर्ती की उपाधि प्रदान की गई है और वह इसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार कर मां भारती के चरणों में समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से आचार्य श्री प्रज्ञ सागर जी का अभिनंदन करता हूँ, उन्हें प्रणाम करता हूँ। आपके मार्गदर्शन में आज करोड़ों अनुयायी पूज्य गुरुदेव के बताए रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। आज इस अवसर पर आपने मुझे धर्म चक्रवर्ती की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है, मैं खुद को इसके योग्य नहीं समझता, लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है, उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता हैं। और इसीलिए, मैं आपके इस प्रसाद को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूँ, और माँ भारती के चरणों में समर्पित करता हूँ। श्री मोदी ने कहा कि आचार्य ने अपने साहित्य के जरिए और भजनों के माध्यम से प्राचीन प्राकृत भाषा का पुनरोद्धार किया। यह भगवान महावीर के उपदेशों की भाषा है। इसी भाषा में पूरा मूल ह्यजैन आगमह्व रचा गया। लेकिन संस्कृति की उपेक्षा करने वालों के कारण यह भाषा सामान्य प्रयोग से बाहर होने लगी थी। इसे देखते हुए सरकार ने आचार्य श्री जैसे संतों के प्रयासों को देश का प्रयास बनाया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में सरकार ने प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया। इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए सरकार प्राचीन पाण्डुलिपियों के डिजिटलीकरण का अभियान भी चला रही है। इसमें बहुत बड़ी संख्या में जैन धर्मग्रन्थों और आचार्यों से जुड़ी पांडुलिपियाँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार उच्च शिक्षा में भी मातृभाषा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि वह लालकिले से राष्ट्र के नाम संबोधन में कह चुके हैं, हमें देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलानी है। हमें विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी संकल्प को केंद्र में रखकर, हम भारत के सांस्कृतिक स्थलों का, तीर्थस्थानों का भी विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में सरकार ने भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्सव का व्यापक स्तर पर आयोजन किया था। सांस्कृतिक धरोहर और उसे अधिक समृद्ध बनाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम जरूरी हैं। इनके पीछे मूल मंत्र ह्यसबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता की जेब काटने में लगी है सरकार: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए शनिवार को कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार आवश्यक वस्तुओं के आकाश छूते दामों को रोकने के उपाय करने की बजाय जनता की जेब काटने में लगी है। श्री खरगे ने एक बयान में कहा कि महंगाई बढ़ने के कारण घरेलू बचत लगातार घट रही है और पिछले तीन साल से यह क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार भले ही अमृत काल मना रही है लेकिन सच यह है कि लोगों की बचत बंद हो गई है और उसके घरेलू खर्चों पर लगाम लग गई है। उन्होंने कहा,बचत बंद, घरेलू खर्चों पर लगाम, ये है अमृत काल के परिणाम। बचत बैंक खाते पर ब्याज दर 25 वर्षों में सबसे निचले पायदान पर आ गई और घरेलू बचत 50 वर्षों में सबसे कम तो हुई थी, पिछले तीन वर्षों से लगातार गिरावट देखने को मिली। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार ने जनता की जेब काटने का ठेका ले रखा है।

### नरसिम्हा राव की जयंती पर खरगे ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पीवी नरसिम्हा राव को उनकी 104 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खरगे ने कहा,हम पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी सरकार की दूरगामी आर्थिक उदारीकरण नीतियों ने अभूतपूर्व राष्ट्रीय विकास के युग को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। ये सुधार मध्यम वर्ग के उत्थान और विस्तार में महत्वपूर्ण थे जिसने अधिक मजबूत और लचीले भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी।ांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्री राव के कार्यकाल में भारत के परमाणु कार्यक्रम में महत्वपूर्ण प्रगति हुई और विदेश नीति के स्तर पर कई दूरदर्शी प्रयासों की शुरूआत भी हुई, जिनमें सबसे उल्लेखनीय लुक ईस्ट नीति थी। राष्ट्र की प्रगति और मजबूती में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा,पीवी नरसिम्हा राव को उनकी जयंती पर याद करते हैं-एक दूरदर्शी नेता जिनके 1991 के आर्थिक सुधारों ने भारत को प्रगति, उदारीकरण और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर स्थापित किया। उनके साहसिक सुधार पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

### कांग्रेस को देश में वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं: भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई द्वारा प्रकाशित एक पुस्तिका में भारत के मानचित्र को गलत ढंग से चित्रित करने और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के हिस्सों को पाकिस्तान तथा चीन का भाग दशार्ये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है और कहा है कि जो पार्टी भारत की प्रादेशिक अखंडता का सम्मान नहीं करती है, उसे देश में वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल के सह प्रभारी अमित मालवीय ने यहां एक्स पर कहा, कांग्रेस पार्टी में कुछ वाकई भयावह और विक्षिप्तता है। बार-बार सार्वजनिक आक्रोश और राष्ट्रीय शर्म के बावजूद, कांग्रेस जानबूझकर भारत के ऐसे विकृत मानचित्रों का उपयोग करना जारी रखती है जिनमें जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों को चीन और पाकिस्तान का भूभाग दशार्या गया है।

उन्होंने कहा कि यह कोई अकेली घटना नहीं है। पर अब, तमिलनाडु कांग्रेस ने भी इसी राष्ट्र-विरोधी पैटर्न का अनुसरण किया है। इसके आधिकारिक एक्स हैंडल में से एक - तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी रिसर्च डिपार्टमेंट - पर भारत के एक विकृत और भ्रामक मानचित्र का बेशर्मी से पार्टी अभियान को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया गया। श्री मालवीय ने कहा, यह कोई गलती नहीं है।

## मोदी के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल

# सरकार ने 421 बिल पास किए

## कुल 1576 पुराने और निरर्थक कानूनों को निरस्त किया

प्रातः किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। हाल ही में मोदी सरकार ने केंद्र में अपने 11 साल पूरे किए है। इस दौरान सबसे बड़ी पंचायत संसद भी तमाम बदलावों को होकर गुजरी। मोदी सरकार का आगामी रोडमैप क्या है, इस पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बातचीत की।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि मोदी सरकार में कई महत्वपूर्ण संसदीय निर्णय हुए हैं। उदाहरण के लिए रेल और आम बजट को मिलाने और आम बजट को हर साल 1 फरवरी को पेश करने का ऐतिहासिक फैसला हुआ। इसी तरह, जम्मू-कश्मीर में समाज के सभी वर्गों के लिए समान मौके सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 और उसके तहत राष्ट्रपति के आदेशों के कुछ प्रावधानों को निरस्त किया गया। वहीं पीएम मोदी के भविष्यवादी दृष्टिकोण के चलते देश को सितंबर 2023 में नई संसद मिली, जब संविधान सभा से शुरू हुई 75 वर्षों की संसदीय यात्रा पर एक विशेष सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नीति निर्माण में जन प्रतिनिधियों के रूप में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पारित किया गया। मोदी सरकार ने अपने 11 साल के स्वर्णिम कार्यकाल में अब तक 421 बिल पास किए। वहीं अब तक कुल 1576 पुराने और निरर्थक कानूनों को निरस्त किया।

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारतीय संसद के लचीलेपन की परीक्षा हुई। तब अनुच्छेद 85 की संवैधानिक अपेक्षाओं को और अत्यावश्यक विधायी कामों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सभी दिशा-निर्देशों का पालन कर तीन सत्रों का आयोजन हुआ। उस मुश्किल दौर में दूरी से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा के सत्र का आयोजन अलग-अलग में समय में सभी सुरक्षा मानदंडों के साथ हुआ।

उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्रालय युवा पीढ़ी में लोकतांत्रिक संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से दिल्ली के स्कूलों, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, यूनिवर्सिटी कॉलेजों के छात्रों के लिए पारंपरिक रूप से युवा संसद प्रतियोगिताएं आयोजित करता है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता भी देता है। मोदी सरकार ने 2019 में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद योजना के तहत डिजिटल प्लैटफॉर्म की शुरूआत की गई।

# जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भारी भीड़ भगवान बलभद्र का रथ रास्ते अटका

## 700 से अधिक श्रद्धालु हुए घायल

प्रातः किरण/एजेंसी



पुरी। पुरी में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भारी भीड़ के कारण 600 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए, और भगवान बलभद्र का रथ रास्ते में एक मोड़ पर अटक गया, जिससे उत्सव में काफी देरी हुई। इस दौरान 700 से अधिक श्रद्धालुओं को चोटें आईं या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हुईं, जिसके बाद उन्हें पुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। भगवान बलभद्र के तलध्वज रथ को खींचने में विशेष रूप से कठिनाई हुई, क्योंकि यह रथ यात्रा मार्ग पर एक मोड़ पर अटक गया। इससे जुलूस की गति धीमी हो गई और मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमा हो गए। कई लोग प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए, जिससे रथों की आवाजाही और बाधित हुई।

ओडिशा सरकार के मंत्री मुकेश महालिंग ने बताया कि श्रद्धालुओं के बेहोश होने की घटनाएं तेज गर्मी और उमस के कारण हुई है। उन्होंने बताया कि बचाव दल ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मंदिर के पास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं और पानी व ग्लूकोज की व्यवस्था की गई है।

भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे शहर में करीब 10,000 सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था, जिसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की आठ कंपनियां भी शामिल थीं। ओडिशा के डीजीपी वाई.बी खुरानिया ने बताया कि रथ यात्रा की निगरानी के लिए 275 से अधिक एआई-इनेबल्ड सीसीटीवी कैमरों का उपयोग किया जा रहा है।

# भारत-मेडागास्कर ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढाने के तरीकों पर चर्चा की

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और मेडागास्कर ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढाने के उपायों पर महत्वपूर्ण चर्चा की है।रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि मेडागास्कर की चार दिन की यात्रा पर गये रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राजधानी अन्टाननरीवो में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। रक्षा राज्य मंत्री ने मेडागास्कर के स्वतंत्रता दिवस की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के स्थापना दिवस समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। श्री सेठ ने मेडागास्कर के सशस्त्र बलों के मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिवेलो लाला मोन्जा डेल्फिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को गति देने और विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा तथा क्षमता निर्माण में सहयोग को बढाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की गयी। उन्होंने मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन एनत्से से भी मुलाकात की और मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उनको हार्दिक शुभकामनाएं दीं। रक्षा राज्य मंत्री अन्टाननरीवो में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मेडागास्कर में भारतीय समुदाय को देश के हाल के घटनाक्रमों और प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में चल रहे आर्थिक परिवर्तनकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। हिंद महासागर क्षेत्र में निकट पड़ोसी और सहयोगी विकासशील देशों के रूप में भारत तथा मेडागास्कर के बीच दीर्घकालिक मैत्री एवं लोगों के बीच मित्रवत संपर्क हैं।

## यदि कोई आपके प्रति अपनेपन की भावना रखता तो आप भी स्नेह और करुणा रखें

### संघ प्रमुख बोले-हिंदू समुदाय ने विश्व को एकता के सूत्र में बांधने की जिम्मेदारी ली

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली(एजेंसी)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने समाज में स्नेह और करुणा को बढ़ावा देते हुए कहा कि ऐसे दौर में जब सामाजिक स्नेह कम होता जा रहा है, आरएसएस इन मूल्यों को फिर से स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। भागवत ने ये टिप्पणी एक पुस्तक के विमोचन कायर्क्रम के दौरान की।

भागवत ने शुक्रवार को कहा कि आरएसएस का मिशन यह तय करना है कि संपूर्ण हिंदू समाज अपनापन और स्नेह की भावना से एक सूत्र में बंधा रहे। उन्होंने कहा कि पशुओं के विपरीत मनुष्य के पास बुद्धि होती है। बुद्धि के विवेकपूर्ण इस्तेमाल से वह और भी बेहतर बन सकता है, लेकिन उसी बुद्धि का गलत तरीके से इस्तेमाल करने से वह और भी बुरा बन सकता है। एकमात्र चीज जो उसे बुरा बनने से रोकती है, वह है स्नेह और अपनापन की भावना।

उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं कि लोग स्वार्थी हो जाने पर बुराई की ओर झुक जाते हैं। वहीं, अगर कोई व्यक्ति स्नेह और करुणा की ओर झुक जाता है, तो वह ईश्वरीय स्वरूप प्राप्त कर लेता है और खडीवाले की जीवन यात्रा इसकी एक बानगी है। भागवत ने कहा कि संघ समाज को अपनेपन, स्नेह और करुणा की भावना की याद दिलाने की दिशा में काम करता है, जिसे वर्तमान समय में भुला दिया गया है। उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति को सिखाता है कि यदि कोई आपके प्रति अपनेपन की भावना दिखा रहा है, तो आपको भी उसके प्रति वैसा ही स्नेह और करुणा रखनी चाहिए।आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हिंदू समुदाय ने पूरे विश्व को एकता की भावना के सूत्र में बांधने की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी में ह्यगिविंग बैकह्व शब्द हाल ही में प्रचलन में आया है, लेकिन भारत में यह भावना काफी समय से मौजूद है।


### रॉ के नए चीफ बने पराग जैन, ऑपरेशन सिंदूर में निभाई अहम भूमिका

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ को नया बॉस मिल गया। रिसर्च एनालिसिस विंग (रॉ) के नए चीफ पराग जैन बन गए हैं। पराग जैन पंजाब कैडर के 1889 बैच के आईपीएस अफसर हैं। बतौर रॉ चीफ उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वह रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा है। पराग जैन फिलहाल एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं। इस रिसर्च सेंटर ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# उपराष्ट्रपति ने कहा-आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर था

# संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गये शब्द नासूर: धनखड़

प्रातः किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गये शब्दों को नासूर करार देते हुए कहा है कि इससे संविधान की आत्मा का अपमान हुआ है। श्री धनखड़ को शनिवार को उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित एक समारोह में कर्नाटक के पूर्व विधायक और लेखक डी एस वीरैया द्वारा संकलित अंबेडकर के संदेश पुस्तक की पहली प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति ने संविधान की प्रस्तावना को बदले जाने को गंभीर विषय बताया और कहा कि प्रस्तावना वह आधार है जिस पर पूरा संविधान टिका है। उन्होंने कहा कि अन्य किसी भी देश के संविधान की प्रस्तावना में इस तरह का बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना अद्वितीय है। भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है, और क्यों? प्रस्तावना अपरिवर्तनीय है। प्रस्तावना आधार है जिस पर पूरा संविधान टिका है। यह उसकी बीज-रूप है। यह संविधान की आत्मा है। लेकिन भारत की इस प्रस्तावना को 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदल दिया गया और ह्यसमाजवादीह्व, ह्यधर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़ दिए गए। श्री धनखड़ ने आपातकाल को लोकतंत्र का अंधकारमय दौर बताया और कहा कि इसकी कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, आपातकाल - भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर था। जब लोग जेलों में थे, मौलिक अधिकार निलंबित थे। उन लोगों के नाम पर—हम भारत के लोग—जो खुद उस समय दासता में थे, क्या सिर्फ शब्दों का प्रदर्शन किया गया? इसकी शब्दों से परे जाकर निंदा की जानी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान निमाताओं ने इसकी प्रस्तावना को अत्यंत परिश्रम से सोच विचार कर तैयार किया होगा लेकिन जब देश के लोगों पर आपातकाल का बंधन था उस समय इसे बदल दिया गया। उन्होंने कहा, हमें आत्मचिंतन करना चाहिए। डॉ. अंबेडकर ने अत्यंत परिश्रम से यह कार्य किया। उन्होंने अवश्य ही इस पर गहराई से विचार किया होगा। हमारे संविधान निमाताओं ने प्रस्तावना को सही और उचित समझ कर जोड़ा था। लेकिन इस आत्मा को ऐसे समय बदला गया जब लोग बंधन में थे। भारत के लोग, जो सर्वोच्च शक्ति का स्रोत हैं – वे जेलों में थे, न्याय प्रणाली तक पहुंच से वंचित थे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 29 जून, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### एक साल से धूल फांक रही मिनी तेल मिल यूनिट

**झनकट, एजेंसी।** झनकट में मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र योजना के अंतर्गत ग्राम्य विकास विभाग की ओर से 32 लाख रुपये की लागत से स्थापित की गई एनआरएलएम मिनी तेल मिल यूनिट पिछले एक साल से बंद पड़ी है। इस यूनिट का संचालन ठप होने से ग्रामीणों को संभावित रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है। यूनिट का शिलान्यास नौ नवंबर 2021 को किया गया था, ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार का अवसर मिल सके, लेकिन जुलाई 2024 में आई बाढ़ के दौरान यूनिट में पानी भर गया, जिससे मशीनों में मिट्टी की मोटी परत जम गई। दुर्भाग्यवश, तब से आज तक न तो मशीनों की सफाई करवाई गई और न ही किसी स्तर पर इसके दोबारा संचालन की दिशा में कोई गंभीर प्रयास किए गए। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार बड़े-बड़े दावे करती है कि सीमांत इलाकों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा, लेकिन धरातल पर योजनाएं लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं। लोगों ने यूनिट की मशीनों को ठीक करवाकर इसका संचालन शुरू करने की मांग की है।

### छीपी बिरादरी के ओहदेदारों की हलफ बरदारी आज

**जसपुर, एजेंसी।** मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी के नए ओहदेदारों को बृहस्पतिवार को हलफ बरदारी (शपथ) दिलाई जाएगी। बिरादरी की कार्यकारिणी ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी अतीकुर्रहमान रहबर ने बताया कि शुक्रवार को ईशा की नमाज के बाद मोहल्ला चौहान के सिटी पैलेस में हलफ बरदारी के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उलेमा नए ओहदेदारों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम में छीपी बिरादरी के अलावा अन्य बिरादरी के लोगों को भी निमंत्रण दिया गया है। सदर, नायब सदर, सेक्रेटरी, नायब सेक्रेटरी, खजानची समेत शहर कमेटी के मेंबर, चौधरी एवं सेक्रेटरी की 60 सदस्य टीम कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगी।

### युवती के अंडकोष से छह किलो का ट्यूमर निकाल बचाई जान

**रुद्रपुर, एजेंसी।** पंडित राम सुमेर शुक्ला मेडिकल कॉलेज के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। मेडिकल कॉलेज में एक युवती के अंडकोष से छह किलो का ट्यूमर निकालने का सफल ऑपरेशन हुआ है। गरीब घर की युवती के इलाज का सारा खर्च मेडिकल कॉलेज ने वहन किया। काशीपुर क्षेत्र की 23 साल की युवती लंबे समय से ट्यूमर की परेशानी झेल रही थी। जांच में उसके अंडकोष में ट्यूमर होने का पता चला। ट्यूमर पेट में फैल गया था। गरीब परिवार की युवती इलाज के लिए दर-दर भटकी, उसने कीमोथेरेपी भी कराई। ऋषिकेश एम्स के साथ ही सुशीला तिवारी अस्पताल भी गई, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। कुछ दिन पूर्व युवती मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए आई। बीते बुधवार को मेडिकल कॉलेज में दो घंटे से अधिक समय तक चले ऑपरेशन के दौरान युवती के अंडकोष से छह किलो से अधिक वजनी ट्यूमर निकाल लिया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शाही ने बताया कि ट्यूमर के कारण युवती के लीवर के साथ ही आंतों को नुकसान पहुंचने लगा था। पेट में पानी भर गया था। वह शौच भी नहीं कर पा रही थी। बताया कि ऑपरेशन सफल रहा है।

### एएनएम ने की एलएचवी पद पर पदोन्नति देने की मांग

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जिले की मातृ शिशु परिवार कल्याण कर्मियों ने गढ़वाल मंडल की तर्ज पर कुमाऊं की सहायक नर्स मिडवाइफरी (एएनएम) को लेडी हेल्थ विजिटर (एलएचवी) के पद पर पदोन्नति देने की मांग की है। कर्मियों ने स्वास्थ्य महानिदेशक को भेजे ज्ञापन में कहा है कि कुमाऊं की एएनएम की पदोन्नति वर्ष 2022 से नहीं हुई है। जिले में एलएचवी के 80 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों का अतिरिक्त कार्य भी एएनएम ही कर रही हैं। कहा कि बीते वर्ष से दो बार पदोन्नति के लिए सहमति पत्र भरकर भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कुमाऊं से किसी भी एएनएम को पदोन्नति के लिए होने वाले प्रशिक्षण के लिए नहीं बुलाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि फरवरी में गढ़वाल की कुछ एएनएम को एलएचवी प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था। उन्होंने कहा कुमाऊं की एएनएम को भी एलएचवी प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाना चाहिए। ज्ञापन भेजने वालों में दीपा जोशी, शशिकला, दलजीत कौर, इंद्रा धामी, गंगा धामी, रोजलीन आदि शामिल हैं।

## मानसून की दस्तक से व्यापारियों को सताने लगा जलभराव का डर

**काशीपुर, एजेंसी।** मानसून की दस्तक से मेन बाजार के कारोबारियों को व्यापार के नुकसान का डर सताने लगा है। यहां हर साल बरसात में पानी कई फुट ऊपर तक भर जाता है, जिससे दुकानों के भीतर पानी जाने से सामान खराब होता है। इस प्रकार व्यापारियों को प्रतिवर्ष लाखों का नुकसान होता है। शहर में नालियों को चौड़ा करने सहित साफ-सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन इससे जलभराव की समस्या से निजात मिलना मुश्किल है। ऐसे में कारोबार में होने वाले नुकसान से व्यापारी चिंतित हैं। काशीपुर के कई इलाकों में एक घंटे की बारिश में जलभराव की स्थिति बन जाती है। साथ ही मुख्य बाजार के दुकानदारों को भी वर्षा प्रभावित करती है। यहां सड़क से कई फुट ऊपर तक जलभराव हो जाता है, जिससे उन्हें लाखों का नुकसान होता है। बीते वर्ष मुख्य बाजार के व्यापारी राजकुमार यादव की दुकान में पानी भरने से काफी नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा था कि चुनाव में हम वोट देते हैं और समय पर टैक्स भरते हैं, लेकिन सुविधा के लिए कहीं भी सुनवाई नहीं होती है। वहीं व्यापारी परवेष का बरसात के दिनों में हर बार करीब डेढ़ से दो लाख रुपये का नुकसान होता है।

# थप्पड़ का बदला लेने के लिए हुआ गोलीकांड, 23 जून की घटना के सात आरोपी भेजे जेल

**नैनीताल, एजेंसी।**
बिड़ला स्कूल के पास 23 जून को हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी रोहित मंडेला समेत सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। छह अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है। हल्द्वानी शहर के प्रेमपुर लोश्ज्ञानी रोड स्थित बिड़ला स्कूल के पास 23 जून को हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी रोहित मंडेला समेत सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। छह अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक रोहित को कुछ दिन पूर्व थप्पड़ मारने की घटना का बदला लेने के लिए यह घटना हुई। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि मामले में दो दिन बाद रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक बल्यूटिया आनंदपुर निवासी जितेंद्र सिंह मेहरा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा गया था कि 23 जून को शाम साढ़े सात बजे जितेंद्र का छोटा भाई हरीश मेहरा अपने साथी नीरज भगत, भूपेंद्र सिंह बोरा व गणेश सिंह दरम्वाल के साथ कार से छड़ायल की तरफ जा रहा था। कार नीरज चला रहा था। तीनतास प्रेमपुर लोश्ज्ञानी रोड को क्रास करते ही घात लगाए बैठे रोहित मंडोला उर्फ राजा व उसके 12-15 हथियारबंद साथियों ने कार पर हमला कर दिया। हरीश, भूपेंद्र व गणेश से मारपीट की गई।



इसी बीच रोहित मंडोला ने पिस्टल निकालकर हरीश पर फायर झोंक दिया। गोली बीचबचाव कर रहे भूपेंद्र को लग गई। इसी बीच रोहित ने दूसरा फायर भी भूपेंद्र पर झोंक दिया। एसपी सिटी ने बताया कि मोबाइल सर्विलांस और दर्जनों सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी रोहित मंडेला समेत सात आरोपियों को कोतवाली पुलिस और एसओजी ने बेलबाबा मंदिर से आगे वन विभाग चेक पोस्ट के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, दो मैगजीन व एक कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक रामपुर रोड क्षेत्र पर करीब 20 दिन पहले क्रिकेट मैच के दौरान हरीश और रोहित के बीच विवाद हो गया था। वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और इसी दौरान हरीश ने रोहित को थप्पड़ जड़ दिया था। इससे रोहित के कान में चोट आई थी। इसी थप्पड़ का बदला लेने के लिए रोहित ने हरीश को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया था। रोहित मंडेला उर्फ राजा मंडेला (21 वर्ष) निवासी हरीपुर लालमणि नवाड़, प्रियांशु बिष्ट उर्फ हन्नु बिष्ट (19 वर्ष) व विशाल बिष्ट (23 वर्ष) निवासी करायल जौलासाल, जीवन बिष्ट उम्र (19 वर्ष) निवासी छड़ायल सुयाल हिमालयन कॉलोनी, उज्जवल परगाई (24 वर्ष) निवासी जीतपुर नेगी, अक्षय रंगवाल उर्फ अक्कू (22 वर्ष) निवासी हल्दूपोखरा नायक व संदीप कुमार (19 वर्ष) निवासी देवलचौड़ शामिल हैं। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि दोनों गुटों के युवकों के गांव आसपास हैं। दोनों में वर्चस्व की लड़ाई बनी रहती है। गिरफ्तार किए गए आरोपी बेहद शातिर हैं। मुख्य आरोपी रोहित मंडेला के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज है।

## लापता अधेड़ का शव धान के खेत में मिला

**किच्छा, एजेंसी।** रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप से आठ दिन से लापता चल रहे व्यक्ति का शव हल्द्वानी रोड पर धान के खेत से बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हल्द्वानी रोड पर प्राग फार्म क्षेत्र के एक खेत में धान की रोपाई कर रहे श्रमिकों ने दोपहर को खेत में मुंह के बल पड़े कीचड़ से लथपथ एक व्यक्ति को देखकर खेत मालिक को सूचना दी। इधर सूचना पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार भी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। मृतक की शिनाख्त चंद्रिका (50) हाल निवासी वार्ड दो ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर व मूल निवासी ग्राम बसगर शक्तिफार्म थाना सितारगंज के रूप में हुई। सूचना पर मृतक के पुत्र अनिल व बॉबी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके पिता बीती 18 जून से घर से लापता था और उनका इलाज मुरादाबाद के एक अस्पताल से चल रहा था। शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए थे। मृतक के पुत्र कई दिनों से पिता की खोजबीन कर रहे थे।

## आंखों के ऑपरेशन के लिए मशीनों का इंतजार, पांच से अधिक मशीनों के लिए सीएमएस ने भेजा प्रस्ताव

**नैनीताल, एजेंसी।**
रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय में उपकरणों की कमी के चलते मरीजों के आंखों के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते लोगों को महंगे दामों में प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराना पड़ रहा है। रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय में उपकरणों की कमी के चलते मरीजों के आंखों के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते लोगों को महंगे दामों में प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराना पड़ रहा है। उधर अस्पताल प्रशासन का कहना है कि आंखों के ऑपरेशन के लिए ए-स्कैन समेत पांच से अधिक उपकरणों के लिए प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। उपकरणों के मिलते ही अस्पताल में ऑपरेशन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। रामनगर अस्पताल में प्रतिदिन चार सौ से पांच सौ की ओपीडी होती है। इसमें पीरूमदारा, ढिकुली, सांवल्दे, क्यारी, मोहान समेत कई दूरस्थ



क्षेत्रों से लोग उपचार कराने के लिए पहुंचते हैं। एक अप्रैल से रामनगर का संयुक्त चिकित्सालय पीपीपी मोड से हटकर स्वास्थ्य विभाग के अधीन आने के बाद से यहां आंखों के ऑपरेशन बंद हैं। इसके चलते यहां आंखों का उपचार कराने आने वालों को लोगों को प्राइवेट अस्पतालों से महंगे दामों में अपना उपचार कराना पड़ रहा है। आपॅरेशन के लिए कई उपकरण आने हैं।

### हादसे के बाद टूटी नींद, बनाए स्पीड ब्रेकर

हल्द्वानी, एजेंसी। बुधवार सुबह फायर स्टेशन के पास दिल दहलाने वाला हादसा होने के बाद अपनी चूक से सबक लेकर लोनिवि ने बृहस्पतिवार को मोड़ के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर बना दिए। हालांकि लोगों का मानना है कि फायर स्टेशन की तरफ बना ब्रेकर हादसा रोकेगा कम, बढ़ाएगा ज्यादा। इसे ठीक अंधे मोड़ पर बनाया गया है, जबकि इसे थोड़ा पहले फायर स्टेशन की ओर से आते वक्त मोड़ पर गाड़ी घुमाते समय ही यह ब्रेकर सामने आएगा। जबकि ब्रेकर का मतलब होता है कि वाहन सवार पहले से अपनी स्पीड कम करे और फिर अंधे मोड़ पर नियंत्रित वाहन के साथ घूमे। हालांकि एसटीएच की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए ब्रेकर पर्याप्त दूरी पर बनाया गया है। हादसे वाली जगह को देखने के लिए बृहस्पतिवार को लोग वहां आते रहे। कइयों को तो घटना की जानकारी भी नहीं थी। जब वह चौराहे पर आए और जानकारी हुई तो कई लोग नहर के पास आकर घटनास्थल पर रुक गए। चाय की दुकान पर भी पूरे दिन यही चर्चा होती रही। अंधे मोड़ से वन अनुसंधान की शुरू होने वाली दीवार तक नहर खुली हुई है।

## जेलकैंप, सितारगंज और शक्तिफार्म ने जीता मैच

**शक्तिफार्म, एजेंसी।** जीआईसी मैदान में आयोजित शक्तिफार्म प्रीमियर लीग (एसपीएल) के पहले दौर के मुकाबले में प्लेयर फॉर पार्टनर जेलकैंप और किंग्स इलेवन सितारगंज ने जीत दर्ज की। बृहस्पतिवार को टूर्नामेंट में तीन मैच खेले गए। पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए प्लेयर फॉर पार्टनर जेलकैंप ने निर्धारित ओवरों में छह विकेट पर 109 रन बनाए। जवाब में शुभम सुपर किंग्स शक्तिफार्म की टीम 80 रन बनाकर ढेर हो गई। पांच विकेट लेने वाले प्रशांत प्लेयर ऑफ द मैच बने। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग्स इलेवन सितारगंज ने छह विकेट पर 146 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शक्तिफार्म वॉरियर्स 105 रन ही बना पाई। पांच विकेट लेकर सरनजोत सिंह प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं तीसरे मैच में शुभम सुपर किंग्स शक्तिफार्म ने राइजिंग पैंथर्स आनंदनगर को 18 रनों से हराया। तीन विकेट और 11 रन बनाने वाले संदीप कुमार मैन ऑफ द मैच रहे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि गोविंद पोखरिया और संजीत राय ने मैच का शुभारंभ किया। मैच में तारक व हर्ष पांडे अंपायर, विक्रम सिंह कमेंटेटर, राहुल स्कोरर रहे।




## अंतिम दौर में जून...मंगल और बुध के साथ युति बनाएगा मून, बूटिय उल्कापात से रोशन होगा आकाश

**नैनीताल, एजेंसी।**
जून माह के अंतिम दिनों में आकाश में लगातार तमाम आकर्षक नजारे देखने को मिलेंगे। इनमें तेज चमक वाला उल्कापात, बुध और चन्द्रमा की युति, शनि और नेपच्यून की नजदीकी और क्रिसेंट मून और मंगल की निकटता आकर्षण के केंद्र रहेंगे। जून माह के अंतिम दिनों में आकाश में लगातार तमाम आकर्षक नजारे देखने को मिलेंगे। इनमें तेज चमक वाला उल्कापात, बुध और चन्द्रमा की युति, शनि और नेपच्यून की नजदीकी और क्रिसेंट मून और मंगल की निकटता आकर्षण के केंद्र रहेंगे। 26 के बाद 27 जून को भी सूर्यास्त के तुरंत बाद पश्चिमी आकाश में बुध ग्रह अर्धचंद्राकार चांद के करीब और अत्यंत आकर्षक नजर आएगा। 27 जून को ही बूटिड उल्कापात अपने चरम पर होगा। आर्य भट्ट शोध एवं प्रेक्षण विज्ञान संस्थान, एरीज, के मोहित जोशी ने बताया कि बूटिड उल्कापात 22 जून से 2 जुलाई तक सक्रिय है यह धीमी और अत्यंत उज्ज्वल उल्काओं के लिए जाना जाता है। यह उल्कापात नैनीताल में पूरी रात दिखाई देगा। 29 जून को शनि और नेपच्यून रात के आकाश में एक साथ बेहद करीब दिखाई देंगे और इसी रात अर्ध चंद्राकार चांद मंगल ग्रह के नजदीक नजर आएगा। संवाद जून माह के अंत में अंधेरी रातों में मिल्की वे का केंद्र, गैलेक्टिक कोर, साफ दिखाई देगा। इस दौरान चांद की कम रोशनी के चलते रातें ज्यादा अंधेरी होने से यह बहुत स्पष्ट नजर आएगा।



## कोटाबाग में धरने पर बैठे विधायक बंशीधर भगत की अचानक तबीयत बिगड़ी



**कालाढूंगी (नैनीताल), एजेंसी।** युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मामले में क्षेत्र में आक्रोश है। विधायक बंशीधर भगत भी धरने पर पहुंचे, लेकिन इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। कोटाबाग में शुक्रवार रात कमल नगरकोटी नामक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया, जिसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक ने पुलिस की पिटाई से परेशान होकर यह कदम उठाया। घटना के विरोध में शनिवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण कोटाबाग पुलिस चौकी के बाहर एकत्र हुए और आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पूरी चौकी को सस्पेंड करने की मांग की। मौके पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत भी पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए डॉक्टरों को मौके पर बुलाना पड़ा, जिन्होंने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। धरने पर बैठे ग्रामीण एसएसपी को मौके पर बुलाने और चौकी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पर अड़े हुए हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहीं, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा कि युवक की मौत जहर खाने से हुई है और मामले की जांच जारी है।

# जापान में पढ़ाई...वहीं शोध करेंगे कुमाऊं विवि के छात्र, विद्यार्थियों के लिए खुलेंगे नए द्वार

**नैनीताल, एजेंसी।**
नैनीताल कुमाऊं विश्वविद्यालय का जापान एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (जेएआईएसटी) के साथ अहम समझौता हो गया है। शुक्रवार को दोनों संस्थानों के बीच सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। नैनीताल कुमाऊं विश्वविद्यालय का जापान एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (जेएआईएसटी) के साथ अहम समझौता हो गया है। शुक्रवार को दोनों संस्थानों के बीच सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान एवं सांस्कृतिक सहयोग को मजबूती प्रदान करेगा। जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष प्रो. मिनोरू तेरानो और कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. डीएस रावत के बीच यह समझौता हुआ है। अब कुमाऊं विश्वविद्यालय के तीन से चार स्नातक विद्यार्थियों को जापान एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में इंटर्नशिप या एक वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इन विद्यार्थियों से प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क और शिक्षण शुल्क



नहीं लिया जाएगा। इसकी सफलता के बाद विद्यार्थियों को जेएआईएसटी से स्नातकोत्तर उपाधि (मास्टर्स डिग्री) प्रदान की जाएगी, जिससे वे भविष्य में उसी संस्थान में पीएचडी के लिए पात्र होंगे। वैश्विक स्तर पर उच्च शोध के इच्छुक के लिए यह लाभकारी होगा। समझौते में विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षकों का आदान-प्रदान भी शामिल है। दोनों संस्थान शिक्षकों को आमंत्रित कर शैक्षणिक विचारों, अनुभवों और अनुसंधान पद्धतियों का साझा करेंगे। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के दिल्ली विवि में कार्यरत रहने के दौरान उन्होंने जेएआईएसटी के साथ इस प्रकार के अकादमिक सहयोग की पहल की थी। इससे कई विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधियां प्राप्त हुईं। अब उन्होंने विवि के लिए भी यह अभिनव पहल की है। यह समझौता उत्तराखंड राज्य के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह समझौता विश्वविद्यालय की वैश्विक रैंकिंग और प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करने में सहायक होगा।

## कंप्यूटर कोर्स पूर्ण होने पर वितरित किए प्रमाणपत्र



**काशीपुर, एजेंसी।**
एसआरएफ फाउंडेशन की स्मार्ट शिक्षा बस की ओर से बेसिक कंप्यूटर लिटरेसी कोर्स (बीसीएलसी) कार्यक्रम का समापन हो गया है। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आयोजित बीसीएलसी बैचों का समापन हो गया है। इस दौरान कंप्यूटर प्रशिक्षण लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य जेपी टम्टा ने डिजिटल जागरूकता स्पीच के साथ कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने बताया कि 26 मई से 21 जून तक 25 दिनों का सर्टिफिकेट कार्यक्रम चलाया गया है। कॉस्मेटोलॉजी, फैशन टेक, मशीनिस्ट, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, फिटर, आईटी आदि ट्रेडों के विद्यार्थियों को कंप्यूटर बेसिक कोर्स कराया गया है। वहां पर डिप्टी ऑफिसर शाहनवाज, फाउंडेशन से निर्मल सिंह, मोहम्मद अर्श, प्रेम सिंह, अरुण कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्राकृतिक उपचार के बारे में बताया

**खटीमा, एजेंसी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से एक निजी स्कूल में 22 से 26 जून तक पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शुद्धि योग व प्राकृतिक आहार उपचार शिविर का आयोजन किया गया । मिट्टी लेप, एनीमा, प्राकृतिक आहार, उपवास, योग, गायत्री जाप आदि से प्राकृतिक उपचार के बारे में बताया गया। प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ जितेंद्र सिंह प्रज्ञ और पन्नालाल की देखरेख में साधकों का उपचार किया गया।

## खड़िया खनन के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए क्या किया -हाईकोर्ट

**नैनीताल, एजेंसी।** कांडा के कई गांवों में ख?िया खनन से आई दरारों के मामले में हाईकोर्ट ने पूछा है कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए व खनन के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बागेश्वर जिले की तहसील कांडा के कई गांवों में ख?िया खनन से आई दरारों के मामले में हाईकोर्ट ने पूछा है कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए व खनन के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। यह जानने के लिए राज्य स्तरीय पर्यावरण अथॉरिटी उत्तराखंड के चेयरमैन डॉ. अमूल्य रतन सिन्हा को कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 30 जून को होगी। कांडा तहसील के ग्रामीणों ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर कहा था कि अवैध खड़िया खनन से उनकी खेतीबाड़ी, घर, पानी की लाइनें चौपट हो चुकी हैं। वहां 147 खड़िया की खदान हैं। वहां पर पोकलैंड जैसी भारी मशीनों से खनन हुआ है। इससे वहां दरारें आई हैं। इस तरह के मिले पत्रों पर मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ स्वतः संज्ञान लेकर पंजीकृत जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान जिला खान अधिकारी ने बताया कि गड्ढों को भरने के संबंध में उत्तराखंड भूजल प्राधिकरण को एजेंसी बनाया गया है। जबकि याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उत्तराखंड भूजल प्राधिकरण का गठन नहीं हुआ है। इस पर कोर्ट ने कहा कि गड्ढे भरने के संबंध में जिला खान अधिकारी व उत्तराखंड के सचिव सिंचाई के नामित भूजल एक्सपर्ट कार्य करेंगे, जिसकी निगरानी केंद्रीय भूजल बोर्ड और केंद्रीय भूतत्व सर्वे की मौजूदगी में होगा। पूर्व में कोर्ट ने तीन सदस्यीय अधिकार प्राप्त समिति की अगुवाई में बागेश्वर जिले की खड़िया खदानों की सामग्री की नीलामी की अनुमति दे दी थी। स्टाक के निस्तारण के लिए बनाई गई नीलामी कमेटी को भी हाईकोर्ट अंतिम रूप दे चुका है। जिला खनन अधिकारी नाजिया हसन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। कोर्ट ने नीलामी प्रक्रिया को छह सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं कोर्ट ने सरकार को खड़िया खनन के फलस्वरूप हुए गड्ढों को सीजीडब्ल्यूबी की अगुवाई में भरने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने फिलहाल अल्मोड़ा मैग्नेसाइट खदान को खोलने की अनुमति नहीं दी।

# आपातकाल में एक काला अध्याय जोड़ा गया: रेखा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान का गला घोंटकर लोकतंत्र की हत्या कर देश में एक काला अध्याय जोड़ दिया गया। श्रीमती रेखा गुप्ता ने शनिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की ओर से आयोजित मॉक पार्लियामेंट में शामिल होने के बाद पत्रकारों से कहा कि इसमें आपातकाल 50 वर्ष पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें इसमें भाग लेकर बहुत अच्छा लगा कि वह महिलाएं जो राजनीतिक प्लेटफार्म पर काम करती है उनको भी इस बात का पुख्ता ज्ञान होना चाहिए कि 25 जून 1975 को इस देश में क्या हुआ। आपातकाल के दौरान लगातार 21 महीने तक देश को जेल में तब्दील किया गया लाखों लोगों को जेल भेज दिया गया। उसके पीछे सिर्फ एक कारण सत्ता और सिंहासन का लोभ था। उन्होंने कहा कि इस दौरान संविधान का गला घोंटा गया और लोकतंत्र की हत्या कर देश में एक काला अध्याय जोड़ दिया गया। आज इस मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से महिलाओं ने उस अध्याय का ज्ञान हासिल किया कि कैसे भारत में लोगों ने अन्याय देखा और सहा था। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम देश के अलग-अलग हिस्सों में होना चाहिए। कोई भी सरकार देश में संविधान से ऊपर नहीं है। संविधान की अवमानना करने वाले का दंश देश को झेलना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आपातकाल की 50वीं बरसी पर दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा महाराष्ट्र सदन में आयोजित मॉक पार्लियामेंट में लोकतंत्र की हत्या के उस काले अध्याय पर अपने विचार साझा किए। 1975 में सिर्फ एक परिवार की सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस सरकार ने पूरे देश को एक खुली जेल में तब्दील कर दिया था। हजारों देशभक्तों को बिना किसी मुकदमे के जेलों में डाल दिया गया। आज जो लोग संविधान की दुहाई देते हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि भारत की आत्मा को सबसे गहरा आघात कांग्रेस की ही तानाशाही ने पहुँचाया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय और संविधान के मूल्यों का गला घोंटकर संविधान की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति, राष्ट्र शक्ति बन रही है। महिलाओं को आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन और स्वच्छ जल जैसी बुनियादी सुविधाएं मिली हैं। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति और महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से लोकतंत्र में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। अब समय है हम महिलाएं न केवल जागरूक बनें, बल्कि जिम्मेदारी लें और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं।

## दिल्ली के स्कूलों में गुजरात मॉडल की तर्ज पर होगी पढ़ाई, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने किया सूरत का दौरा

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सूरत के एक स्कूल का दौरा किया और वहां की शिक्षा प्रणाली की प्रशंसा की। उन्होंने दिल्ली के स्कूलों में भी गुजरात की तरह आधुनिक सुविधाएं लाने की बात कही। सूद ने दिल्ली के शिक्षा मॉडल को विफल बताते हुए गुजरात के सरकारी स्कूलों में हुए बदलावों को सराहनीय बताया। नई दिल्ली। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को गुजरात के सूरत शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उधना क्षेत्र स्थित सुमन हाईस्कूल नंबर 6, का निरीक्षण कर वहां की अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली का अध्ययन किया। ये स्कूल सूरत महानगरपालिका के अधीन संचालित हो रहा है।सूद ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्रों द्वारा स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई की प्रक्रिया को देखा। इसके अलावा, उन्होंने एआई और रोबोटिक्स लैब का भी निरीक्षण किया, जहां छात्रों ने उन्हें ड्रोन, थ्रीडी प्रिंटर और एडवांस सिक्योरिटी सेंसर से जुड़ी प्रोजेक्ट गतिविधियों की जानकारी दी।

## बीजेपी जहां झुग्गी वहां मकान का वादा तोड़ जहां झुग्गी वहां मैदान बना रही है और गरीबों की आवाज दबा रही है: सौरभ भारद्वाज





नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। गरीब विरोधी बीजेपी सरकार द्वारा दिल्ली में गरीबों की झुग्गियां तोड़ने के खिलाफ आम आदमी पार्टी रविवार को विशाल प्रदर्शन करेगी। दिल्ली के जंतर मंतर पर सुबह 10 बजे होने वाले इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता व पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज समेत तमाम बड़े नेता शामिल होंगे और गरीबों की झुग्गियां बचाने के लिए उनकी आवाज बुलंद करेंगे। आप द्वारा विशाल प्रदर्शन के मद्देनजर झुग्गी संवाद अभियान चलाया गया था, जिसे झुग्गीवालों का जबरदस्त समर्थन मिला है। अब रविवार को पूरी दिल्ली से बड़ी तादात में झुग्गीवाले प्रदर्शन में शामिल होंगे और ह्यजहां झुग्गी वहां मकानह्न देने का वादा पूरा होने के बाद ही झुग्गियां तोड़ने की पुरजोर मांग उठाएंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत बीजेपी के तमाम बड़े नेताओं ने गरीब झुग्गीवालों से वादा किया था कि जहां झुग्गी है, वहां मकान बनाकर देंगे। बीजेपी के झांसे में आकर गरीबों ने वोट देकर उनकी सरकार बनवा दी। सरकार बनने के चंद दिनों बाद ही बीजेपी इन गरीबों की झुग्गियां उजड़ना शुरू कर दिया है। अब तक करीब 10 हजार झुग्गियां तोड़ी जा चुकी हैं और एक लाख से अधिक गरीब झुग्गीवाले बेघर हो चुके हैं। इनके पास रहने का कोई ठिकाना नहीं है। बीजेपी ने जिन लोगों को मकान दिया भी तो वह काफी दूर दिया है, जहां कोई बुनियादी सुविधा नहीं है। जबकि काफी लोगों को अपात्र बताकर मकान नहीं दिया गया है और ये लोग सड़क पर रहने क लिए मजबूर हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी गरीब विरोधी है। वह दिल्ली से गरीबों को बाहर निकालना चाहती है। इसलिए वह एक-एक झुग्गियों को उजाड़ रही है। आने वाले दिनों में दिल्ली की कई और झुग्गियों पर बुलडोजर एक्शन होने वाला है। ऐसे में सभी झुग्गीवालों को एकजुट होकर अपनी आवाज उठानी जरूरी है। आम आदमी पार्टी हमेशा इन गरीब झुग्गीवालों के साथ खड़ी रही है। अरविंद केजरीवाल ने झुग्गी बस्तियों में सारी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराकर उन्हें सम्मान की जिंदगी दी थी, लेकिन बीजेपी की सरकार उन्हें उजाड़ने पर तुली हुई है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी की इस तानाशाही रवैए को लेकर पूरी दिल्ली के गरीबों में भारी आक्रोश है और ये लोग अपनी आवाज बुलंद करने के लिए तैयार हैं। ह्लआपह्व द्वारा चलाए गए झुग्गी संवाद को जिस तरह झुग्गीवालों का जबरदस्त समर्थन मिला है, इससे साफ है कि रविवार को होने वाले आम आदमी पार्टी के विशाल प्रदर्शन को भारी समर्थन मिलेगा। प्रदर्शन में पूरी दिल्ली की जनता शामिल होंगी। आम आदमी पार्टी सबसे अपील करती है कि बीजेपी की तानाशाही और गरीबों पर हो रहे बुलडोजर एक्शन के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं और गरीब विरोधी बीजेपी सरकार को होश में लाएं। गरीबों को बचाने के लिए जनता और आम आदमी पार्टी के आंदोलन में हिस्सा लें और अपनी आवाज को बुलंद करें।

## संक्षिप्त खबरें

### बवाना में प्लास्टिक फैक्ट्री में आग, 5 घंटे तक ब्रंटो क्रेन समेत 25 दमकल गाड़ियां जूझीं

बाहरी दिल्ली। बवाना औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-4 स्थित ए-31में नगर निगम के लाइसेंस के बिना चल रही प्लास्टिक फैक्ट्री में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। बेसमेंट समेत दो मंजिला इस फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने के लिए पांच घंटे तक और ब्रंटो समेत 25 दमकल गाड़ियों की सहायता से आग को नियंत्रित किया गया। दमकल कर्मचारियों ने इमारत की दीवार में कई जगह किए छेद गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल कर्मचारियों ने फैक्ट्री की इमारत की दीवार में कई जगह छेद किए और बहुमंजिला इमारतों में आग बुझाने में इस्तेमाल होने वाली ब्रंटो गाड़ी की मदद से पानी की धार फैक्ट्री परिसर के भीतर फेंकी गई। अभी आग लगने के कारण सामने नहीं आए हैं। इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट का अनुमान लगाया जा रहा है। इस फैक्ट्री में प्रवेश व निकासी के लिए एक ही द्वार है। यह भी पढ़ें : रिठाला अग्निकांड: जांच में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य, ऐसे बची थीं 5 जिंदगियां; चार की हुई थी मौत दो दिन पहले रिठाला में फैक्ट्री में लगी थी आग राजधानी में फैक्ट्रियों में आग लगने की घटनाएं थम नहीं रहीं। दो दिन पहले रिठाला में फैक्ट्री में आग लगने से चार लोगों की मौत की घटना के बाद शुक्रवार को बवाना में भीषण आग लग गई। बवाना औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-4 स्थित ए-31 फैक्ट्री में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को शुक्रवार सुबह 4:15 बजे पर मिली। भीषण आग को देखते हुए एक के बाद एक 25 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। आग बुझाने के लिए ब्रंटो गाड़ी को भी बुलाया गया। कुछ समय बाद ब्रंटो में तकनीकी दिक्कत आ गई, इसके बाद एडब्ल्यूटी दमकल गाड़ी को लगाया गया। मौके पर पहुंचे दिल्ली अग्निशमन सेवा के डिप्टी चीफ फायर आफिसर एमके चटोपाध्याय ने बताया कि यह फैक्ट्री बेसमेंट, ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर में चल रही थी। इस फैक्ट्री में वेस्ट से प्लास्टिक दाना बनता था। उन्होंने बताया कि अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग बुझने के बाद सर्च अभियान चलाया गया।

### दिल्ली के गेस्ट टीचर्स को सरकार ने दी बड़ी राहत, सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की होगी पुनर्नियुक्ति

नई दिल्ली। राजधानी के सभी सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षक को शिक्षा निदेशालय ने बड़ी राहत दी है। 11 मई से बिना काम के गुजारा कर रहें इन अतिथि शिक्षकों की शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में दोबारा पुनर्नियुक्ति की है। निदेशालय ने सभी अतिथि शिक्षकों को आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एक जुलाई 2025 तक संबंधित स्कूलों में अनिवार्य तौर पर रिपोर्ट करने को कहा है। निदेशालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई अतिथि शिक्षक एक जुलाई से तीन कार्यदिवस के अंदर स्कूल में रिपोर्ट नहीं करता है, तो यह मान लिया जाएगा कि वह पुनर्नियुक्ति में रुचि नहीं रखता। ऐसी स्थिति में उसकी जगह किसी अन्य शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी। निदेशालय ने कहा कि जो अतिथि शिक्षक दुर्व्यवहार, अनुशासनहीनता या बिना अनुमति के इस्तीफा देने जैसे कारणों से हटा दिए गए थे, उन पर यह पुनर्नियुक्ति आदेश लागू नहीं होगा। ऑनलाइन माध्यम से ज्वाइनिंग की अनुमति निदेशालय ने सभी स्कूल प्रधानाचार्यों को आदेश दिया कि वे एक जुलाई 2024 से 30 जून 2025 के बीच कार्यरत सभी अतिथि शिक्षकों के लिए आनलाइन अनुभव प्रमाणपत्र जारी करें। निदेशालय ने कहा कि जो महिला अतिथि शिक्षक गर्मियों की छुट्टी के दौरान मातृत्व अवकाश पर थीं, उन्हें ऑनलाइन माध्यम से ज्वाइनिंग की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन उन्हें छुट्टी की गणना में राहत नहीं मिलेगी।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए



नई दिल्ली,। दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। इनमें से पांच ह्यट्रांसजेंडरह्न के भेष में रह रहे थे। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से सात के फोन में प्रतिबंधित मैसेजिंग ऐप मिले हैं जिनके जरिये वे बांग्लादेश में अपने परिजनों से बात करते थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहली कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 100 झुग्गियों और 150 गलियों को घेर कर सत्यापन अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान शुरूआत में बचने की कोशिश की, लेकिन बाद में बांग्लादेशी नागरिक होने की बात कबूल कर ली। बाद में जांच के दौरान उसके परिवार के सदस्यों का भी पता लगाया गया। पुलिस ने बताया कि कुल 13 बांग्लादेशी नागरिक वैध कागजात के रहते हुए मिले। अधिकारी ने बताया कि दूसरी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जो पहचान छिपाने के लिए ट्रांसजेंडर बने हुए थे। पुलिस ने बताया कि सभी 18 लोगों को विस्तृत पूछताछ और दस्तावेजीकरण के लिए विदेश प्रकोष्ठ में स्थानांतरित किया गया। उनके पास से सात मोबाइल फोन बरामद किये गये जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल किए गए थे।

## एनसीआर में दो दिनों का येलो अलर्ट, इस सप्ताह बारिश के साथ तापमान में रहेगी गिरावट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। 28 और 29 जून को क्षेत्र में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वेबसाइट पर जारी जानकारी के अनुसार, इन दो दिनों के दौरान दिन और रात में बिजली की चमक, बादलों की गरज के साथ बारिश हो सकती है।मौसम विभाग के अनुसार, 28 जून को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनततापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इस दिन शाम और रात के समय आंधी-तूफान, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। ह्यूमिडिटी का स्तर 70 से 55 प्रतिशत के बीच बना रहेगा। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक 29 जून को हालात और अधिक सक्रिय हो सकते हैं। पूरे दिन सुबह, दोपहर, शाम हर समय गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। तापमान थोड़ा गिरकर अधिकतम 33 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री तक रहेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 30 जून को मौसम कुछ शांत रहेगा। बादल छाए रहने और मध्यम बारिश की संभावना है, लेकिन कोई चेतावनी नहीं दी गई है। 1 जुलाई को गरज के साथ बारिश हो सकती है, परंतु चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं 2 और 3 जुलाई को भी बारिश या गरज-चमक हो सकती है, लेकिन दोनों ही दिनों के लिए ह्लनो वार्निंगह्व दी गई है। तापमान 33झ्र35 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है और न्यूनतम तापमान 26झ्र27 डिग्री के आसपास रहेगा। सप्ताह की शुरूआत में जहां अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक पहुंच रहा है, वहीं सप्ताह के अंत तक यह गिरकर 33झ्र34 डिग्री तक आने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान भी 27 से घटकर 26 डिग्री तक आ सकता है, जिससे गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

## शाहदरा युवक हत्याकांड: लव एंगल आया सामने, यश की मां बोलीं- लड़की से करता था प्यार, साजिश के तहत उसे मारा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । शाहदरा के गीता कॉलोनी में 19 वर्षीय यश की हत्या के मामले में प्रारंभिक जांच में पुलिस ने इसे रोडरेज से जोड़ा था। लेकिन यश की मां के बयान के अनुसार, हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का एंगल सामने आया है। मां का दावा है कि यश का एक लड़की से प्रेम संबंध था, जिसके चलते साजिश के तहत उसकी हत्या की गई। 19 वर्षीय यश की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को शिकाय्ात के आधार पर गिरफ्तार किया, जिनमें से एक नाबालिग है। कुछ रिपोर्ट्स में तीसरे संदिग्ध की भी बात सामने आई है। आरोप है कि तीनों ने यश का गीता कॉलोनी पुस्ता फ्लाईओवर पर पीछा किया, फिर उसकी पीठ पर चाकू से कई बार वार किया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रेम प्रसंग की पुष्टि को लेकर सबूत जुटाए जा रहे हैं। मृतक की मां ने कहा, मेरा इकलौता बेटा था। मुझे और मेरे बेटे को इंसाफ चाहिए। इसीलिए, इस पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। सीबीआई जांच से ही सारी बात सामने आएगी। मां ने कहा, ह्वयश ने बताया था कि जिस लड़की से प्यार करता था, वह कई और लड़कों से बात करती थी। इस वजह से वह काफी परेशान था। हालांकि, मैंने उसे समझाया था। मेरा बेटा जिस लड़की से प्यार करता था, हम उसकी शादी कराने के लिए भी तैयार थे। मृतक की मां ने कहा कि आरोपी और उसका परिवार यश के पिता की फैक्ट्री में काम कर चुके हैं। वहीं, दूसरी ओर स्थानीय विधायक ने मृतक की मां को भरोसा दिलाया है कि आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि केस इतना मजबूत बनाया जाएगा कि आरोपियों को कोर्ट से सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए। बावजूद इसके मृतक की मां सीबीआई जांच की मांग कर रही है।

## नौकरी दिलाने वाले के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस ने उस साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो सोशल मीडिया मंचों पर होटल और रेस्तरां को रेटिंग देने से जुड़ी फर्जी अंशकालिक नौकरियों की पेशकश करके कथित तौर पर लोगों के साथ धोखाधड़ी करता था। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। फैशन डिजाइनिंग की 32 वर्षीय एक छात्रा के साथ जालसाजों द्वारा 90,800 रुपये ठगे जाने की शिकायत के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में अंशुल कुमार (20) और संदीप (19) को 20 जून को जबकि राजेंद्र (23) और रवींद्र (20) को 22 जून को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंथिया ने बताया कि कुल मिलाकर, विभिन्न जिलों और राज्यों में समान बैंक खातों से जुड़ी 15 शिकायतें सामने आईं। अधिकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता को सोशल मीडिया पर एक संदेश मिला जिसमें होटल और रेस्तरां को रेटिंग देने से जुड़ी फर्जी अंशकालिक नौकरियों की पेशकश की गई थी। उन्होंने बताया कि शुरू में उसे कुछ राशि दी गई, जिससे उसे उन पर भरोसा हो गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद उसे 90,800 रुपये निवेश करने को कहा गया, जिसके बदले में अच्छा मुनाफा मिलने का झांसा दिया गया, लेकिन बाद में कोई पैसे नहीं लौटाए गए और ठग बार-बार और पैसे मांगते रहे। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान सामने आया कि अंशुल और संदीप ने अपने बैंक खातों को राजेंद्र और रवींद्र को दो प्रतिशत कमीशन पर उपलब्ध कराया था। इसके बाद इन खातों को विजय नाम के एक व्यक्ति को तीन प्रतिशत कमीशन पर बेचा गया, जो फिलहाल फरार है। पुलिस ने चार मोबाइल फोन, पांच सिम कार्ड, दो बैंक पासबुक जब्त की हैं। पुलिस को संदेह है कि ठगी के पैसों को आरोपी यूएसडीटी नाम की क्रिप्टोकरेंसी में बदलते थे।

## दिल्ली में दो लोग गिरफ्तार प्रतिबंधित चीनी मांझा बरामद



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से प्रतिबंधित चीनी मांझा के 1,100 से अधिक रोल बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। चीनी मांझा कांच और प्लास्टिक से तैयार किए जाने के कारण मनुष्यों और पशुओं के लिए खतरनाक माना जाता है। उन्होंने बताया कि आरोपियों राजू चौरसिया (51) और अरीब खान (22) को क्रमशः उत्तम नगर और कमला मार्केट से गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 26 जून को पहले अभियान में पुलिस ने उत्तम नगर में एक दुकान-सह-गोदाम पर छापा मारा और चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि सोम बाजार रोड स्थित उसके परिसर में रखे चीनी मांझा के 922 रोल बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से प्रतिबंधित मांझा बेचने की बात स्वीकार की। अधिकारी ने बताया कि उसने पुलिस को बताया कि वह अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के लिए इसे स्थानीय दुकानदारों और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से बेचता था। पुलिस ने बताया कि इससे पहले 2022 में भी उस पर इसी तरह के आरोप दर्ज किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य मामले में पुलिस ने 27 जून को रामलीला मैदान के निकट कमला मार्केट इलाके से खान को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उसके पास से प्रतिबंधित मांझा के 248 रोल बरामद किये गये। दरियागंज निवासी खान पहले कपड़े की एक दुकान पर काम करता था और अधिक मुनाफा कमाने के लालच में आकर वह मांझा के अवैध व्यापार में शामिल हो गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 (बी) (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

## दिल्ली: जीटीबी अस्पताल के निकास द्वार के उपयोग को लेकर हुई झड़प में मेडिकल कॉलेज का प्रोफेसर घायल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में मरीज से मिले आए तीन लोगों और स्टाफ कॉलोनी के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के सदस्यों के बीच निकास द्वार के इस्तेमाल को लेकर हुए झगड़े में मेडिकल कॉलेज के एक प्रोफेसर घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने बताया, शुक्रवार शाम को अस्पताल में एक मरीज से मिलने दो मोटरसाइकिलों पर आए तीन लोग आवासीय कॉलोनी के गेट से बाहर निकल रहे थे, तभी आरडब्ल्यूए सदस्यों ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता, अस्पताल से संबद्ध मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. कुलदीप और आरडब्ल्यूए के चार-पांच सदस्यों ने मरीज से मिलने आए लोगों से बहस की और कॉलोनी निवासियों के लिए बने गेट का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई। पुलिस ने बताया कि इस दौरान तीखी नोकझोंक हुई जो जल्द हाथापाई में बदल गई, जिसमें डॉ. कुलदीप के माथे के पास मामूली चोट आई है। एक अधिकारी ने कहा, इस घटना में शामिल तीन लोगों में से एक पहले इस कॉलोनी का निवासी था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तो सुरक्षा गार्ड और शिकायतकर्ता ने जानबूझकर गेट बंद कर दिया, जिसके बाद उन्हें घेर लिया गया और बाहर निकलने नहीं दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए जीटीबी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक के साथ बैठक भी तय की गई है।

## छोटे विवाद ने ले ली जान: गीता कॉलोनी में युवक की चाकूबाजी में मौत





शाहदरा जिले के गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी गार्डन में शुक्रवार रात एक मामूली स्कूटी टकराव का मामला हिंसक रूप ले बैठा, जिसमें 20 वर्षीय युवक यश की चाकू लगने से मौत हो गई। रात करीब 9:41 बजे घायल अवस्था में यश को लक्ष्मी नगर स्थित अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि स्कूटी के स्पर्श मात्र को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते जानलेवा हो गया। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक यश गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास पहुँच रहा था, तभी आरोपियों ने उसका पीछा किया। आरोपियों में शामिल अमान, लक्की और एक किशोर आरोपी द्वारा पीछा किए जाने के दौरान अमान ने यश की पीठ के निचले हिस्से में चाकू घोंप दिया। इस हमले में यश की घटनास्थल पर ही हालत बिगड़ गई और बाद में मौत हो गई। हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी की प्रक्रिया पुलिस द्वारा अभी जारी है। गीता कॉलोनी के एसएचओ सत्यवान लठवाल के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों – अमान, लक्की और एक नाबालिग किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती कर दी गई है और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## मुनिश्री विधानन्द जी की शताब्दी पर 100 का स्मृति सिक्का और डाक टिकट जारी





आज सम्पूर्ण जैन समाज के लिए गौरव का दिवस रहा जब पूज्य सिद्धांत चक्रवर्ती श्वेतपिच्छाचार्य मुनिश्री विधानन्द जी मुनिराज की 100वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर भारत सरकार द्वारा 100 का विशेष स्मृति सिक्का एवं एक स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। यह भव्य आयोजन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ, जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने कर कमलों से इस ऐतिहासिक लोकार्पण को संपन्न किया। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में मुनिश्री के तप, त्याग और समर्पण को भारत की आध्यात्मिक धरोहर बताया और कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब राष्ट्रसंत परंपराचार्य श्री प्रज्ञसागर जी मुनिराज, राष्ट्रसंत मुनिश्री लोकेश मुनि जी, सहित अनेक तपस्वी संतों, समाजसेवियों एवं जैन समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मुनिश्री विधानन्द जी के द्वारा स्थापित सिद्धांतों, आचार विचार, और जीवन की पवित्रता को रेखांकित किया। यह आयोजन केवल सम्मान नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक वैचारिक प्रेरणा का माध्यम बना। जारी किया गया स्मृति सिक्का और डाक टिकट केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि मुनिश्री विधानन्द जी के त्याग और संस्कृति के जीवंत दस्तावेज के रूप में इतिहास में दर्ज हो गया है। यह पूरे जैन समाज के लिए आत्मगौरव और राष्ट्रीय मान्यता का प्रतीक है। यह अवसर समाज के हर वर्ग को प्रेरणा देता है कि वह अहिंसा, संयम और संस्कृति के मूल संदेश को अपनाते हुए उसे देश-दुनिया तक पहुँचाए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिये अधिग्रहीत जमीन का डीएम ने किए भौतिक निरीक्षण

दरभंगा। कौशल कुमार जिलाधिकारी कौशल कुमार ने हवाई अड्डा को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने के लिए अधिग्रहीत की गई जमीन स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अधिग्रहित की गई जमीन में पड़ने वाले ग्रामीण सड़क को,वैकल्पिक सड़क बनाने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से समन्वय कर सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को निर्देश दिया। साथ ही एयरपोर्ट के लॉजिस्टिक के लिए अतिरिक्त 50 एकड़ भूमि हेतु स्थल भ्रमण किया गया।इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद,सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग आदि पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### बीएलओ की हुई बैठक

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड के बीएलओ एवं सुपरवाईजर की बैठक पंचायत समिति भवन के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ देवेंद्र कुमार ने किया। निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद रंजन भी मौजूद थे ।बैठक में मतदाता सूची विशेष ग्रहण पुनरीक्षण घर घर जाकर मतदाता पंजीकृत मतदाताओं में पी प्रिंटेड फोटो गणना पत्र उपलब्ध कराएंगे और मतदाता को गणना पत्र को आवश्यक स्व प्रमाणित दस्तावेज के साथ सलगन कर तथा घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर बीएलओ को उपलब्ध कराएंगे। मौके पर संतोष कुमार चौरसिया सहित सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर मौजूद थे।

### लापता बालक सकुशल बरामद

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के सलखन्नी वार्ड 12 में शुक्रवार की सुबह से लापता चार वर्षीय बालक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला को पुछताक्ष के लिए हिरासत में लिया है। लापता बालक अवधेश कुमार के पिता संजय कुमार ने जब शुक्रवार की संध्या में लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई तो स्थानीय पुलिस सक्रियता दिखाते हुए गांव की ही एक महिला को शक के आधार पर हिरासत में लिया और उससे कराई से पुछताक्ष की तब मामले खुलासा हो गया। महिला द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने रोसड़ा थाने के बाघोपुर गांव से बालक को बरामद कर लिया। चर्चा है कि महिला ने 80 हजार रुपये में उस बालक का सौदा कर खेलते हुए बालक को उठाकर अपने एक रिश्तेदार के यहाँ बाघोपुर पहुँचा दिया था। बताया जाता है कि इस काम के लिए महिला ने पहले से ही एडवांस भी ले रखा था। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि लापता बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया है। घटना की आरोपी महिला लालपरी देवी को भी हिरासत में लिया गया है। जिससे पुछताक्ष के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई एएनएम की बैठक

कल्याणपुर समस्तीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर के सभागार में 23 हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर सह स्वास्थ्य उपकेंद्र के सभी एएनएम का दिशा हेल्थ इंडिया चैट जीटीपी के जरिये स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ क्विज प्रतियोगिता , नियमित टीकाकरण , सर्वे रजिस्टर डियूलिस्ट के बारे में विस्तृत रूप से उन्मुखीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य संबंधी अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए जानकारी गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मो.हैदर के द्वारा मीटिंग में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित एएनएम का उक्त तिथि का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का आदेश दिया है। बैठक में बीएमसी शंकर सुमन , रणधीर सिंह , डब्ल्यूएचओ मॉनिटर सुरेन्द्र प्रसाद फार्मासिस्ट नीरज सिंह , एएनएम आशा कुमारी , रीता कुमारी , नीलम कुमारी , प्रीति कुमारी , कविता कुमारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर डीएम ने की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने सभी निर्वाचक निबंधन यक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बैठक कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य का पूरा खाका बताया। सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ आयोग के मानक एवं दिशानिर्देश के अनुरूप मिशन मोड में ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। इस अभियान के तहत कोई भी योग्य व पात्र मतदाता नहीं छूटे, इसके लिए विशेष ध्यान देते तथा सावधानी बरतने को कहा गया है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्य योजना के अनुरूप सभी बीएलओ को घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र का वितरण करने, भरे हुए प्रपत्र को ससमय प्राप्त करने तथा बीएलओ एप्प पर अपलोड करने का स्पष्ट निर्देश दिया। 25 जून से शुरू यह कार्य 26 जुलाई 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को सक्रिय एवं तत्पर होकर पूरी जवाबदेही से ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में बीएलओ के संपूर्ण कार्य के बारे में जानकारी दी गई।उन्हें प्रत्येक घर जाकर पहले से भरे हुए गणना प्रपत्र (दो प्रतियों में) वितरित करना है और उन्हें भरने में मतदाताओं को अपेक्षित सहयोग करना है। ऑनलाइन फॉर्म भरने वालों के दस्तावेजों का सत्यापन भी बीएलओ को मतदाता के घर पर जाकर ही किया जाएगा। यदि किसी मतदाता ने ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म और दस्तावेज अपलोड किए हैं तो बीएलओ उनके घर जाकर दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। 1ली जुलाई 1987 से पूर्व जन्म लिए मतदाता को सिर्फ जन्मतिथि, जन्म स्थान के लिए डॉक्यूमेंट देना है , कोई अन्य डॉक्यूमेंट नहीं देना है। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि बीएलओ के रूप में कार्यरत कर्मी शिक्षक,सेविका, सहायिका सोमवार से शनिवार तक सिर्फ गहन पुनरीक्षण का कार्य करेंगे, इस अवधि में उन्हें अपने स्कूल या अन्य पदस्थापन स्थल पर जाने की जरूरत नहीं है। जिलाधिकारी स्वयं क्षेत्र भ्रमण कर गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण करेंगे तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर कार्य में प्रगति एवं सुधार लायेंगे। उन्होंने वास्तविक मतदाताओं यथा विशेष रूप से वृद्ध, बीमार, दिव्यांगजन, गरीब तथा अन्य वंचित वर्गों को किसी प्रकार की परेशानी न हो , उन्हें हर संभव सुविधा प्रदान की जाए, इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश जिलाधिकारी को दिया है।बैठक में नगर आयुक्त विक्रम विरकर, अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संबद्ध थे।

## गरीबों को जल-नल योजना से नहीं मिल पा रही पेयजल की सुविधा: अजीत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता ई॰ अजीत कुमार ने शुक्रवार को मडवन प्रखंड के कई गांव में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्या सुनी एवं मौके पर अधिकारियों से बात कर कई मामलों का निष्पादन कराया। क्षेत्र के मखदुमपुर कोदरिया, खलीलपुर नोनिया टोला, खलीलपुर मठ टोला एवं बोड़बारा गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गरीब तबके के लोगों ने भाग लिया। पूर्व मंत्री के समक्ष ग्रामीणों ने नल जल योजना की जर्जरता, विद्युत विभाग द्वारा एग्रीकल्चर कनेक्शन देने में की जा रही लापरवाही, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का अर्हता रखने के बावजूद उसका लाभ नहीं मिलने तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज करने में बीएलओ द्वारा की जा रही आनाकानी जैसे मामले को गंभीरता से उठाया। पूर्व मंत्री ने मौके पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के संवेदक व अधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर कड़े लहजे में उन्हें सरकार के सोच के अनुरूप कोदरिया, खलीलपुर, बोड़बारा के गरीबों को शुद्ध पेयजल की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराने एवं किसानों के बीच एग्रीकल्चर कनेक्शन खरीफ के बुआई से पूर्व हर हालत में उपलब्ध कराने को कहा। श्री कुमार ने नल जल योजना की जर्जरता पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा की एक तरफ सरकार इस योजना के माध्यम से हर एक गरीब परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं अधिकारियों के शिथिलता के वजह से क्षेत्र के अधिकांश जन जल योजना जर्जर हालत में है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले को संज्ञान में लेकर तुरंत कार्रवाई करने एवं गरीबों के घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक के शिथिलता के कारण कांटी क्षेत्र के गरीब बस्ती के लोग मूलभूत समस्या से आज भी वंचित है जनसंवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता मो॰ शमीम ने किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता जयकिशन चौहान, जगलाल चौहान, सुन्देश्वर चौहान, शंभु महतो, लच्छू महतो, हरिनंदन राम, विनोद शर्मा, विकास कुमार, परशुराम राम, उमेश सिंह, शंकर पासवान, भोला शुक्ला, पप्पू मिश्रा, शशिभूषण साह, अमरनाथ ठाकुर, राजकुमार पासवान आदि लोगों ने कार्यक्रम में अपनी महती भूमिका निभाई।

## डीएसपी राघव दयाल ने देवधा थाना का निरीक्षण कर लंबित कांडो के समीक्षा कर निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**विधि व्यवस्था आगामी पर्व त्योहार को लेकर विशेष चौकसी बरते पुलिस : डीएसपी राघव दयाल**



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर नवपदस्थापि अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल योगदान देने साथ कार्यभार संभालते हुए शुक्रवार देर शाम इंडो नेपाल सीमांचल क्षेत्र स्थित जयनगर अनुमण्डल के देवधा थाना पहुँच कर थाना का औचक निरीक्षण कर थाना अध्यक्ष के कक्ष में पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। देवधा थाना में पदस्थापित थाना अध्यक्ष व पुलिस पदाधिकारीयों , कर्मियों और चौकीदारों से बारी बारी सभी से परिचय कर क्षेत्र के विधिव्यवस्था और कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएसपी के द्वारा थाना परिसर , हाजत, समेत अन्य भवनों , जब्त वाहनों का भी निरीक्षण किया।थाना कार्यलय में थाना अध्यक्ष प्रीति भारती समेत पुलिस पदाधिकारी अनुसंधानकर्ता के साथ समीक्षा बैठक की और सिरिस्ता , स्टेशन डायरी, और विभागीय कागजातों की जाँच कर लंबित कांडो की समीक्षा कर कई दिशा निर्देश दिये। डीएसपी के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान थाना अध्यक्ष समेत पुलिस पदाधिकारीयों, चौकीदारों और कर्मियों को कहा कि सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों कार्यो का सही से निर्वहन करते हुए क्षेत्र में विधि व्यवस्था, अपराधियों की धर पकड़, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, बॉर्डर क्षेत्र होने की वजह से आवगमन करने वाले लोगों व असमाजिक और अवांछित लोगों पर पैनी नजर रखने , शराब, नशीला पदार्थ वस्तुओं , जाली नोट के कारोबार शराब कारोबारीयों की धर पकड़ और शराब जब्त में तेजी नकेल और सख्ती से पालन करने, निरन्तर दिवा ,संध्या और रात्रि गश्ती निरन्तर करने ,

क्राइम कंट्रोल और सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने, लंबित कांडों का निष्पादन जल्द करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस पदाधिकारियों को कार्यो के प्रति जवाबदेह होने, लोंगो में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने और कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जायेगी समेत आगामी पर्व त्योहार को ले विशेष चौकसी बरतने समेत कई आदि निर्देश भी दिये। चौकीदारों को भी विशेष निर्देश देते कहा क्षेत्र में विधिव्यवस्था और शराब मामले में जीरो टोरलेन्स पर कार्य हो और अच्छे कार्य करने वाले सम्मानित किए जाएंगे और रिवार्ड मिलेगा। पब्लिक पुलिस फ्रेंडली रिश्ता बनाकर कार्य करने पर भी बल दिया। निरीक्षण और समीक्षा बैठक के दौरान थाना अध्यक्ष प्रीति भारती और पुलिस पदाधिकारी व कर्मिगण उपस्थित थे।

## विद्यालय शिक्षा समिति गठन के दौरान शिक्षक के साथ हुई मारपीट, घायल



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी प्रखंड अंतर्गत स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय भटौनी में शनिवार को विद्यालय शिक्षा समिति गठन के दौरान उक्त विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक मनोज कुमार को कुछ व्यक्तियों ने मारकर जख्मी कर दिया। तत्पश्चात सहायक शिक्षक मनोज ने पुरैनी थाने में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। उक्त आवेदन में चर्चा में बताया गया कि मैं मनोज कुमार पिता स्वर्गीय पन्नालाल पासवान उम्र करीब 54 वर्ष ग्राम बघारा पुरैनी का स्थाई निवासी हूं। मैं उक्त विद्यालय में सहायक शिक्षक (नियोजित) के पद पर कार्यरत हूं शनिवार की सुबह 9:30 बजे विद्यालय पहुंचकर दैनिक क्रियाकलाप में संलग्न था। साथ ही विभाग निदेर्शानुसार 10:30 बजे विद्यालय शिक्षा समिति के गठन हेतु पर्यवेक्षक व निवार्ची पदाधिकारी पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे। लेकिन किसी कारण बस चुनाव टल गया तत्पश्चात सभी पदाधिकारी वापस लौट गया। इसी क्रम में कुछ ही देर बाद विद्यालय के शिक्षिका द्वारा बताया गया कि आपको कुछ लोग मारपीट करने की बात कर रहे हैं इसलिए आप बाहर नहीं निकले। इतना सुनते ही मैं अपने आप को विद्यालय के कमरे में बंद कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को फोन कर सूचना दिया। मुझे कमरा में बंद देख प्रभारी प्रधानाध्यापक वीणा कुमारी एवं सहायक शिक्षक नुसरत प्रवीण कमरा खोलकर कुछ व्यक्तियों के साथ कमरे के अंदर गई और बोली मारो दुसाद को यही झगड़ा का कारण है। इतने में चार-पांच व्यक्ति मेरे ऊपर लाठी डंडे बरसाने लगे जिससे मेरा सर फट गया और पूरे शरीर में अंदरूनी चोट आई है। मारपीट के दौरान हल्ला करने पर विद्यालय के अन्य शिक्षकों द्वारा मेरी जान बचाई गई। इस बाबत थाना अध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि उक्त मामले को लेकर आवेदन मिला है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम रद्द करने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को रद्द करने को लेकर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) का एक प्रतिनिधिमंडल आज बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे पार्टी के बिहार राज्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत सरकार के नाम संबोधित पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार को सौंपा। इस मौके पर पार्टी के राज्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 25-06-2025 में कहा गया है कि पुनरीक्षण कार्यक्रम को एक महीने की समयसीमा में पूरा करना है। एक महीने के भीतर बिहार के 7 करोड़ 80 लाख मतदाताओं का पुनरीक्षण कर पाना संभव नहीं है। इतनी जल्दबाजी में इस विशाल कार्य को सम्पन्न करने में अनियमितताएं, गलतियां और कमी-खामियां होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसके नतीजतन अनेक मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि इनते कम समय में अधिक से अधिक जो हो सकता है, वह है मतदाता सूची में नये संयोजन और संशोधन करना। श्री सिंह ने कहा कि मतदान हर नागरिक का जनतांत्रिक अधिकार है। किसी लोकतांत्रिक देश में इस अधिकार से लोगों को वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि सभी नागरिक मतदान के अपने इस जनतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सकें। पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची के ह्यह्यविशेष गहन पुनरीक्षणह्लह्ल कार्यक्रम को रद्द करने की मांग की है।

## एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन प्रक्रिया सम्पन्न



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के द्वारा विभिन्न जिलों में एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना है। इसके लिए राज्य के अलग अलग जिलों दो दिवसीय चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निर्देश के आलोक में जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरपुर के द्वारा दिनांक 26 और 27 जून को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम सिकंदरपुर में एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र बालक एवं बालिका के लिए एथलेटिक्स के प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल हुआ ।इसकी जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया में मुजफ्फरपुर जिला के अलावा वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, समस्तीपुर जिले के खिलाड़ियों ने अपने-अपने चयन हेतु भाग लिया। मुख्य रूप से सभी खिलाड़ियों का चयन प्रक्रिया के दौरान बैटरी टेस्ट लिया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों को शारीरिक क्षमता की जांच प्रक्रिया जैसे वजन, हाइट, शटल रण, 30 मीटर रेस, वर्टिकल जंप, ब्रॉड जंप, फ्लेक्सिबिलिटी टेस्ट, 800 मीटर के दौर से गुजरना पड़ा। दो दिवसीय एथलेटिक्स चयन प्रक्रिया में बालकों वर्ग में 40 एवं बालिकाओं वर्ग में 25 कुल 65 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र हेतु आयोजित चयन प्रक्रिया में एथलेटिक्स विद्या के अंतर्गत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना से ऋऋचा राज, स्वेता कुमारी, एवं विजय संत्रवान ने ऑफिशल्स के रूप में अपना योगदान देकर खिलाड़ियों का चयन किया। वहीं शारीरिक शिक्षक करुणेश कुमार, कुंदन राज, रामकुमार राय शर्मा, अभिजीत आनंद, लालाबाबू सिंह, मिथलेश कुमार, प्रवीण वर्मा, श्वेताभखान, अंकुश कुमार ने सहयोगी के रूप में एथलेटिक्स विद्या के इस चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला खेल पदाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि यह चयन प 12 से 14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया। इसी चयन के आधार चयनित खिलाड़ियों प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## आपातकाल देश के लिए एक काला अध्याय था : नित्यानंद राय

प्रात : किरण संवाददाता



अलीनगर/बेनीपुर(दरभंगा)। जिला दरभंगा पूर्वी अंतर्गत घनश्यामपुर नगर पंचायत के रनपरती मैदान (पाली बाजार) में आपातकाल के काले अध्याय का 50वां वर्ष पर आयोजित संगोष्ठी सह जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ,सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर एवं बिहार सरकार मंत्री हरि सहनी उपस्थित थे। इस अवसर पर जयंतीपुर दाथ में प्रेस वार्ता में द इमरजेंसी डायरी का विमोचन किया गया। यह पुस्तक आपातकाल के दौरान के अनुभवों और संघर्षों को दस्तावेजित करती है और देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगी। केंद्रीय मंत्री श्री राय ने कहा, यह पुस्तक आपातकाल के काले अध्याय को याद करने और इसके प्रभावों को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। यह पुस्तक हमें देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए काम करने के लिए प्रेरित करेगी। सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने कहा यह पुस्तक दरभंगा के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन होगी और उन्हें आपातकाल के दौरान के संघर्षों और बलिदानों को याद करने में मदद करेगी। पाली स्थित कार्यक्रम स्थल पर आपातकाल के काले अध्याय का 50वां वर्ष का प्रियदर्शनी का अवलोकन किया ।इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को भाजपा महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह द्वारा मिथिला परंपरानुसार मखाना का माला से स्वागत किया गया ।इस अवसर पर आपातकाल के काले अध्याय पर चर्चा की गई और इसके प्रभावों को याद किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री राय ने कहा, आपातकाल इस देश के लिए कलंक के समान है ।आपातकाल के दौरान अत्याचार की सारी हदों को पार कर दिया गया। आम जनता के लिए आपातकाल का समय अत्यंत कष्टदायक रहा। कांग्रेस की तानाशाही नीतियों के कारण देश की जनता को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था। प्रेस की आजादी छीन ली गई, विरोधियों को जेलों में डाल दिया गया और न्यायपालिका को गुलाम बना दिया गया। यह देश के लोकतंत्र के लिए एक काला अध्याय था ।उन्होंने आगे कहा, आपातकाल के दौरान देश की जनता के अधिकारों का हनन किया गया था। लोगों को अपने विचार व्यक्त करने की आजादी नहीं थी, और जो लोग सरकार के खिलाफ बोलते थे, उन्हें जेल में डाल दिया जाता था। आज भी कांग्रेस और उसके नेता संविधान और लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन उनके पास अपने अतीत को छुपाने की कोई वजह नहीं है ।इस कार्यक्रम को दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर जी, मंत्री हरि सहनी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण,जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान, जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने सम्बोधित किया। जनसभा के अंत मे वृक्षरोपण कार्यकम किया गया।


## विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले का प्रतिवाद मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा । ऐपवा, आइसा, आर वाई ए, इंसाफ मंच एवं भाकपा माले ने जाले प्रखंड के डोगरा में बलात्कार एवं हत्याकांड के अपराधियों की गिरफ्तारी, उच्चस्तरीय जांच एवं मेडिकल बोर्ड के जरिए पोस्टमार्टम की मांग को लेकर लहेरियसराय धरना स्थल से टावर तक प्रतिवाद मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व भाकपा माले नेता अभिषेक कुमार, देवेंद्र कुमार साह, केशरी कुमार यादव, सरफराज अंसारी एवं ऐपवा जिला सचिव शनिचरी देवी कर रहीं थीं। लहेरियासराय टावर पर सभा को संबोधित हुए आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि इस रेप और हत्याकांड के अपराधियों को सत्ता सरकार का संरक्षण प्राप्त है। जिसके कारण एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को प्रभावित करने की कोशिश हुई है। पुलिस प्रशासन द्वारा किसी तरह मैनेज करने की कोशिश शर्मनाक है ।इंसाफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नयाज अहमद ने कहा कि प्रशासन डूब कर मौत दिखने की साजिश में लगी है। यह शर्मनाक है। इस घटना का उच्च स्तरीय जांच और मेडिकल बोर्ड के जरिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करना होगा। ऐपवा जिला अध्यक्ष साधना शर्मा ने कहा कि भाजपा-जदयू राज में लगातार महिलाओं के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाओं में वृद्धि हुई है। जिला सचिव अमित पासवान ने कहा कि भाजपा जदयू राज में दलित,पिछड़ों, मुस्लिमों, महिलाओं पर हमला तेज हुआ है और हमलावर अपराधियों को खुली छूट दिया गया है। इसका ही उदाहरण जाले रेप और हत्याकांड है ।भाकपा माले जाले प्रखंड सचिव ललन पासवान ने कहा कि जो लोग भी इस कांड की लीपापोती करने में लगे है। भाकपा (माले) राज्य कमिटी सदस्य अभिषेक कुमार, इंसाफ मंच जिला सचिव मकसूद आलम, पप्पू खां, ऐपवा जिला सचिव शनीचरी देवी , भाकपा (माले) नगर सचिव कामेश्वर पासवान, भाकपा (माले) जिला स्थाई समिति सदस्य अशोक पासवान, प्रिंस कुमार कर्ण, खेग्रामस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र कुमार, रंजन प्रसाद सिंह, अधिवक्ता गुलाम अंसारी,किसान महासभा के नेता केशरी कुमार यादव, जयनारायण यादव, शिवन यादव, प्रो 0कल्याण भारती, दिलीप यादव, इंद्रजीत कुमार, कमरे आलम, रामलाल पासवान, सरफराज अंसारी, शिवचंद्र पासवान, अजहर अंसारी शामिल थे।

## भाजपा का बुथ ही असली शक्ति है : गृह राज्य मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।बहादुरपुर विधानसभा के खराजपुर मे बूथ संख्या 127 पंचायत के मुखिया अभयनाथ मिश्रा के आवास पर बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बुथ सम्मेलन का आयोजन बूथ अध्यक्ष गोपाल कुमार मिश्रा ललित के अध्यक्षता में आहूत हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय जी ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लगे प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एंव वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधा लगाए। इस अवसर पर केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ सशक्तिकरण अभियान की शुरूआत कर दी है। उन्होंने अपने-अपने बुथ को मजबूत करने का कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को प्रचंड बहुमत दिलाने का आह्वान किया। केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत का रास्ता बूथ से ही निकलता है। अगर बूथ मजबूत होगा, तो भाजपा को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के विकासवादी एजेंडे को हर घर तक पहुँचाने का जिम्मा बूथ स्तर के कार्यकताओं का है। उन्होंने कार्यकताओं को हर घर तक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुँचाएं, विपक्ष का झूठ और भ्रम जनता के बीच उजागर करने की बात कही। जब हर बूथ पर भाजपा मजबूत होगी, तभी विधानसभा चुनाव में प्रचंड विजय संभव होगी। कार्यक्रम में बहादुरपुर प्रखंड के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पन्ना प्रमुख नियुक्ति, लाभार्थी संपर्क अभियान, घर-घर जनसंपर्क और बूथ समिति का गठन जैसे विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में दरभंगा जिले की सभी विधानसभा सीटों पर एनडीए को विजय दिलाकर प्रदेश में फिर से एनडीए सरकार बनाएंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी,दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण,हायाघाट के विधायक डॉ रामचंद्र प्रसाद, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, उपाध्यक्ष राजेश रंजन,सोनी पूर्व श्रवण कुमार मिश्र,संगीता साह,जिला मंत्री राहुल पासवान,मीरा महतो।

## परियोजना आधारित गतिविधियों के लिए छात्र - छात्राएं सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय, पियर में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रधाना अध्यापक चंदन कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिक्षाविद,साहित्यकार, ब्रह्मानंद ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों में शुरू हुआ ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास जरूरी है। वैज्ञानिक सोच का विकास आवश्यक है ।बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के दौरान किए गए गृहकार्य विशेष कर परियोजना आधारित गतिविधियों को देखा और उसकी सराहना की। इस गोष्टी के दौरान उत्कृष्ट गृह कार्य करने वाले छात्र -छात्राओं को ट्राफी, एवं मेडल से सम्मानित किया गया ।यह सम्मान विशिष्ट अतिथि, अभिभावक, एवं शिक्षकों के हाथों से दिया गया ।सम्मानित होने वाले छात्रमें, अरुचि प्रिया, मीनक्षी कुमारी रागनी रानी, नंदनी कुमारी, दिव्या भारती को ट्राफी से सम्मानित कर गृह कार्य हीरो नंबर 01 का खिताब दिया गया, । मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों में उत्सव,कुमार, अंशु प्रिया, चांद बाबू,, संध्या कुमारी, मोहम्मद अमीर, दिव्यांश राज, सबरीन खातून, दिलजुही, प्रियांशु रानी, अनुष्का कुमारी,रिया रानी, अलिना सानू कुमार, सिद्धांत कुमार, खुशी कुमारी, शारदा कुमारी, शिखा भारती, अनामिका,विशाल कुमार,शिवम,चंदा एवं सोनाक्षी कुमारी रही ।कार्य क्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## जिलाधिकारी के अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में खाद्यान्न का उठाव,खाद्यान्न का वितरण, ऑनलाइन राशन कार्ड पोर्टल से प्राप्त आवेदन का निष्पादन, राशन कार्ड निर्गत से संबंधित, ई-पॉस पोर्टल, प्रखंडवार राशन कार्ड,सदस्य का नाम विलोपन आधार सीडिंग,ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत लाभुक को गैस वितरण, किरासन तेल उठाव वितरण,सीपीग्राम से संबंधित,नई जन वितरण प्रणाली की दुकानों के अनुज्ञापन से संबंधित,जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की दुकानों की रिक्ति से संबंधित आदि बिंदुओं पर जिलाधिकारी ने बारी-बारी से समीक्षा किया ।उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी के बचे हुए लाभुकों को डीलर के माध्यम से कराना सभी पणन पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे और सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों को निरीक्षण करना सुनिश्चित करें । डीएम ने तीनों अनुमंडल पदाधिकारी को गोदाम का औचक जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन राशन कार्ड एप्लीकेशन,अंबेडकर समग्र अभियान के माध्यम से आए हुए आवेदन को स-समय निष्पादन तीनों अनुमंडल पदाधिकारी,सभी पणन पदाधिकारी को दिया गया। खाद्यान्न का उठाव एवं खाद्यान्न का वितरण स-समय कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। आम जनता को ससमय निर्धारित दर ,मात्रा और गुणवत्ता के तहत अनाज देना सुनिश्चित करें। सभी ईमानदारी पूर्वक कार्य करें, कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद की अध्यक्षता में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की हुई त्रैमासिक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा सांसद, 13-मधेपुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र दिनेश चंद्र यादव की अध्यक्षता में रविवार को संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद, 08- सुपौल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र दिलेश्वर कामत, जिला पदाधिकारी, मधेपुरा तरनजोत सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त अनिल बसाक, मुख्य पार्षद नगर परिषद मधेपुरा/उदाकिशुनगंज एवं सिंहेश्वर के प्रतिनिधिगण, समिति के सदस्यगण उपस्थित हुए। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा संबंधित विभिन्न कार्यावली यथा -जिले में सड़क सुरक्षा क्रिया-कलापों एवं सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की निगरानी, सड़क दुर्घटना के कारणों को पहचानना और उसका अध्ययन, ब्लैक स्पॉटों की पहचान तथा सुधार से संबंधित कार्य, निगरानी तथा समाधान, 4-ई के कार्य अर्थात शिक्षा, प्रवर्त्तन, आपातकालीन देखभाल और इंजीनियरिंग के क्रियान्वयन, गति सीमा और यातायात को सुचारू बनाने के उपायों, जिले में नेक व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए कार्य-नीतियां बनाने तथा जिले में सड़क सुरक्षा अभियान को बढ़ावा देने पर विचार विमर्श किया गया। जहां सांसद सह अध्यक्ष द्वारा सड़क सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण हेतु संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की अगली बैठक में पुल निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया। सांसद, 08- सुपौल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र दिलेश्वर कामत के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता कार्यक्रम कराने एवं वाहन चालकों की प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति के मूल उद्देश्य जनता की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु स्पीडिंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित आदि सड़क सुरक्षा के मानक नियमों के संबंध में लगातार अभियान चलाने तथा लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी का प्रचार प्रसार कराने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक को निर्देश दिया गया। इस क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी को छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम के अनुपालन संबंधित जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई,टॉप-10 अपराधी सहित अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

## पांच मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल भी किया गया बरामद

- एसपी अजय कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !लखीसराय जिले की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है !एक टॉप टेन अपराधी सहित चार शातिर अंतरजिला मोटरसाईकील चोर को गिरफ्तार कर चोरी किए गए पांच मोटरसाइकिल भी बरामद की गई हैं !प्रेस वार्ता आयोजित कर जिले के एसपी अजय कुमार ने बताया कि बीती संध्या को गुप्त सूचना मिली कि अंतरजिला गिरोह के अपराधकर्मी मोटरसाइकिल चोरी एवं बिक्री करने हेतु लखीसराय जिला के कवैया थाना क्षेत्र अंतर्गत आए हुए हैं !सूचना उपरांत गिरोह में शामिल अपराधकर्मी को पकड़ने एवं वाहन चेकिंग करने हेतु एसडीपीओ शिवम कुमार के नेतृत्व में डी आई यू टीम के साथ एक छापामारी दल का गठन किया गया ! छापामारी दल द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना संकलन के आधार पर तथा वाहन चेकिंग के दौरान कवैया थाना के पचना रोड बाईपास के चौक के समीप एक संदीप मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति को देखा गया तो सभी गाड़ी छोड़कर भागने लगे !

जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया तथा मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया ! अनुसंधान के क्रम में पकड़ाये गए अपराधकर्मी से जानकारी मिली कि हर्ष कुमार उर्फ सुमन शेखपुरा जिले का टॉप टेन अपराधी है ! एसपी अजय कुमार ने बताया कि जो लंबे समय से फरार चल रहा था ! अपराधकर्मी हर्ष कुमार के बारे में पता किया गया तो पता चला कि उसपर शेखपुरा जिला सहित कई जिलों में कई संगीन अपराध के मामले दर्ज हैं !

# सहरसा बाइपास को मिली सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सहरसा विधायक डॉ आलोक रंजन ने बताया कि सहरसा जिला अंतर्गत कहरा कुटी बाबाजी कुटी से डॉ भीमराव अंबेडकर चौक, जज कॉलोनी भाया बेंगहा पथ के चौड़ीकरण हेतु पथ निर्माण विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में आलोक रंजन ने उप मुख्यमंत्री और पथ निर्माण मंत्री से भेंट कर क्षेत्र की आवश्यकता को लेकर एक विवरणात्मक पत्र सौंपा था, जिस पर सकारात्मक कार्यवाही करते हुए पथ निर्माण विभाग ने 3.75 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को 15 करोड़ की लागत से स्वीकृत कर दिया है। यह मार्ग शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के साथ साथ बड़े शहरों को जोड़ने वाली पथ है जिससे प्रतिदिन हजारों बड़े यात्री वाहन एवं मालवाहक वाहन गुजरती है, और इस पथ की चौड़ाई कम होने के वजह से जाम की समस्या बनी रहती है लेकिन अब पथ चौड़ीकरण होने के बाद इससे निजात मिलेगी जिससे न केवल आवागमन सरल होगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। आलोक रंजन ने इस स्वीकृति के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री (वित्त मंत्री) सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन का सहरसा की जनता के ओर से आभार प्रकट करते हुए कहा कि सहरसा के विकास के लिए मेरा संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

## नगर निगम सफाई कर्मचारियों ने बकाया वेतन भुगतान करने को लेकर किया प्रदर्शन

मुंगेर/बरियारपुर (मुंगेर)। मुंगेर नगर निगम कार्यालय के समक्ष वेतन सहित अनुकम्पा पे बहाली , सातवां वेतनमान , अंतर वेतन दैनिक और एनजीओ का स्थाई कारण , की मांग को लेकर नगर निगम के सफाई कर्मचारी दैनिक मजदूर और स्थाई कर्मचारियों ने शहर में रैली निकालते हुए नगर निगम में प्रदर्शन किया। बिहार लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन के महामंत्री ब्रह्मदेव महतो के नेतृत्व में 50 से अधिक कर्मचारी इस प्रदर्शन में शामिल थे। नेतृत्व कर रहे ब्रह्मदेव महतो ने बताया कि दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के घर फाकाकसी की समस्या उत्पन्न हो गई है। साथ ही अनुकम्पा पे बहाली , अंतर वेतन और दैनिक तथा एनजीओ को स्थायीकरण करने की मांग है। नगर निगम में राशि मौजूद रहने के बाद भी वेतन नहीं दिया जाता है ।

# आरपीएफ ने शराब तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में भारी मात्रा में शराब के साथ लोगों को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !किउल रेलवे सुरक्षा बल ने ट्रेन पासिंग के दौरान गाड़ी संख्या- 13019 अप बाघ एक्सप्रेस के समय सुबह 5 बजकर 40 मिनट में किऊल स्टेशन आगमन पर जनरल कोच से एक व्यक्ति को काला रंग पिट्ठू बैग जो वजनी लग रहा था, तेजी से उतर कर अंडर पास की तरफ जाते देख,शक होने पर उसे अंडर पास में पकड़ा गया तो उसने अपना नाम रॉकी पासी उम्र -14 वर्ष पिता संजीत पासी घर बैंडिल थाना साहेबपाड़ा जिला हुगली पश्चिम बंगाल बताया। पिट्ठू बैग को खुलवाकर देखा गया तो कुल 18 अदद हेवर्ड 5000 प्रीमियम स्ट्रांग केन बीयर को बरामद किया गया। बरामद कुल बियर की कीमत करीब 1980 रु है जिसपर फॉर सेल ओनली बंगाल लिखा हुआ है। दूसरा मामला लखीसराय रेलवे स्टेशन से ट्रेन पासिंग के दौरान गाड़ी संख्या -12351 अप,हावड़ा राजेंद्रनगर एक्सप्रेस के समय सुबह 3 बजकर 32 मिंट में लखीसराय स्टेशन आगमन पर एक व्यक्ति को एसी कोच से आसमानी रंग का ट्राली बैग लेकर तेजी से बाहर जाता दिखाई दिया। बैग वजनी लग रहा था। शक होने पर उसे लखीसराय पूछताछ केंद्र के पास रोककर पूछताछ की गई तो अपना नाम अमित कुमार उम्र 30 वर्ष पिता विनोद कुमार शर्मा घर लोदिया थाना लखीसराय जिला लखीसराय बताया तथा ट्राली बैग को खुलवाकर चेक किया गया तो उसमें 7 अदद ब्लेंडर्स प्राइड अल्ट्रा प्रीमियम व्हिस्की,2 अदद रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की,5 अदद सिग्नेचर प्रीमियम ग्रेन व्हिस्की को बरामद किया गया। सभी 14 बोतल पर ओनली फोर सेल इन वेस्ट बंगाल लिखा हुआ है। दोनों को ही गिरफ्तार कर आगे की करवाई के लिए जीआरपी को सौंप दिया गया है।

# एमएलटी कॉलेज में जिला स्तरीय एथलेटिक्स ट्रायल मीट का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 10 से 12 जुलाई तक पटना में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट में सहरसा जिला के खिलाड़ियों की प्रतिभागिता हेतु रविवार को एमएलटी कॉलेज के मैदान में खिलाड़ियों का ट्रायल मीट आयोजन किया जाएगा।धोनी ने बताया कि सहरसा जिला एथलेटिक्स मीट का आयोजन पूर्व विधायक संजीव झा के स्मृति में फरवरी माह में ही संपन्न कर लिया गया है। उक्त जिला एथलेटिक्स मीट में चयनित खिलाड़ियों के अलावा अन्य छुटे हुए खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया जाएगा। इस मीट में अंडर 14, अंडर 18, अंडर 20, अंडर 23 एवं ओपन आयु वर्ग के बालक व बालिका भाग ले सकते हैं। इस ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। इस मीट में किसी भी प्रकार का निबंधन शुल्क नहीं रखा गया है। यह मीट पूरी तरह से नि :शुल्क है। सभी चयनित खिलाड़ियों का एथलीट फेडरेशन ऑफ इंडिया से पहचान पत्र बनने के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में निबंधन किया जाएगा। इस आयोजन हेतु जिला एथलेटिक्स संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल के खेल मैदान में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला सचिव रोशन सिंह धोनी के साथ-साथ उपाध्यक्ष रोहित राज, सैयद समी अहमद, संयुक्त सचिव नीतीश मिश्रा, कोषाध्यक्ष विप्लव रंजन, संयोजक शुभम कुमार चुनचुन, कार्यकारिणी सदस्य दर्शन कुमार गुड्डू, चंदन कुमार, अमन कुमार सिंह, दीपक कुमार, सिद्धार्थ कुमार सिद्धू, शिवेंद्र नारायण सिंह डूमडूम उपस्थित थे।

# 26 जुलाई तक चलेगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण एवं पुनरीक्षण पूर्व गतिविधि के तहत मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, मधेपुरा की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बैठक दिनांक- 25 जून 2025 को समाहरणालय परिसर स्थित न्यू एन आई सी हॉल, मधेपुरा में आहूत की गई थी। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मलित करना। जहां राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया गया है कि वे प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अपने बुथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति करें। बुथ लेवल एजेन्ट की सक्रिय भागीदारी से यह कार्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। यदि कोई विसंगतियां/त्रुटियां हो, तो उसका समाधान तैयारी के प्रारंभिक चरण में ही कर लिया जाय, जिससे दावे आपतियों और अपीलों की संख्या में कमी लाई जा सके। इस प्रक्रिया के तहत मतदान केन्द्र पदाधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। पुनरीक्षण के क्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं बुथ स्तर अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वास्तविक रूप से वृद्ध, बीमारी, दिव्यांगजन, गरीब तथा अन्य वंचित वर्गों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें हर संभव सुविधा प्रदान की जाय। बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दिनांक 25 जून 2025 से 26 जुलाई 2025 तक समय निर्धारित किया गया है। जिस निर्वाचक का जन्म 1 जुलाई 1987 से पूर्व भारत में हुआ है, उन्हें अपने जन्म तिथि या स्थान की सत्यता स्थापित करने हेतु केवल अपना वांछित दस्तावेज की स्व अभिप्रमाणित प्रति भरे हुए फॉर्म के साथ देना है। जिस निर्वाचक का जन्म 1 जुलाई 1987 एवं 2 दिसंबर 2004 के बीच में भारत में हुआ है, उन्हें अपना और माता-पिता में से किसी एक का वांछित दस्तावेज की स्व अभिप्रमाणित प्रति भरे हुए फॉर्म के साथ देना है। जिस निर्वाचक का जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में हुआ है, उन्हें अपना, अपने पिता एवं अपनी माता से संबंधित वांछित दस्तावेज की स्व अभिप्रमाणित प्रति भरे हुए फॉर्म के साथ देना है। यदि माता पिता में से कोई भारतीय नहीं हो तो उन्हें अपने जन्म के समय का अपने माता पिता के वैद्य पासपोर्ट एवं वीजा की स्वअभिप्रमाणित प्रति भरे हुए फॉर्म के साथ देना है। कोई भी व्यक्ति जिसका नाम 2003 के निर्वाचक सूची में दर्ज है, तो उसे निर्वाचक नामावली में पंजीकरण के लिए पात्रता सिद्ध करने हेतु निर्वाचक द्वारा भरे हुए विस्तृत विवरण फॉर्म के साथ संबंधित निर्वाचक सूची की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति की प्रति संलग्न कर जमा किया जाना है। प्रत्येक मतदाता को यह प्रपत्र आवश्यक जानकारी और स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ बीएलओ को देना होगा।

# एसडीएम ने बीएलओ को मतदाता सूची में योग्य वोटर छूटे नहीं अयोग्य वोटर जूटे नहीं का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर) । शनिवार को प्रखंड कार्यालय तारापुर सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार ने तारापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी पांच प्रखंडों में असरगंज, तारापुर, संग्रामपुर, टेटिया बंबर ,एवं हवेली खड़गपुर के बीएलओ के साथ चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षित किया । गौरतलव है कि सभी बीएलओ को बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए किस कागजात को लिया जाए और गणना प्रपत्र को कैसे भरना है ,इस पर विस्तार पूर्वक आयोग के द्वारा दिए गए गाइडलाइन के अनुसार बताया गया ।इतना ही नहीं जो लोग इस बीच कुछ महीनो से अपने गांव से बाहर हैं ,उससे भी संपर्क स्थापित कर ऑनलाइन नाम जोड़ने पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया । इस कार्य में विकास मित्र स्वेच्छा प्रेक्षक एवं तकनीकी दल के लोगों को भी साथ-साथ शामिल किया गया है । आगे इनके द्वारा बताया गया कि असरगंज प्रखंड में 1 से 21 मतदान केंद्रों की सूची प्राप्त हुआ है । गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में नाम जोड़ने के लिए मुख्य रूप से सक्षम पदाधिकारी द्वारा जन्म प्रमाण पत्र , पासपोर्ट , मान्यता प्राप्त बोर्ड विश्वविद्यालय का मूल प्रमाण पत्र , इत्यादि लेकर इस कार्य को कैसे करना है पर विशेष चर्चा किया । प्रशिक्षण समाप्ति के पूर्व इन्होंने सभी बीएलओ को विशेष निर्देश दिया कि इस कार्य को आठ दिनों के अंदर हर हाल में पूरा करना सुनिश्चित समझा जाए ।

# संजीव कश्यप द्वारा मिथिला वर्णन व लोकगीतों का एल्बम हुआ जारी

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिला के पतरघट प्रखंड स्थित कहरा निवासी संजीव कश्यप द्वारा मैथिली एवं भोजपुरी में कई नए एल्बम जारी किए गए हैं। जो एस के मूवीज एवं नीलम कैसेट के द्वारा निर्माण किया गया है। श्री कश्यप ने बताया कि उनके द्वारा मैथिली लोकगीत, गजल, भोजपुरी लोकगीत एवं अन्य पारंपरिक गीत का गायन मीनू ठाकुर के साथ किया है। जिसे आडियंस बहुत पसंद कर रहे है। उन्होंने बताया कि इस एल्बम में यात्री बाबा द्वारा लिखित मिथिला वर्णन भगवान हमर मिथिला सुख शांति केर घर हो सहित अन्य गीतो का गायन किया गया है। उन्होंने बताया कि दर्शकों की मांग को देखते हुए मैथिली एवं भोजपुरी लोकगीत गायन में निरंतर प्रयासरत हूं। ज्ञात हो कि संजीव कश्यप द्वारा अब तक कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गायन किया जा चुका है। जहां उनकी विशेष प्रतिभा को देखते हुए अंग वस्त्र एवं प्रतीक व प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया है। वही विद्यापति महोत्सव, कोसी महोत्सव, श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव सहित विभिन्न मंचों पर अपना गायन प्रस्तुत कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अपने भाषा की मीठास एव उत्कृष्टता को देखते हुए मैथिली गायन के क्षेत्र में विगत 10 वर्षों से सक्रिय हूं। देश के विभिन्न मंचों पर मैथिली के श्रोताओं ने बहुत आदर और स्नेह प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी मातृ भाषा मैथिली और मातृ भूमि मिथिला उनके रग-रग में बसा हुआ है। अपनी अपनी मातृभूमि एवं मातृभाषा ऋण को चुकाने के लिए दिन रात समर्पित हूं। उन्होंने श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लखीसराय दौरे पर पहुंचीं मंत्री रेणु देवी,तेजस्वी यादव पर बोला तीखा हमला



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय, 28 जूनः बिहार सरकार की पशु एवं मत्स्य पालन मंत्री रेणु देवी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर लखीसराय पहुंचीं। उनके आगमन पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लिया। मंत्री रेणु देवी ने कहा, ह्लतेजस्वी यादव नौवीं पास हैं, और अब कलम बांटने की बात कर रहे हैं। यह अपने आप में हास्यास्पद है।ह्व उन्होंने चुनौती दी कि अगर लालू यादव और तेजस्वी यादव में राजनीतिक नैतिकता और हिम्मत है, तो वे सार्वजनिक रूप से ऐलान करें कि वे खुद मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे और किसी पिछड़े या अति पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को यह पद देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद (फखऊ) की राजनीति पूरी तरह परिवारवाद पर आधारित है, और सभी अहम पद लालू परिवार के ही पास रहते हैं। रेणु देवी ने कहा कि, ह्ललालू-राबड़ी शासनकाल में बिहार में सिर्फ अपराध और भ्रष्टाचार की राजनीति होती थी, जबकि आज एनडीए सरकार में शिक्षा, सड़क और विकास के क्षेत्र में वास्तविक परिवर्तन हुआ है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा, हिमांशु पटेल, अभिषेक सिंह समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सौरबाजार और सोनवर्षाराज में राहगीरों से छिनतई करने वाले गिरोह का पदार्फाश, दो अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिले के सौरबाजार और सोनवर्षा थाना क्षेत्र में पिछले कई महीनों से राहगीरों के साथ हो रही छिनतई की घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जो लगातार मामले की जांच में जुटी थी। पुलिस टीम की सघन छानबीन और कार्रवाई के क्रम में छिनतई की घटनाओं में संलिप्त दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अपराधियों की पहचान सोनू कुमार (पिता - पप्पू सह, निवासी - बसनही) और सुनील कुमार (पिता - कोके स्वर्णकार, थाना - किशनपुर, जिला - सुपौल) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने अपराध को स्वीकार करते हुए पुलिस को कई अहम सुराग दिए। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर कई तोले की सोने की चेन, एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार दोनों अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर वार्ड 9 स्थित एक घर से विभूतिपुर पुलिस ने संदिग्धावस्था में एक युवक की लाश बरामद की है। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के लोहागीर गांव के 40 बर्षीय उपेन्द्र पासवान के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह दो-तीन दिन पहले प्रदेश से अपने ससुराल दामोदरपुर आया था। गत रात्रि खाने पीने के बाद उसकी तबियत बिगड़ी अहले सुबह उपचार में ले जाने क्रम में उसकी मौत हो गई। मौत के बाद उसकी लाश को घर पर लाकर रखा। काफी देर के बाद इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम में भेज दिया है।

# मतदाताओं को भारतीय नागरिक होने का देना होगा साक्ष्य,नहीं तो वोटर लिस्ट से कटेंगे नाम : डीएम




- विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु अभियान की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने पूरी तरह से कमर कस ली है !निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु अभियान की शुरूआत की गई है ! बिहार में निर्वाचन आयोग के नए निर्देश की विस्तृत जानकारी देते हुए लखीसराय के डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मिथिलेश मिश्रा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि हर हाल में निष्पक्ष व भय मुक्त वातावरण में चुनाव करना उनकी प्राथमिकता है !उन्होंने कहा कि 29 जुलाई से सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र दिया जाएगा !बीएलओ सभी मतदाताओं के घरों पर जाकर मतदाताओं से संक्षिप्त जानकारी हासिल करेंगे जिसमें मतदाताओं को यह साबित करना होगा कि वह भारत के नागरिक हैं ! डीएम मिथिलेश मिश्र ने कहा कि फर्जी वोटरों को भी चिन्हित कर उनका नाम वोटर लिस्ट से हटाया जाएगा !डीएम मिथिलेश मिश्र ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु अभियान से संबंधित आयोग के निर्देश के आलोक में समय-समय पर अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक भी की जाएगी !

## नगरपालिका उप चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, डीएम व एसपी नें किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिलें के तीन पदों के लिए नगरपालिका उप चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 19, सोनवर्षा राज एवं सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड मे मतदान हुआ। जहां सुबह सात बजे संध्या पांच बजे तक संपन्न हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु द्वारा सभी बूथों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी दीपेश कुमार नें बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर फेयर पोलिंग कराया जा रहा है। इसके लिए विशेष चौकसी बरती गई है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने कहा कि सभी मतदान केन्द्र पर प्रयाप्त पुलिस बल, दण्डाधिकारी एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। जिसके कारण यह उपचुनाव निष्पक्ष रूप सें निर्विघ्न संपन्न हुआ। वही मतदान के बाद सभी उम्मीदवार अपनी अपनी जीत का दावा करते नजर आए।

# चुनाव आयोग के जरिए एनआरसी लागू?

बिहार से शुरू हुई चुनाव आयोग की नई मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया ने देश की लोकतांत्रिक नींव को हिला दिया है। इस प्रक्रिया के तहत राज्य के बाहर से आने वाले नागरिकों को यह शपथ पत्र देना होगा। उनका जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ था। साथ ही प्रमाणित करने वाले दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। चुनाव आयोग की इस कार्रवाई से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए न केवल पुराने और दुर्लभ दस्तावेज मतदाताओं को देना होगा। आम आदमी, खासकर गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों को मतदाता सूची से बाहर निकालने का यह एक सुनियोजित प्रयास का आरोप विपक्षी दल लगा रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे एनआरसी से भी खतरनाक बताते हुए चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने इसे भारत के लोकतंत्र पर एक घातक हमला बताया है। उनका आरोप है चुनाव आयोग की इस कार्यवाही से गरीबों और प्रवासी मजदूरों को मतदान अधिकार से वंचित करने की यह एक साजिश है। असदुद्दीन ओवैसी ने भी इसे गुप्त एनआरसी बताते हुए विरोध दर्ज कराया है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसे सीधा गरीबों और वंचित तबकों के मत के अधिकार को छीनने का कृत्य बताया है। चुनाव आयोग इस कार्यवाही के पीछे जो तर्क दे रही है। उसके अनुसार, मतदाता सूची की शुद्धता के लिये संविधान की मूल भावना को ही दरकिनार करने जैसा कदम माना जा रहा है। वोट डालना हर नागरिक का अधिकार है। मतदाता से ऐसे साक्ष्य की मांग करना, जो अधिकांश नागरिकों के पास नहीं है। गरीबों और मजदूरों के परिवारों की स्थिति इस तरीके की नहीं है। वह इस तरीके के दस्तावेज संभाल कर रख सकें। एक तरह से मत के अधिकार से इस प्रक्रिया से करोड़ों लोग वंचित हो सकते हैं। अगर यह कवायद सचमुच निष्पक्षता के नाम पर है तो ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार जाति जनगणना जैसे अहम सामाजिक उपायों से सरकार पीछे क्यों हट रही है। क्यों दस्तावेजों के नाम पर उन्हीं तबकों को निशाना बनाया जा रहा है। जो गरीब है, मजदूर हैं, लगातार जीवन यापन के लिए यहां से वहां भागते रहते हैं। जो बड़ी संख्या में मतदाता के रूप में दर्ज हैं। जिनके पास संसाधनों की सबसे ज्यादा कमी है। इस कार्यवाही से चुनाव आयोग की भूमिका और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके विरोध में सभी राजनीतिक विपक्षी दलों द्वारा एकजुट होकर विरोध करना शुरू कर दिया गया है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए यह पहला और आवश्यक कदम है। चुनाव आयोग के इस निर्णय का अभी विरोध नहीं किया गया तो ऐसी स्थिति में भविष्य में हर नागरिक के मौलिक अधिकारों पर सबसे बड़ा खतरा उत्पन्न होगा। चुनाव आयोग की यह सिर्फ एक दस्तावेजी प्रक्रिया नहीं है। चुनाव आयोग द्वारा किया गया यह संविधान की आत्मा पर प्रहार है। जिस देश में करोड़ों लोग नदी के किनारे रहते हों, हर साल बाढ़ आती हो, रोजगार के लिए उन्हें अपना घर छोड़कर सैकड़ों और हजारों किलोमीटर दूर जाना पड़ता हो, जहां घर में जन्म हो जाते हैं, जिन्होंने कभी अस्पताल का मुंह नहीं देखा हो, जो कभी स्कूल नहीं गए हैं, उन्हें कागजों की समझ नहीं है। समझ है भी तो वह संभाल कर नहीं रख पाते हैं क्योंकि उनके पास उन कागजों की कोई अहमियत नहीं है। एकाएक चुनाव आयोग ने जिस तरह से बिना राजनीतिक दलों के साथ सलाह-मशविरा किए हुए बिहार की मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने की बात कही है यह शायद ही किसी को स्वीकार हो। अभी काम शुरू भी नहीं हुआ है, और विरोध शुरू हो गया है। चुनाव आयोग जब चुनाव के नियमों में कोई परिवर्तन करता है, कोई नई व्यवस्था लागू करता है ।

उसकी जिम्मेदारी होती है कि वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर निर्णय करे। जिस तरह से चुनाव आयोग विपक्षी दलों के निशाने पर है, ऐसे समय में लाखों मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करने का जो प्रयास चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है उसकी तीव्र प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। चुनाव आयोग को समय रहते इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

## आयुष्मान भारतः ताकि कोई भी भारतीय इलाज की सुविधा से न हो वंचित

### बिहार के ज्ञानेंद्र को आयुष्मान भारत से मिला नया जीवन

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा पत्र, कहा- आपका स्वास्थ्य, हमारा संकल्प आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं, उसमें से एक मैं भी हूं। मुझे किडनी की समस्या हो गई थी और इस योजना से बिहार के पटना में मेरा इलाज हुआ है। इस योजना से देश के गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। यह योजना बहुत ही कारगर व लाभप्रद है। सहजता से स्वास्थ्य लाभ मिलने की संतुष्टि और बिना किसी खर्च के इलाज मिल जाने के सुकून भरे यह शब्द हैं बिहार के ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता का, जिनका आयुष्मान योजना की सुविधा से किडनी का निःशुल्क इलाज संभव हुआ है। ज्ञानेंद्र ने इलाज के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ह्रदय से आभार जताया। इस परिवर्तनकारी योजना से ज्ञानेंद्र जैसे करोड़ों लोगों को लाभ मिलना सहज हुआ है, जो लगभग एक दशक पूर्व इलाज के खर्च के बोझ से गरीबी रेखा से नीचे चले जाते थे। ऐसे में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की क्रांतिकारी योजना देश के 55-60 करोड़ गरीब-मध्यम वर्ग-बुजुर्गों के लिए वरदान बन गई है। देश में पहले भी यूनीवर्सल हेल्थकेयर की बात होती थी, लेकिन पहली बार किसी सरकार ने 5 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज के साथ दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर सुविधा दी है। यही कारण है कि लाभान्वित लोगों के मन का भाव स्वभाविक रूप से उमड़ता है। ज्ञानेंद्र ने अपना भाव शब्दों में पिरोकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा, तो प्रधानमंत्री मोदी की भी सहजता और नागरिकों से जुड़ाव की भावना उमड़ पड़ी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के पटना निवासी ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता को पत्र लिखकर उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी की देश के नागरिकों के प्रति कल्याण की सोच कितनी संवेदनशील है, यह उनके पत्र में भी स्पष्ट है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा, आपके स्वास्थ्य में सुधार के बारे में जानकर बहुत प्रसन्नता हुई है। आपने पत्र में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से बीते दिनों किडनी के सफल उपचार की जो जानकारी साझा की है, उससे ह्रदय को असीम संतुष्टि मिली है। ज्ञानेंद्र ने अपने पत्र में लिखा है, आपके (पीएम मोदी) हिम्मत और व्यक्तित्व से देश की जनता को राहत और रास्ता मिलता रहेगा। इसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी भावना को शब्दों में पिरोने से नहीं रोक पाए। उन्होंने लिखा, हमने चिकित्सा पर होने वाले खर्च से परिवारों की जीवन भर की जमा-पूंजी एक झटके में खत्म होते देखा है। कई बार तो लोग इस खर्च के कारण इलाज करवाने से भी कतराते थे। आज आयुष्मान भारत योजना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी भारतीय इलाज से वंचित न रहे। समुचित उपचार मिलने पर किस तरह एक व्यक्ति के जीवन को नई उम्मीद और दिशा मिलती है, यह इस योजना ने सिद्ध कर दिखाया है ।पीएम मोदी ने आगे यह भी लिखा कि एक विकसित भारत के लिए स्वस्थ भारत कितना जरूरी है। एक स्वस्थ व्यक्ति न केवल अपने परिवार को संबल देता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। इसलिए प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में ज्ञानेंद्र को लिखा, ह्लकहा गया है- शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्। अर्थात शरीर ही सभी कार्यों और कर्तव्यों की पूर्ति का प्रथम साधन है। जब नागरिक स्वस्थ होंगे, तभी राष्ट्र भी सबल और सक्षम बनेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर आम नागरिकों तक पहुंच रही हैं और उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं, यह अत्यंत सुखद है। उन्होंने कहा, इलाज के बाद आप जैसे सभी साथियों को अपने जीवन में फिर से उसी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते देखना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। पत्र के अंत में प्रधानमंत्री ने ज्ञानेंद्र के अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

निःसंदेह, आयुष्मान भारत योजना, विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक स्वास्थ्य क्रांति है। दरअसल, अध्ययन बताते हैं कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा से जीवन प्रत्याशा में एक साल की भी बढ़ोतरी मात्र से जीडीपी में 4 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। ऐसे में आयुष्मान भारत योजना, विविधता से भरे बड़ी आबादी वाले देश के लिए कितना महत्वपूर्ण है, उसे सहजता से समझा जा सकता है।

# एससीओ में रक्षामंत्री का चीन-पाक को कड़ा संदेश

**घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है**





**ललित गर्ग**
**लेखक**

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है। भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है।

भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ सोचने पर मजबूर करती है। पाक की आतंकी हरकतें रूक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है।

विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है। सुरक्षा बल शांतिपूर्ण यात्रा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन एससीओ जैसे संगठनों को पाक को सख्त हिदायत देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में पाक समर्थित आतंकवाद रूकना चाहिए।

निश्चित ही एससीओ सम्मेलन में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक निडर एवं साहसिक नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की भारत की नई नीति की रूपरेखा सम्मेलन में रखी। उनका कहना था कि संगठन के सदस्य देशों को आतंकवाद जैसी सामूहिक सुरक्षा से उत्पन्न चुनौती के मुकाबले के लिये एकजुट होना चाहिए। उनका मानना था कि कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद दुनिया में शांति, सुरक्षा और विश्वास को कम कर रहे हैं। यह भी कि आतंकवाद पर तार्किक प्रहार किए बिना सदस्य देशों में शांति व समृद्धि संभव नहीं है।

उन्होंने उन तत्वों को बेनकाब करने का प्रयास किया जो आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिये उसे प्रश्रय देते हैं। उनका मानना था कि एससीओ आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अपनाने के बजाय इसको प्रश्रय देने वाले देशों की आलोचना करे, आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम में निष्पक्ष बने। यह भी अच्छा हुआ कि रक्षामंत्री इस पर भी अड़े रहे कि एससीओ में आतंक का समर्थन करने वाले देशों की निंदा एवं भर्त्सना होनी चाहिए। इसका अर्थ था कि पाकिस्तान को बख्शा न जाए, लेकिन चीन ने आशंका के अनुरूप ढिठाई एवं बदनियत ही दिखाई।


चीन लगातार पाक के आतंकवाद पर सहयोगी दृष्टिकोण अपनाये हुए है। उसे आतंकवाद के खिलाफ सख्त होना चाहिए लेकिन वह पहले भी आतंकवाद के प्रति नरमी दिखा चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वह पाक के आतंकी सरगनाओं का बचाव कर चुका है। इससे उसकी बदनामी भी हुई थी, लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। चीन आतंक को लेकर जितना संवेदनशील होना चाहिए, पाक के कारण वह उतना नहीं हो पा रहा है। इससे उनकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि आहत हो रही है, लेकिन वह सुधरने को तैयार नहीं है। यह स्पष्ट है कि एससीओ में चीन-पाक के बीच बढ़ते शरारत भरे तालमेल पर भारत को इस संगठन में अपनी भूमिका को लेकर सतर्क एवं सावधान होना होगा।

भारत को यह भी देखना होगा कि विस्तार ले रहे इस संगठन में अपनी महत्ता कैसे स्थापित करे। यह ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने रवैये के कारण चीन भारत से संबध सुधारना चाहता है और कुछ मामलों में अपना रुख बदलने के लिए विवश भी हुआ है, पर इसका यह मतलब नहीं कि वह भारत के हितों की अनदेखी करे या फिर अमेरिका एवं पश्चिम के अन्य देशों की तरह आतंकवाद पर दोहरा रवैया अपनाए और आतंक के समर्थक पाक का सहयोग एवं समर्थन जारी रखे। भारतीय नजरिये से देखें, तो अमेरिका और चीन, दोनों ही भारत में आतंकवाद के प्रति संवेदनशील नहीं हैं।

# विभागों की मलाई पर तकरार–भ्रष्टाचार पर कैसे होगा वार ?

**मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है**



**किशन सनमुखदास भावनानी**
**लेखक**

वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है,जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है, यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं,इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट्र के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार! तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है - भ्रष्ट +आचार, जिनके निम्न अर्थ हैं-भ्रष्ट=दूषित,गंदा, अनैतिक गलत,आपराधिक,आचार=आचरण, व्यवहार,कार्यकलाप कार्य,तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो।हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।केवल सरकारी कार्यों में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है।दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है।साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो,भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है. मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉमूर्ले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं,परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।भारत और चीन की विकास दर अधिक है।भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है।मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ यदि इस रकम को शेयर बाजार में लगाया गया तो भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव कुछ घटता है,दक्षिणी अमेरिकी देशों एवं भारत में यह अंतर साफ है। दक्षिण अमेरिका के नेताओं ने घूस की रकम को स्विट्ज़रलैंड के बैंकों में जमा करा दिया। नतीजा विकास में गिरावट आयी,परंतु भारतीय नेताओं ने स्विस बैंकों में जमा कराने के साथ- साथ घरेलू उद्यमियों के पास भी रकम जमा करायी। यदि घूस की रकम का निवेश किया जाये, तो अनैतिक भ्रष्टाचार का आर्थिक सुप्रभाव भी पड़ सकता है।मान लीजिए सरकारी निवेश में औसतन 70 फीसदी रकम का सदुपयोग होता है, जबकि निजी निवेश में 90 फीसदी का, ऐसे में यदि एक करोड़ रुपये को भ्रष्टाचार के माध्यम से निकाल कर निजी कंपनियों में लगा दिया जाये, तो 20 लाख रुपये का निवेश बढ़ेगा।

अर्थशास्त्र में एक विधा बचत की प्रवृत्ति के नाम से जानी जाती है। अपनी अतिरिक्त आय में से व्यक्ति कितनी बचत करता है उसे बचत की प्रवृत्ति कहा जाता है।

गरीब की 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 90 रुपये की खपत करता है और 10 रुपये की बचत तुलना में अमीर को 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 10 रुपये की खपत करता है और 90 रुपये की बचत करता है.मान लीजिए अमीर इंजीनियर ने गरीब किसान से 100 रुपये की घूस ली।

# बलिदान दिवस - डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी

**श्री दुगार्दास उइके जी**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था इसलिए उन्होंने सत्ता का त्याग करके देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

वह एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान के विरुद्ध थे, इसलिए डॉक्टर मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत का पहला राष्ट्रवादी आंदोलन खड़ा किया था।भारत के पुनर्निर्माण के उद्देश्य से डॉक्टर मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी आज यदि हम जम्मू कश्मीर में बिना परमिट के जा सकते हैं और पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग है तो इसके पीछे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान है।

राष्ट्रीय एकता अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

डॉ साहब ने कहा था - राष्ट्रीय एकता की धरातल पर ही सुनहरे भविष्य के नींव रखी जा सकती है।

राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय जन संघ के तत्कालीन अध्यक्ष एवं महान राष्ट्र नायक एवं राष्ट्रवादी राजनीति के पुरोधा पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शत-शत नमन वंदन करते हैं आपको हम सभी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के रूप में देश को एक ऐसा दूरदर्शी नेता मिला जिसने भारत की समस्याओं के मूल कारणों वह स्थाई समाधानों पर जोर दिया और उनके लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर मुखर्जी की ही दूरदर्शिता परिणाम है।डॉ मुखर्जी ने शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के लिए भी बहुत अभिनव कार्य किए।वे शिक्षा की गुणवत्ता और शोध कार्यों के भी बहुत बड़े पक्षधर थे।

कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने एवं देश के एकता और अखंडता के लिए उनका त्याग समर्पण और बलिदान हम देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

मानवता के उपासक,प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद,जनसंघ संस्थापक व हमारे पथ प्रदर्शक परम श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था हम उन्नति करेंगे हम एक होंगे हम एक ऐसे देश में रहेंगे जिसका भाग्य केवल हमारे बच्चों के हाथ में होगा जहां एक स्वतंत्र और हिंदुस्तान का झंडा हमेशा शांति,प्रगति और आजादी की प्रतिष्ठा की घोषणा करेगा।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक बार कहा था जो भी कार्य आरंभ करें उसे गंभीरता से पूर्ण करें और तब तक संतुष्ट न हो जब तक अपना सर्वश्रेष्ठ ना दे दे।जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है यह नारा जो सच हुआ आज कश्मीर शांत और अखंड भारत का हिस्सा है धारा 370 अब कड़वा अतीत बन गई है और 35 से पूरी तरह से खत्म हो चुकी है।

हमारे पथ प्रदर्शक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने कहा था वही राष्ट्र वास्तव में महान है जिसके पास सैनिक शक्ति और ताकत है, किंतु वह राष्ट्र स्वार्थ हेतु उनका दुरुपयोग नहीं करता है।मित्रों उस काल में जम्मू कश्मीर की समस्या को पहचानने तथा इसके समूल निस्तारण के लिए पुरजोर आवाज उठाने वाले पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही थे।1947 के बाद सत्ता में आई कांग्रेस के द्वारा देश पर थोपी जा रही अभारतीयता तथा आयातित पश्चिमी विचारधाराओं का तार्किक विरोध कर भारत,भारतीय तथा भारतीयता के शाश्वत विचारों के अनुरूप राजनीतिक विकास देश को देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही हमारे अग्रदूत, हमारे पथ प्रदर्शक थे। आज की भारतीय जनता पार्टी का परिदृश्य,स्वरूप,आधारशिला, आधार स्तंभ,प्रकाश पुंज डॉ मुखर्जी ही है।

उन्होंने 1951 में भारतीय जन संघ की स्थापना की जो बाद में 1980 को भारतीय जनता पार्टी का आधार बना, उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया किंतु कांग्रेस की गलत नीतियों तुष्टीकरण से लेकर भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्य के विरुद्ध कार्य करने वाली राष्ट्रीय विरोधी कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था एवं संसद में एक मजबूत विपक्ष के रूप में कार्य किया तथा सरकार की गलत नीतियों पर सवाल उठाने तथा संसद में जनता की आवाज बनकर भारत का प्रतिनिधित्व एक सांसद के रूप में किया।

अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक न्याय के लिए काम किया, बंगाल के विभाजन के बाद उन्होंने शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए काम किया और उनके अधिकारों के रक्षा के लिए आवाज उठाई।डॉ मुखर्जी जी का जीवन वृत्त,

6 जुलाई 1901 को कोलकाता के अत्यंत प्रतिष्ठित परिवार में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म हुआ, उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे देश के प्रख्यात शिक्षाविद के रूप में प्रसिद्ध थे, डॉ मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक पास किया तथा 1921 में बीए की उपाधि प्राप्त की, 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित की तथा वे विदेश चले गए और 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बन कर स्वदेश लौटे।

अपने यशस्वी पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित कर ली थी। 33 वर्ष की अल्पायु में ही वह कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे।

**(केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय मामले, भारत सरकार द्वारा लिखित आलेख)**

# नगर निगम क्षेत्र में 100 स्थानों पर तीन करोड़ से बनेगी शीतल प्यायु संयंत्र:गरिमा

## आध्यात्मिक महत्व के दुर्गा बाग मंदिर परिसर में पहले शीतल पेयजल स्टेशन के ट्रायल में महापौर, नगर आयुक्त व सिटी मैनेजर रहे शामिल

● नगर निगम बोर्ड से पारित प्रस्ताव को कार्यरूप देने की निविदा का अंतिम चरण में है निपटारा की कार्रवाई

● महापौर के नेतृत्व में स्थल चयन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया डिमोस्ट्रेशन,

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में 100 चयनित सार्वजनिक स्थानों पर शीतल प्यायु संयंत्र लगाए जाएंगे। इसके प्रत्येक यूनिट पर लगभग तीन तीन लाख के तौर पर कुल करीब तीन करोड़ की लागत आएगी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि नगर निगम बोर्ड से पारित संबंधित प्रस्ताव को कार्यरूप देने के लिए ई. टेंडरिंग विधि से जारी निविदा का निपटारा की कार्रवाई अंतिम चरण में है। शनिवार को महापौर गरिमा देवी सिकारिया के नेतृत्व में स्थल चयन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में स्वीकृत योजना का डिमोस्ट्रेशन दुर्गा बाग मंदिर में किया गया। इस मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि आरो संयंत्र युक्त बड़े आकार का पेयजल स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस सुविधा का पहला ट्रायल आध्यामिक महत्व के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल नगर दुर्गा बाग मंदिर परिसर में किया गया है। इस कार्यक्रम में नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी और सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार भी इसमें सहभागिता रही। महापौर ने बताया कि प्रत्येक शीतल पेयजल स्टेशन यूनिट में 80-80 लीटर क्षमता वाला वॉटर कुलर, यूवी फिल्टर, 2 एचपी का मोटर पंप सेट के साथ, छह लेयर और 500 लीटर क्षमता वाले पानी टंकी, दो नल, टाइल्स का बेसिन, सिविल एवं प्लंबिंग का कार्य, मोटर के माध्यम से औसतन दो सौ फिट की गहराई से निकला गया पेयजल अत्याधुनिक वॉटर कूलिंग संयंत्र के माध्यम से पेयजल की नियमित आपूर्ति करेगा।इसके साथ ही प्रत्येक यूनिट के साथ सुसज्जित शीतल प्याउ संयंत्र स्थापित किए जाने की स्वीकृति नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव के माध्यम से दी गई है। प्रथम चरण में ऐसे संयंत्र नगर निगम क्षेत्र में कुल 100 चिन्हित सार्वजनिक स्थानों स्थापित किए जाएंगे।

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण हेतु बीएलओ,सुपरवाईजर,सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ डीडीसी ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



बनियापुर। उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्हौली मे डीडीसी सारण ने क्षेत्र के सभी बीएलओ ,बीएलओ सुपरवाइजर ,सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण हेतु एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया ,जहा भारी संख्या मे शामिल कर्मियों को मतदाता सूची की डोर टू डोर एक एक मतदाता की सत्यापन करकर रिपोर्ट सौपने को कहा है,डीडीसी यतेन्द्र कुमार पाल ने कर्मियों से बताया कि यह कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दास्त नही की जाएगी, ससमय इस कार्य को दो सप्ताह से तीन सप्ताह के अंदर कर लेना है।उन्होंने बताया कि बूथ वाइज एक एक मतदाताओं का पुनरीक्षण कर लेना है,आवश्यक डकमेटेशन का पूर्ण करके सत्यापन कर लेना है।एक मतदाता गलत न हों,और एक भी छूटे नही।जहा बनियापुर मसरख के सुपरवाइजर,बीएलओ की उोस्थिति मे गहन पुनरीक्षण पर व्यापक चर्चा की गयी,जहा बनियापुर बीडीओ रमेन्द्र कुमार सीओ दीनानाथ कुमार नाजिर सरफराज आलम,मसरख बीडीओ मसरख सीओ साहित सभी कर्मी शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में मोहर्रम कमेटी के सदस्यों की हुई बैठक

इसुआपुर । प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर पर होने वाले मोहर्रम मेला के मद्देनजर इसुआपुर जामा मस्जिद परिसर में अब्दुल गफ्फूर अंसारी की अध्यक्षता में कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में मोहर्रम मेला शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुचारु रूप से संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं प्रखंड मुखवालय बाजार इसुआपुर पर दर्जनों गांवों से आने वाले अखाड़ों के लिए के लिए जगह, साफ-सफाई मेले की व्यवस्था समेत अन्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि अजमल रहमानी, सैनिक कैंटीन के प्रबंधक एमडी वारिस, बब्लू अंसारी, टुनटुन हाशमी, मुन्ना अंसारी, खुर्शीद आलम तथा अन्य ने अपने विचार रखें।

### नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, एक आरोपी गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दो युवकों द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही हैं। इस मामले में मांझी थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के बाद से फरार हुए एक आरोपी नितेश कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। नाबालिग पीड़िता ने इस घटना को लेकर मांझी थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस को यह जानकारी दी कि उसके साथ दो युवकों ने मुंह बंद कर बारी बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया हैं। पीड़िता ने बताया कि मेरे साथ दुष्कर्म के घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को नहीं बताने की बात कह कर वहां से भाग निकले। पुलिस ने इस बाबत थाना कांड संख्या 239/25 धारा 127(1) , 115(2),70(1)3(5) बी एन एस एवं 4/6 पॉक्सो एक्ट दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में पुलिस जुट गई। मांझी थानाध्यक्ष ने एक पुलिस टीम गठित कर कई स्थानों पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। जिसके बाद छापेमारी के दौरान एक आरोपी मांझी थाना क्षेत्र के भलुआ खुर्द गांव निवासी सुरेश यादव का पुत्र नितेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया है।

### देसी कट्टा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। सारण जिले के बनियापुर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अपने कमर में देशी कट्टा खोसे हुए किसी बड़े अपराधिक घटना को अंजाम देने को तैयार था। गुप्त सूचना के आधार पर बनियापुर थानाध्यक्ष अपने पुलिस दलबल के साथ रजौली गांव में एक देशी कट्टा कमर में खोसे हुए को गिरफ्तार किया है। उक्त मामले की एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने अपने कार्यालय कक्ष में शनिवार को एक प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली की बनियापुर थाना क्षेत्र के रजौली गांव में स्व० बबन राय का पुत्र उमेश राय अपने गांव में कमर में खोसे एक देशी कट्टा किसी अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना के आधार पर बनियापुर थाने की पुलिस गांव पहुंची। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। उसके बाद पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से कमर में खोसे एक देशी कट्टा के साथ दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि बनियापुर थाना कांड संख्या 285/25, धारा 25(1बी ) ए/26/35 आर्म्स एक्स दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में बनियापुर थानाध्यक्ष समेत थाना पुलिस बल शामिल थी।

# चार वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गए बगहा अनुमंडल जेल



बगहा। बगहा न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा निर्गत चार वारंटी को नौरंगिया पुलिस ने थानाध्यक्ष के नेतृत्व में कर्यवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया की न्यायालय के आदेश के आलोक में त्वरित कर्यवाई करते हुए चारो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सिरिसिया निवासी शंभू यादव पिता सिंघासन यादव,सिरिसिया निवासी राजेन्द्र यादव पिता लालजी यादव,प्रवेश उर्फ रामप्रवेश यादव पिता सिंघासन यादव और राजेन्द्र यादव पिता इन्द्रासन यादव को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायालय के आदेश से बगहा अनुमंडल जेल भेज दिया गया है। इन पर कई धाराओं में केस दर्ज था और ये पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे।

# सारण ज़िला जदयू पदाधिकारियों का विस्तारित बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। ज़िला अतिथि गृह छपरा में सारण जिला अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इम्तियाज परवेज की अध्यक्षता में सारण ज़िला जदयू (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) की बैठक 11 बजे पूर्वाह्न से हुई। जिसमें मुख्य रूप से विशाल सिंह राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ गुड्डू खान, प्रदेश महासचिव जहांगीर आलम मुन्ना, प्रदेश सचिव म. हारून, म.सादिक हुसैन, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष शंभु मांझी, तकनीकी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चांदनी कुशवाहा, ज़िला महिला प्रकोष्ठ की कुसुम रानी, ज़िला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष पटेल, ज़िला शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राज सिंहा, ज़िला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डा.ऐनुल बरौलवी, अमजद अली, साजिद आलम मंसूरी आदि उपस्थित थे। इस विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक में स्थानीय समस्याओं पर उपस्थित नेताओं ने अपने -अपने विचार प्रकट किए तथा दो हजार पच्चीस, फिर से नीतीश के नारे से सभागार गूंज उठा। तत्पश्चात ज़िला अध्यक्ष इम्तियाज परवेज द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा अनुमोदित मनोनयन पत्र सभी पदाधिकारियों को वितरित किया गया। जिसमें छपरा नगर अध्यक्ष -01, प्रखंड अध्यक्ष -20, ज़िला उपाध्यक्ष -15, ज़िला महासचिव -20, ज़िला सचिव -25, मीडिया प्रभारी -01, कोषाध्यक्ष -01 तथा कार्यकारिणी सदस्य -11 को दिया गया। बाद में सभा का धन्यवाद ज्ञापन म.हारून प्रदेश सचिव ने किया तथा बैठक का संचालन बख्खी साजिद आलम सोनू ने किया।

# नगर आयुक्त के आदेश पर कोर्ट ने लगाई रोक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। भगवान बाजार थाना के वी आई पी लेन में अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को बुलडोजर से तोड़ने का आदेश नगर आयुक्त द्वारा दिया गया था। परंतु छपरा व्यवहार न्यायालय के सिविल जज सीनियर डिवीजन अष्टम ने हाकिमत वाद संख्या 333/ 2025 चंद्रभूषण पांडे बनाम नगर आयुक्त एवं अन्य में उक्त भूमि पर अंतरिम व्यादेश लगा दिया है और आदेश दिया है कि प्रतिवादीगण के उपस्थित होकर जवाब देने एवं सुनवाई तक यह आदेश कायम रहेगा। बताते चले की नगर आयुक्त ने पूर्व में एस डी ओ सदर को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात करने का आग्रह किया था। विदित हो कि नगर आयुक्त द्वारा भगवान बाजार थाना वार्ड न 13 के वी आई पी लेन में चंद्रभूषण पांडे द्वारा करकट का शेड एवं पक्का मकान बनाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण कर लेने का आरोप लगाने का आरोप लगाया गया था । जिसके लिए अतिक्रमणकर्ता को निगम कार्यालय द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब एवं अपने पक्ष में कागज दिखाने की मांग की गई थी। परंतु सुनवाई की तिथि बीत जाने के बाद भी अतिक्रमणकर्ता कार्यालय में ना ही अपनी उपस्थित दर्ज कराए और न ही अपना पक्ष रखा। यह समझा गया कि अतिक्रमणकर्ता को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है। इसके बाद नगर आयुक्त द्वारा उक्त मकान को तोड़ने का आदेश दिया गया था। जिसके खिलाफ चंद्रभूषण पांडे ने यह हाकिमत वाद न्यायालय में दाखिल किया था। न्यायालय द्वारा अभिलेख का अवलोकन के पश्चात आवेदन पर सुनवाई हेतु विशेष दूत से शो कॉज नोटिस भेजा गया था। जिसका तामिला भी न्यायालय को प्राप्त हो गया। परंतु प्रतिवादीगण अनुपस्थित रहे न्यायालय ने कहा कि मामले के गुण दोष पर सुने तक उक्त भूमि पर अंतरिम व्यादेश लगाया जाता है।

# शिक्षिका द्वारा मैट्रिक और इंटर के छात्रों से टीसी के ऐवज में अवैध वसूली का मामला आया प्रकाश में, वीडियो वायरल

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा में मैट्रिक और इंटर पास छात्रों को टीसी देने के एवज में प्रधान शिक्षिका का अवैध वसूली करता हुआ वीडियो वायरल हो रहा है। जिसके बाद बिहार में शिक्षा व्यवस्था की एक बार फिर किरकिरी हो रही है हालांकि प्रातः किरण अखबार इस वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन वीडियो वायरल होनें पर महकमे में सरगर्मी बढ़ गई है। बताया जा रहा है की बगहा दो प्रखंड के राजकीय उत्तक्रमिक उच्च विद्यालय बरवल स्कूल का एक वीडियो सोशल साइट्स पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में प्रधान शिक्षिका बच्चों से घिरी हुई है जो टीसी देने के एवज में डेढ़-दो सौ रुपए लेती दिख रही है। लेकिन यह वीडियो खुद स्कूली बच्चों नें बनाया है और उसे वायरल कर दिया है क्योंकि आरोप है की प्राचार्या अक़्सर अवैध वसूली में जुटी रहतीं हैं ।जानकारी के मुताबिक +2 उच्च विद्यालय बरवल की प्रभारी प्राचार्या सीमा कुमारी विद्यालय से मैट्रिक और इंटर पास हुए छात्रों को स्कूल से टीसी देने के नाम पर 200-200 रुपये वसूल रही हैं। हालांकि प्रभारी प्राचार्य नें इसे निराधार वीडियो करार दिया है। बतादें की टीसी के एवज में वसूली का वीडियो वायरल होनें पर एक बार फिर प्रिंसिपल सीमा कुमारी सुर्खियों में आईं हैं जिससे शिक्षा विभाग की कारस्तानी पर सवाल खड़े हो रहें हैं। जबकि वीडियो वायरल होनें की शिकायत के बाद बीईओ (प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी) बगहा 2 फुदन राम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वायरल वीडियो और इस मामलें को लेकर विद्यालय में गए थे वीडियो की जाँच ऑन स्पॉट जाकर किया तो पाया की छात्रों से इंटर में नामांकन के एवज में लिये गए अधिक पैसे में से लौटाने के दौरान का वीडियो है लिहाजा आरोपी प्रभारी प्राचार्या सीमा कुमारी से जवाब तलब किया गया है और जाँच से सम्बंधित प्रतिवेदन वरिय अधिकारीयों को भेजा जा रहा है जिसके आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# रिविलगंज थाना परिसर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग 50 मोटरसाइकिल और दो चारपहिया वाहन जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता



रिविलगंज । रिविलगंज थाना परिसर में शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि थाने में जब्त किए गए करीब 50 मोटरसाइकिल और दो चारपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। इस हादसे के दौरान थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना दोपहर की है जब थाना परिसर में शॉर्ट सर्किट के कारण तारों में चिंगारी उठी, और नजदीक खड़े जब्त वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आस-पास मौजूद वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष सुभाष पासवान सहित सभी पुलिसकर्मी और अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तत्परता दिखाते हुए लोडर की मदद से कुछ वाहनों को हटाकर बड़े नुकसान को टालने की कोशिश की। दमकल की गाड़ियां भी मौके पर समय रहते पहुंचीं, लेकिन उससे पहले ही पुलिस कर्मी और ग्रामीणों ने मिलकर काफी हद तक आग पर नियंत्रण पा लिया था। यदि तुरंत कार्रवाई नहीं होती तो आग और भी भयावह रूप ले सकती थी। थानाध्यक्ष सुभाष पासवान ने बताया कि, आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। इसमें लगभग 50 मोटरसाइकिल और दो चार पहिया वाहन जलकर खाक हो गए। गनीमत रही कि सभी ने समय पर मिलकर प्रयास किया, जिससे आग पर काबू पा लिया गया।

# बाबा गुप्तेश्वर नाथ मंदिर के नये भवन निर्माण हेतु हुआ भूमि पूजन

दिघवारा। नगर पंचायत के चकनूर में अवस्थित बाबा गुप्तेश्वर नाथ मंदिर के स्थानांतरण को लेकर नये मंदिर के निर्माण के लिए महावीर स्थान चकनूर के बगल में भूमि पूजन किया गया। पटना से आये आर्चाय आशुतोष मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण से इस मंदिर का भूमि पूजन किया गया। यजमान के रूप में मधुरेन्द प्रसाद मौजूद थे।कंपनी के पदाधिकारी अमित कुमार,सुनिल कुमार,मन्निदर सिंह के देख रेख में इस कार्य को किया गय।ज्ञात हो कि दिघवारा-शेरपुर पुल सह सड्क के निर्माण में ये मंदिर रास्ते के बीचोंबीच आ रहा था। जिसके बाद सरकार ने इस मंदिर का स्थानांतरण करने का आदेश दिया।पुल निर्माण कंपनी ने बताया कि 38 फीट लंबे और 30 फीट चौड़े इस मंदिर को भव्य रुप में बनाकर बहुत जल्दी ही जनता को समर्पित कर दिया जायेगा। जिसके बाद समस्त ग्रामवासी के सहयोग से इस मंदिर में भगवान शिव लिंग की स्थापना कर उनका प्राण-प्रतिष्ठा किया जायेगा।इस मौके पर संजय मिश्रा,नंद किशोर भगत,शिव नारायण, प्रसाद, जितेन्द्र मिश्रा आदि ग्रामवासी मौके पर मौजूद थे।

# हत्या मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राघवेंद्र विक्रम सिंह परमार ने भेलदी थाना कांड संख्या 194/ 21 के सत्रवाद संख्या 409/23 हत्या मामले में भेल्दी थाना के कोरेया ग्राम निवासी चंद्रमा भगत और ज्वाला भगत को भारतीय दंड संहिता के अंदर दफा 302 के अंतर्गत दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास एवं पच्चीस पच्चीस हजार रुपए अर्थ दंड का आदेश दिया है। सूचक की ओर से अधिवक्ता ओम प्रकाश सिंह अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक मंजूर आलम एवं उनके सहयोगी समीर मिश्रा ने सरकार का पक्ष न्यायालय में रखा। अभियोजन की ओर से डॉक्टर एवं अनुसंधान कर्ता सहित कुल छह गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई गई । भेलदी थाना के कोरेया निवासी सूचक सुरेंद्र प्रसाद ने 14 जून 2021 जख्मी हालत मे फोर्ड अस्पताल पटना में अपना फर्द बयान दर्ज कराया था। जिसमें उसने दशार्या था कि 11 जून 2021 को वे अपने घर पर थे तो दोनों आरोपी उसके घर जाकर उसके साथ गाली गलौज और मार पीट करने लगे। पत्नी बचाने आई तो उस पर भी हमला कर दिए ।दोनों पति-पत्नी की जान मारने की नियत से वे लोग लोहे के खंती से हमला कर दिए ।जो मुझे लगा और मैं जमीन पर गिर गया।मेरा बेटा सुमित बचाने आया तो उसके ऊपर भी आरोपी वार कर दिए। मेरे परिवार वाले मुझे पटना फोर्ड अस्पताल ले कर आए। जहां सूचक का फर्द बयान दर्ज हुआ। इलाज के क्रम में सूचक सुरेंद्र प्रसाद की मृत्यु हो गई। जिसके कारण प्राथमिकी में धारा 302 संशोधित करके अनुसंधानकर्ता द्वारा जोड़ दिया गया।

# मशरक हाई स्कूल में गर्मी से बेहोश हुई दो छात्रा, एम्बुलेंस से अस्पताल गई

मशरक। शनिवार के सुबह से ही कड़ी धूप ने स्कूली बच्चों के लिए कहर बरपाया ।हाई स्कूल मशरक में परीक्षा देने पहुँचे छात्र छात्रा के लिए चेतना सत्र में खड़ा होना काफी मुश्किल रहा। कुछ ही मिनट में दो छात्रा बेहोश होकर गिर गई। कक्षा नवम की दोनों छात्राओ को महिला शिक्षिका के देखरेख में विद्यालय प्रधान मुकेश कुमार ने प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। बावजूद इसके हालत में सुधार नही हुई तब मशरक अस्पताल में फोन कर एम्बुलेंस मंगा दोनो छात्राओ को अस्पताल भेजा गया। स्कूल प्रशासन की सूचना पर छात्राओ के परिजन भी अस्पताल पहुँचे। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर शीघ्र इलाज प्रारम्भ किया। स्लाइन एवम ऑक्सिजन साथ साथ चला तब जाकर उन्हें होश आया। डॉक्टर ने परिजनों को बताया कि दोनों छात्रा के शरीर मे खून की कमी है और धूप का असर होने से हालात ऐसी हुई ।दोपहर बाद छात्राओ को उनके परिजन अस्पताल से घर ले गए।

# स्कूल मे अवैध वसूली के विरोध में विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन



इसुआपुर । प्रखंड के महुली चकहन प्लस टू विद्यालय के छात्रों ने एसएलसी व सीएलसी के लिए लिपिक द्वारा अवैध वसूली किए जाने बिरोध में स्कूल के विद्यार्थियों ने स्कूल प्रांगण में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया।. विद्यार्थी प्रिंस कुमार पिता अनिल सिंह ग्राम चकहन, ,आकाश कुमार पिता चंदेश्वर ठाकुर ग्राम चकहन , निखिल कुमार पिता वीर बहादुर सिंह चकहन ,कन्हैया कुमार पिता सुरेंद्र राय ग्राम गोहां, बिट्टू कुमार कुल बिहारी राय पिता चकहन व अन्य का कहना था कि स्कूल के लिपिक बदरुद्दीन अंसारी के द्वारा एसएलसी काटने के नाम पर 100 रुपये की मांग की जा रही है।, वहीं नहीं देने पर बच्चों को गाली दिया जाता है और उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया जाता है।.यहां तक कि उनसे बाद में आने पर 800 रुपए तक वसूली करने की बात कही जा रही है। .इस बाबत बच्चों ने बताया कि एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बदरुद्दीन बच्चों से 500 से 800 रुपए तक वसूलने की बात कर रहे हैं, ।इस बाबत जब विद्यालय के प्राचार्य द्वारकानाथ गिरी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पहले ही नोटिस जारी किया है कि स्कूल के किसी भी बच्चे से पैसा नहीं लेना है। इसके बाद भी पैसे लेने के मामले सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो से इस बात की पुष्टि होती है। इसके लिए उन्होंने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मा० शिक्षा से जांच करने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा कि दोषी को बक्सा नहीं जाएगा।

# बेतिया में भरी हैदराबाद के दंपति की गोद

## खुशियों से भर गया आँगन

● दंपति बोलें-मेरे घर आई एक नन्ही सी परी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बेतिया में आवासित बालिका शिखा कुमारी (उम्र- 5 माह) को दत्तक ग्रहण में हैदराबाद के दंपति प्रशांत गिल्डा और राधिका गिल्डा को अपर समाहर्ता द्वारा जारी दत्तक ग्रहण आदेश देकर विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बेतिया द्वारा कानूनी रूप से गोद दिया गया। बच्ची को पाकर दत्तक माता - पिता ने कहा कि उनके घर आई एक नन्ही सी परी जिससे उनका आंगन खुशियों से भर गया। उक्त दंपति ने नम आंखों से कहा उनके पास धन संपत्ति हर चीज थी लेकिन गोद सुनी थी जो आज भर गई। इस अवसर पर सहायक निदेशक ब्रजभूषण कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी अजय पासवान समन्वयक ब्रजेश कुमार पटेल, बाल गृह अधीक्षक राम चंद्र सहित अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे।

दत्तक ग्रहण की हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया दत्तक ग्रहण की समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन है ।कोई दत्तक ग्राही माता पिता केंद्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण (CARA) के पोर्टल पर पंजीकरण कर गोद लेने की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं ।इसके लिए एक फोन नंबर, पैन कार्ड तथा ई मेल आईडी की आवश्यकता होती है ।इसके उपरांत नजदीकी विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान द्वारा दत्तक ग्राही माता पिता का होम स्टडी रिपोर्ट तैयार किया जाता है ।इस पोर्टल पर दत्तक ग्राही माता पिता अपनी एलिजिबिलिटी चेक कर सकते हैं ।इस वेबसाइट के अतिरिक्त किसी व्यक्ति, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम से बच्चा गोद लेना गैर कानूनी है ।जिला पदाधिकारी अथवा अपर समाहर्ता के समक्ष जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से वाद दायर करने का प्रावधान है ।दत्तक ग्रहण आदेश जारी होने के उपरांत गोद देने की कार्रवाई पूर्ण होती है। दत्तक माता पिता के द्वारा बच्चा प्राप्त करने के उपरांत दो साल तक उअफ्अ द्वारा फॉलो अप भी कराया जाता है।

# पति दूसरे महिला से करता था प्रेम पत्नी ने मना किया तो कर दी हत्या

## घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ-2 एवं एफ एस एल टीम



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। बैरिया थाना क्षेत्र के भितहा पंचायत के हॉट सरैया में विवाहिता का शव पंखे से लटकाता हुआ पाया गया था। घटना की सूचना पर सदर **SDPO**- 2 रजनीश कांत प्रियदर्शी एवं एफ एस एल की टीम पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। मृतका के भाई चनपटिया थाना के पुरैना निवासी साहेब कुमार ने बताया कि मेरे बहन की पति संदीप शाह किसी दूसरे लड़की से बातें करते थे। जब मेरी बहन रूबी देवी ने मना किया तो उसे मारपीट व प्रताड़ित करते थे ।उसके बाद उसे मौत के घाट उतार दिया। उसने बताया कि बीते दो माह पहले हिंदू रीति रिवाज के साथ हॉट सरैया निवासी संदीप साह से मेरी बहन की शादी हुआ थी। शादी के बाद से ही प्रताड़ित किया करते थे ।शुक्रवार के दिन मृतका के सास ,ननद और मेरे बहन के पति ने मिलकर हत्या कर दी और उसके शव को पंखे से लटका दिया। घटना की सूचना पर **FSL** टीम पहुंच मामले की जांच पड़ताल जुट गयी है। वही उसने बताया कि बीते दिन फोन पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे और आज मौत के घाट उतार दिया। शादी के समय कपड़ा, बर्तन नगद समेत सब कुछ उपहार के तौर पर दिया गया था। डीएसपी रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि विवाहिता रूबी देवी का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में मोहर्रम कमेटी के सदस्यों की हुई बैठक

इसुआपुर । प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर पर होने वाले मोहर्रम मेला के मद्देनजर इसुआपुर जामा मस्जिद परिसर में अब्दुल गफूर अंसारी की अध्यक्षता में कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में मोहर्रम मेला शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुचारु रूप से संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर पर दर्जनों गांवों से आने वाले अखाड़ों के लिए के लिए जगह, साफ-सफाई मेले की व्यवस्था समेत अन्य मुद्दा बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि अजमल रहमानी, सैनिक कैंटीन के प्रबंधक एमडी वारिस, बब्लू अंसारी, टुनटुन हाशमी, मुन्ना अंसारी, खुर्शीद आलम तथा अन्य ने अपने विचार रखें।

### औरंगाबाद के अतिथि लेखक राकेश कुमार रचित गोदान काव्य रूपांतरण का लोकार्पण आज

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की साहित्यिक उर्वरता को संजीवनी प्रदान करने वाले प्रसिद्ध कवि एवं लेखक, हिन्दी साहित्य भारती, झारखण्ड के महामंत्री राकेश कुमार रचित गोदान(काव्य रूपान्तरण) का लोकार्पण विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह, आई आई टी आई एस एम धनबाद के डिप्टी डायरेक्टर डॉ धीरज कुमार सिंह, आशर्फी हॉस्पिटल, धनबाद के निदेशक डॉ हरेन्द्र सिंह और जी एन कॉलेज, धनबाद के पूर्व प्राचार्य डॉ पी शेखर के कर कमलों से हिन्दी साहित्य भारती की धनबाद जिला इकाई द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह में जे के सिन्हा मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद में 29 जून 2025 को होगा। संस्था की प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संगीतानाथ एवं धनबाद जिला इकाई के अध्यक्ष डॉ विश्वजीत विश्वकिरण के संयोजन में आयोजित समारोह में प्रेमचंद साहित्य के विशेषज्ञ साहित्यकार संजय सिंह चंदन मुख्य वक्ता होंगे जबकि संचालन लोकप्रिय कवि अनंत महेंद्र करेंगे। अतिथियों का स्वागत संस्था की महामंत्री डॉ स्नेहलता, मार्गदर्शक स्नेह प्रभा पांडेय एवं कोषाध्यक्ष रिंकू दुबे वैष्णवी के नेतृत्व में किया जाएगा।

### बिजली चोरी के मामले में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। बिजली विभाग के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ फाइन लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया है थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के मामले में दिए गए आवेदन के आलोक में मोहम्मद फिरदौस खान खांडेल के खिलाफ 21000 रुपए, हरि यादव झौर 13500, गोलू कुमार जेपी चौक 21000, विनय कुमार बीटी बीघा 22000, विकास कुमार बीटी बीघा 45000 रुपए, राजेश चौधरी लोहरा चापि 78000 एवं गौरव कुमार चाँपि 6000 के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई है।

### नथुआ में बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट झोपड़ीनुमा घर में भी लगाई गई आग

मढ़ौरा। मढ़ौरा के गौरा थाना क्षेत्र के नेथुआ में बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट की एक घटना में कुछ दबंग लोगों ने वहां की दलित महिलाओं और पुरुषों के साथ जमकर मारपीट की और उनके झोपड़ीनुमा घर को आग लगाकर जला दिया। इस संबंध में पीड़ित दलित महिला प्रभावती देवी ने गौरा थाना में प्राथमिक्की के लिए एक आवेदन दिया है। पीड़ित प्रभावती देवी का कहना है कि शुक्रवार को देर शाम गए वह अपने घर पर थी इसी दौरान बच्चों के विवाद को लेकर गांव के सुमित राय, कृष्णा राय, मुन्ना राय, पारस राय सहित करीब 15 16 लोग उनके घर के पास आ गए और उनके साथ-साथ उनकी दो बेटी और एक बेटे की भी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वे लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं उक्त दबंग लोगो ने वापस जाने से पहले उनके झोपड़ीनुमा घर को आग लगाकर जला दिया। मढ़ौरा रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए पहुंची पीड़ित प्रभावती देवी का कहना था कि अभी भी दबंग उन्हें जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली गलौज कर रहे हैं तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### 1 जुलाई को राजेन्द्र महाविद्यालय में आयोजित होगा दीक्षारम्भ कार्यक्रम

छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रीमियर कॉलेज राजेन्द्र महाविद्यालय में आगामी 1 जुलाई को दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उदय शंकर पांडेय ने बताया कि सीबीसीएस स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-29 में नवनामांकित विद्यार्थी एवं पीजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023-25 में नामांकित विद्यार्थी इस कार्यक्रम में हिसा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किए नई दिल्ली के प्रो (डॉ) वाचस्पति शर्मा त्रिपाठी कार्यक्रम के मुख्यअतिथि होंगे। इस संबंध में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सूचना जारी कर सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षकों एवं कर्मियों को कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश जारी किया गया है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं को इस दिन से वर्ग संचालित होंगे।

उक्त दिन को खास बनाने हेतु कॉलेज

# बिहार के राज्यपाल बखोरापुर के मंदिर पहुंचे

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। बिहार के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान बखोरापुर मंदिर पहुंचे उनके पहुंचने से पहले काफी संख्या में प्रशासन के अधिकारी मंदिर परिसर के चारों तरफ मौजूद थे उनके पहुंचने के बाद मंदिर परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया उसके बाद महामहिम राज्यपाल ने माता रानी के द्वारा पूरी में जाकर वैदिक मंत्र कर के साथ पूजा अर्चना किया तथा आरती किया उसके बाद मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान हुआ उसके पश्चात मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री बी डी सिंह एवं सुनील सिंह गोपाल ने उन्हें माता का चुनरी देकर उन्हें सम्मानित किया मंच पर साथ में मंदिर ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार लक्ष्मण तिवारी एवं आसरा भोजपुर के डायरेक्टर श्रीमती दीप्ति राघव भी उपस्थित थे. मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि राज्यपाल के पहुंचने को लेकर मंदिर परिसर में काफी गहमागहमी थी. काफी दूर-दूर से लोग कार्यक्रम में हिस्सा लेने श हेतु आए हुए थे. विकलांग लोगों को 10 बैटरी वाली गाड़ी 300 लोगों को व्हीलचेयर छड़ी एवं अन्य उपकरण दिए गए.कुल 800 लोगों को जरूरत का सामान देकर उन्हें सम्मानित किया गया. इस मौके पर आए हुए सैकड़ो अतिथियों को माता का चुनरी देकर उन्हें सम्मानित किया गया. राज्यपाल महोदय ने संबोधीत करते हुए कहा कि मानव की सेवा ही ईश्वर की सेवा है. धर्म ही मनुष्य और पशु में अंतर करता है जितने भी जीव हैं उनके प्रति स्नेह होनी चाहिए परोपकार जैसा कोई पुण्य नहीं है. जिंदा वही है जो दूसरों के लिए जिंदा रहता है.यह मंदिर बरसों पुरानी है. इसकी चर्चा पूरे देश विदेश में है बड़ी श्रद्धा के साथ लोग इस मंदिर मे दर्शन करने हेतु आते हैं. मेरा परम सौभाग्य है

# स्थानान्तरित शिक्षिका के सम्मान मे विदाई समारोह आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



गडहनी। प्रखण्ड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडरिया मे प्रधानाध्यापक ओम नारायण साह की अध्यक्षता मे स्थानान्तरित शिक्षिका गीता देसाई के सम्मान मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के द्वारा शिक्षिका को अंगवस्त्र बुके व मोमेंटो देकर सम्मानित किया साथ ही कहा कि शिक्षिका गीता देसाई का विद्यालय मे 2023 से अतुलनीय योगदान रहा है।इनकी कर्मठता एवं शिक्षा के प्रति लगाव हम सभी के लिए प्रेरणादायक रहेगी।श्री साह ने बताया कि इनका स्थानान्तरण पटना सीटी मे हो गया है।विदाई समारोह में तसउवर हुसैन, राजीव रंजन, प्रकाश, रमेश कुमार, चंदन कुमार, अंशिका सिंह, सविता कुमारी, शिवानी बरनवाल, प्रभाशंकर, अनिल कुमार, विष्णु शंकर, अरविंद मिश्र, शैलेश, मो मोजम्मिल, आशिष कुमार, जावेद, विमला, शाहीन कौसर सहित विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# मैनाटांड़ के भंगहा में मनरेगा योजना में बच्चों की फोटो से बन रही हाजरी

**पईन सफाई की 2 योजनाओं में बनाई जा रही फर्जी हाजरी - सूत्र**



बेतिया(मोहन सिंह)।पश्चिमी चंपारण जिला के मैनाटांड़ प्रखंड के भंगहा पंचायत में मनरेगा योजना में 2 अलग अलग योजनाओं में बच्चों को मजदूर बताकर उनकी फोटो को एनएमएमएस पर अपलोड कर हाजरी बनाई जा रही है।बताया जाता है कि दिनांक 28/6/25 को एनएमएमएस पर अपलोड फोटो में बच्चों की फोटो शर्मा के खेत से सज्जाद मियां के खेत तक पईन सफाई कार्य योजना में और यादव के खेत से बलिराम सिंह के खेत तक पईन सफाई कार्य योजना में लगाई गई है।वही इन बच्चों के हाथ में न ही टोकरी है न कुदाल।वही ग्रामीण सूत्रों के अनुसार दोनो योजनाओं में फर्जी हाजरी बनाकर सरकार को लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा है।वही ग्रामीण सूत्र बताते है कि पंचायत में मनरेगा योजना से लाखों की कार्य योजना में सैकड़ो मजदूरों की फर्जी हाजरी पर भुगतान हुआ है।वही ग्रामीण सूत्र बताते है कि सभी स्थानीय मनरेगाकर्मी की जानकारी में ही सारी फर्जी हाजरी बनाई जा रही है।वही अब सवाल उठता है की आखिर किसके संरक्षण में इतनी बड़ी अनियमितता हो रही है।क्या स्थलीय जांच कर कार्रवाई होगी या इसी बच्चों वाली फोटो से भुगतान भी हो जायेगा?

# भाजपा ने आयोजित किया बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।शनिवार को परसा विधान सभा के दरियापुर मध्य मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन बूथ सशक्तिकरण अभियान पौधा रोपण और अभिनन्दन समारोह अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक सुतिहार मठिया देवी स्थान मंदिर पर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा ने किया और संचालन महामंत्री सुनील गुप्ता ने किया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह और प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह जिला मंत्री राजीव सिंह जिला मंत्री अर्जुन सिंह थे सभी लोगो को पहुंचने पर मंडल पदाधिकारी द्वारा अंग वस्त्र और फुल माला से स्वागत किया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भूलन जी मंडल सहयोजक मानू सिंह मंडल अध्यक्ष मिथलेश मांझी महामंत्री सुमंत बाबा अति पिछड़ा अध्यक्ष तीरलोकी साह उपाध्यक्ष निरपेन्द्र सिंह मुकेश सिंह सोनू सिंह अशोक सिंह पूर्व मुखिया हरी सहनी मुखिया प्रतिनिधि अरुण मेहता कृष्णनंद सिंह संतोष शर्मा अभिषेक सिंह पंकज सिंह उप मुखिया जय कन्हैया साह उमेश महतो अमन तिवारी मुन्ना सिंह ब्रजकिशोर सिंह छोटे बाबू गुड्डू जी कामेश्वर गुलाम महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा राम विनीता देवी रानी देवी रितु कुमारी अणु देवी सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे वही इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश सिंह को पुन प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनने पर लोगो ने उनको अंग वस्त्र फुल माला से स्वागत कर मिठाई खिलाकर बधाई दिया इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष रंजीत सिंह और भाजपा नेता राकेश सिंह ने अपना बूथ सबसे मजबूत ग्यारह साल बेमिसाल और पार्टी के आगामी कार्यक्रम की तैयारी पर विस्तार से चर्चा हुआ और केंद्र और राज्य सरकार की चल रहे योजना के बारे मे चर्चा किया और उससे हो रहे लोगो के लाभ के बारे मे चर्चा किया गया और विधानसभा चुनाव मे मजबूती से तैयारी को लेकर चर्चा किया गया।

# समाजसेवी बैजु लाल गुप्ता के दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं पुस्तकालय स्थापना की घोषणा



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में समाजसेवी बैजू लाल गुप्ता की दूसरी पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई। अखिल भारतीय तेली महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी के नेतृत्व में पुण्यतिथि समारोह में उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि वे कर्मठी एवं समाजसेवा में हमेशा तत्पर रहने वाले व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे।धार्मिक कार्यों के साथ-साथ शिक्षा के प्रति उनकी गहरी अभिरुचि थी।मौके पर जयनारायण गुप्ता,विश्वनाथ प्रसाद,उमेश प्रसाद,कमला देवी,उर्मिला देवी,पूनम देवी,मंशा देवी,सुमन कुमारी,रोहित कुमार,श्रवण कुमार,सन्नी कुमार,भोली कुमारी,किरण कुमारी, अंजली कुमारी,संजना भारती,सोमप्रकाश रविकर,सावन विद्यार्थी, सौरभ राज सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया कि उनके नाम से बहुत जल्द बैजू लाल गुप्ता लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी

# प्लास्टिक हटाए पर्यावरण बचाए

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। अंत्योदय चेतन मंडल भोजपुर तथा विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन मानो बैजनाथ उच्च विद्यालय कुलहरिया कोईलवर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रद्युम्न गौरव वन प्रमंडल पदाधिकार भोजपुर डॉ प्रवीण कुमार द्विवेदी वरिष्ठ वैज्ञानिक, श्री ब्रज कुमार यादव उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ दिलीप कुमार वर्मा प्राकृतिक चिकित्सक, श्री राजेंद्र पर्यावरण श्री रामनाथ ठाकुर सचिव अंत्योदय चेतन मंडल भोजपुर आरा भोजपुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि पर्यावरण आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण है और इसका संरक्षण किया जाना चाहिए इसके लिए विशेष रूप से हमें प्लास्टिक प्रदूषण से अपने पृथ्वी को बचाना होगा। डॉ द्विवेदी ने कहा कि आज जमीन का भूजल स्तर प्लास्टिक प्रदूषण से बहुत ज्यादा प्रभावित हो रहा है जिसके कारण पानी की बहुत ज्यादा कमी हो रही है और जल जमाव के कारण कई तरह की बीमारियों के कारक मच्छरों का विकास ज्यादा हो रहा है अपने प्लास्टिक के काम से कम उपयोग के साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाने की सुझाव दिए बच्चों को उनके जन्मदिन के अवसर पर उपहार में देने का सलाह दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि स्कूल में काम से कम 1 घंटे का एक पर्यावरण विषय पर केंद्रित कार्यक्रम प्रति सप्ताह किया जाना चाहिए जिससे कि जो उपलब्ध संसाधन है उनके संरक्षण नए पौधों को लगाने की तकनीकी तथा लगे हुए पौधों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्य एवं सुधारो पर चर्चा होगी। आपने बच्चों के लिए और स्कूल के लिए वानकी को प्रोत्साहन देने के लिए निशुल्क पौधे उपलब्ध कराने की भी जानकारी दी। डॉ दिलीप ने कहा कि मानव जितना ही प्रकृति के अनुकूल होगा उसका परिवेश और स्वास्थ्य दोनों बेहतर होगा आज सभी के भोजन में प्लास्टिक की उपस्थिति दिखाने लगी जो एक दूरगामी खतरे का संकेत है। पर्यावरणविद श्री राजेंद्र जी ने सुझाव दिया के सामूहिक रूप से कार्य करने हैं जल एवं पर्यावरण का संरक्षण होगा और इसके लिए विद्यालय एवं छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि बच्चे आने वाले भविष्य के पर्यावरण के संरक्षक है। श्री ठाकुर ने बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों से पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ दिलवाया और सभी के साथ मिलकर स्कूल परिसर में फलदार एवं वानिकी के पौधे लगाए। अपने जानकारी दी की पांच बच्चियों के समूह पर एक पौधा आपकी संस्था के द्वारा दिया जा रहा है एवं जिन बच्चों के पौधे अगले साल तक सुरक्षित रहेंगे प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन रामनाथ ठाकुर ने एवं धन्यवाद ज्ञापन नीरज मिश्रा ने किया उक्त अवसर पर शैलेंद्र कुमार, यशवंत सिंह, पुष्पा कुमारी, रेणु सिन्हा, रश्मि कुमारी उपस्थित थी।

### हरपुर पंचायत में भूमिहीन परिवारों का सपना हुआ साकार



गडहनी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज गड़हनी प्रखंड अंतर्गत हरपुर पंचायत स्थित बडिहा में डॉ.अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अभियान बसेरा-2 के में दुर्गावती कुमारी, सुनीता देवी, तेतरी देवी, बुआरी देवी, शुभांति कुमारी, नागदेव देवी सहित 7 सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन लाभार्थियों के बीच वासगीत पर्चा का वितरण किया। भूमिहीनों को अधिकार दिलाना हमारी प्राथमिकता है ! एनडीए सरकार का यह संकल्प है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को वासभूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पूरी निष्ठा से इसके लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर अंचलाधिकारी दीपा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि प्रीतम यादव, कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष चंदन सोनी, विजय पासवान, मो.इमरान अहमद, जिला परिषद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, प्रियांशु कुशवाहा, राजस्व कर्मचारी रंजीत कुमार एवं कई अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# ए थ्री इन्टरनेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता




आरा।स्थानीय करमन टोला राजेन्द्र नगर स्थित यूनियन बैंक के उपर द्वितीय तल्ला पर शुक्रवार को ए थ्री इन्टरनेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोरंजन कुमार झा, मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति प्रोफेसर अवध बिहार सिंह संकाय अध्यक्ष वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, राकेश कुमार मिश्र अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन आरा, अति विशिष्ट अतिथि नागेश्वर दुबे एक्स लोक अभियोजक भोजपुर, विशिष्ट अतिथि पद्म श्री डॉ भीम सिंह भवेश, मनमोहन ओझा महासचिव जिला बार एसोसिएशन आरा, डॉ ए के सुधाकर स्कीन एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ, संतोष तिवारी सीनेट सदस्य बीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय आरा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी नरेन्द्र कुमार सिंह, पार्षद भानु दुबे, पार्षद पारष नाथ सिह, डॉ जितेंद्र शुक्ला, कान्तु यादव, शशी सकसेना सहित सैकड़ो गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता मनोरंजन कुमार झा जिला एवं सत्र न्यायाधीश को कार्यक्रम के आयोजक अमरेन्द्र चौबे द्वारा फुलमाला अंगवस्त्र एवं बुके सहित माँ सरस्वती की छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोरंजन कुमार झा द्वारा कहा गया कि डिजिटल युग मे डिजिटल लाइब्रेरी का जो आज शुभारंभ आयोजक अमरेन्द्र चौबे द्वारा किया गया यह शिक्षा के छेत्र में छात्रों के लिये बहुत ही सराहनीय पहल हैं आज जहाँ मोबाइल या विभिन्न उपकरणों द्वारा छात्रों का एकाग्रता छड़ीक हो गया है वहाँ इस प्रकार का एकांत उनकी एकाग्रता में वृद्धि करने में सहायक होगा जो उन्हें उत्तम परिणाम के तरफ अग्रसर करेंगे। उनके द्वारा समाज गरीब वर्ग एवं निचले वर्ग के उथान एवं सहयोग हेतु लाइब्रेरी प्रबन्धन द्वारा विशेष सुविधा प्रदान करने के लिये प्रेरित किया गया। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति अवध बिहारी सिंह को अमरेन्द्र चौबे द्वारा फुलमाला अंगवस्त्र एवं बुके सहित माँ सरस्वती की तैलचित्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं आरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा को पारश नाथ सिंह द्वारा पूर्व लोक अभियोजक नागेश्वर दुबे को पूर्व पार्षद डॉ जितेंद्र शुक्ला द्वारा भीम सिंह भवेश को संयुक्त रूप से सभी अतिथियों द्वारा समानित किया गया।वहीं बार एशोसिएशन के महासचिव मनमोहन ओझा को पिंटू चन्द्रवंशी द्वारा और डॉ एक सुधकार को नरेन्द्र सिह अधिवक्ता द्वारा इसके साथ ही वीर कुंवर सिंह सीनेट सदस्य संतोष तिवारी को विशाल कुमार द्वारा फुलमाला अंगवस्त्र एवं बुके सहित माँ सरस्वती की तैलचित्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद डॉ शशि शकसेना द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा द्वारा कहा गया कि इस डिजिटल लाइब्रेरी से बचे ज्यादा से ज्यादा अध्ययन कर बड़े बड़े पदों पर आशिन हो और हमारे शहर का नाम रौशन हो सके।कार्यक्रम के आयोजक अमरेन्द्र चौबे को साधुवाद दिया।वहीं आयोजक अमरेन्द्र चौबे ने कहा कि इस डिजिटल लाइब्रेरी को शिक्षा क्रांति के रूप में लिया है।आज के इस डिजिटल और इंटरनेट की दौर में शिक्षा को सुलभ करने का आसन तरीका अपनाया है

# राष्ट्रीय कार्यशाला में बीबीराम नगरा के शिक्षक ने दिया प्रजेंटेशन

प्रात: किरण संवाददाता

नगरा सारण। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से सांस्कृतिक श्रोत व प्रशिक्षण केंद्र हैदराबाद में आयोजित दस दिवसीय हमारी सांस्कृतिक विविधता विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में सारण जिले के नगरा प्रखंड क्षेत्र से बीबीराम प्लास टू विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार पांडेय ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम 16 जून से 25 जून तक हुआ। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में हमारी सांस्कृतिक विविधता की भूमिका पर देश के सात राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अपने विचार साझा किया। उक्त शिक्षक ने बिहार की सांस्कृति, परंपरा, लोक नृत्य, लोक संगीत, कला, हस्तकला के संरक्षण व संवर्धन के लिए जिले के विद्यालयों में चल रहे कार्यक्रमों अम्रपाली, कला उत्सव, सुरक्षित शनिवार में बच्चों के रचनात्मकता को आकार देने वाले विषयों पर तथा स्कूली शिक्षा में इसके समावेशन पर चर्चा की गई। मौके पर सीसीआरटी के निदेशक डॉ वाई चंद्रशेखर एवं सह संयोजक सौंदर्या कौशिक के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। साथ ही जिला व विद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक क्लब के गठन करने की परामर्श दिया गया।

# स्थाई लोक अदालत में लोक उपयोगिता के मामले की सुनवाई शुरू

प्रात: किरण संवाददाता



बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया की देखरेख में स्थाई लोक अदालत मे मामलों की सुनवाई शुरू हो चुकी है .शनिवार को गया बार एसोसिएशन के उपरी मंजिल पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष लोलार्क दुबे व सदस्य अनिल आशुतोष तथा राजेश चंद्र ने शिविर में स्थाई लोक अदालत द्वारा मामलों की सुनवाई के बारे में जानकारी दी गई. इस मौके पर अध्यक्ष लोलार्क दुबे ने कहा कि लोक उपयोगिता के संबंध में स्थाई लोक अदालत के माध्यम से सड़क, वायु मार्ग ,जल मार्ग, द्वारा माल ढुलाई, बिजली, टेलीफोन, टेलीग्राफ ,बीमा ,बैंक, लोक स्वास्थ्य, नगर निगम, शिक्षा विभाग ,शिक्षण संस्थान, व भू संपदा के मामलों की सुनवाई की जाएगी. इसके अलावा सुलहनीय मामलों का भी निपटारा किया जाएगा. प्रि लिटिगेशन सभी मामलों की सुनवाई स्थाई लोक अदालत के माध्यम से की जाएगी. नियमित अदालतों पर से मुकदमों के भार को कम करने के उद्देश्य से बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना द्वारा इसका गठन किया गया है .बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष माध्यम से इन सभी विषयों पर जानकारी दी गई. इस मौके पर बार एसोसिएशन के सचिव रविंद्र प्रसाद, संयुक्त सचिव नंदकिशोर प्रसाद श्रीवास्तव, वरीय कार्यकारिणी के सदस्य शिव शंकर प्रसाद ,सहायक सचिव बैकुंठ सिंह, कार्यकारिणी के सदस्य बागेश कुमार, संजीव कुमार उर्फ सोनू, राजेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार शर्मा, किरण वर्मा, अखिलानंद मिश्रा उपस्थित थे.

# तेलपा मे सिंचाई विभाग के डाक बंगले के जमीन में चल रहा सब्जी दुकान

करपी। प्रखंड क्षेत्र के शहर तेलपा में नहर विभाग के डाक बंगले के परिसर में सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दुकान लगाया जाता है। साथ ही मछली बेचने वाले भी दुकान वहीं पर चलाते नजर आते हैं ।बाजार के बीचों-बीच लग रहे सब्जी की दुकानों से आवागमन काफी प्रभावित हो रहा है क्योंकि राजकीय उच्च पथ से जो बैदराबाद से निकालकर को शहर तेलपा होते हुए गोह होते हुए शिवगंज तक जाती है उसे पथ पर दोनों तरफ से सब्जी विक्रेताओं के अलावा बहुत सारे स्टॉल लगाकर आवागमन को बातचीत किया जा रहा है ।साथ ही सिंचाई विभाग के डाक बंगले में परिसर में सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सब्जी की बिक्री की जा रही है ।जैसा की स्थानीय लोगों ने कहा कि सब्जी विक्रेताओं से कोई भी राजस्व की वसूली नहीं की जाती है जिससे सरकार के राजस्व विभाग को काफी क्षति हो रही है ।एक तरफ बिहार सरकार सरकारी जमीन की खोज लगातार कर रही है वहीं दूसरी तरफ सरकारी जमीनों को अवैध तरीके से हथिया कर उस पर कारोबार चलाए जा रहे है। दुकानों पर सरकार की कोई नजर नहीं होती है ।शहर तेलपा बाजार में सिंचाई विभाग के जमीन के साथ ही साथ जिला बोर्ड की भी जमीन उपलब्ध है जिस पर निजी व्यवसाय चलाया जा रहा है। निजी व्यवसाईयों के द्वारा यह कहा जाता है कि जिला परिषद कार्यालय से इस जमीन को खरीद लिया गया है ।सच्चाई क्या है यह तो प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक बैठे हुए पदाधिकारी बता सकते हैं कि आखिर सरकारी जमीन का जो दुरुपयोग हो रहा है

# मशरक सीएचसी में 7 महिला का हुआ बंध्याकरण प्रसुता महिलाओं को दी गई सुधा कीट

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक । मशरक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में शनिवार को 7 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण डॉक्टर ने किया। आओ हम सब मिल कर स्वस्थ, समृद्ध बिहार बनाए बनाने के अभियान के तहत अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी के देखरेख में महिलाओ को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी सुविधा उपलब्ध करा सफलता पूर्वक बंध्याकरण संपन्न हुआ। प्रसुता महिलाओं को हॉस्पीटल से डिस्चार्ज होते समय जच्चा-बच्चा को सुधा कीट दी गई। प्रभारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने सुधा कीट वितरण करते हुए कहा कि सरकार के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने मशरक सीएचसी में सुधा कीट भेजा है। जो आज मशरक सीएससी से प्रसुता महिला के डिस्चार्ज होते समय सुधा कीट दी जा रही है। सरकार की यह योजना बहुत ही अच्छी व सराहनीय है जिससे ग्रामीण प्रसूता महिलाओं को काफी सहूलियत हो रही है।

# सीसीआरटी हैदराबाद में सारण के शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय की सराहनीय प्रस्तुति

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में केंद्रीय सांस्कृतिक शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, हैदराबाद में ह्लहमारी सांस्कृतिक विविधताह्व विषय पर आधारित दस दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन में सारण के नगरा बीबीराम विद्यालय के संगीत शिक्षक प्रदीप पांडेय की सराहनीय प्रस्तुति हुई। कार्यशाला में देश के सात राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से चयनित शिक्षकों ने भाग लिया।बिहार राज्य की ओर से एससीईआरटी, पटना द्वारा नामित सारण जिले के बी.बी. राम उच्च माध्यमिक विद्यालय, नगरा के शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय ने कार्यशाला में जिले का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने ह्लहमारी संस्कृति, हमारी विविधताह्व विषय पर एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति की शुरूआत बिहार के पारंपरिक गीतों से हुई, जिसके पश्चात भिखारी ठाकुर द्वारा रचित ह्लविदेशियाह्व के लोकगीतों और लोकनृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय की रचनात्मक प्रस्तुति को सीसीआरटी के निदेशक श्री वाई. चंद्रशेखर तथा फील्ड ऑफिसर सौंदर्या कौशिक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनके कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया।कार्यशाला के समापन सत्र में विद्यालय एवं जिला स्तर पर सांस्कृतिक क्लबों के गठन हेतु दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन मिल सके।एससीईआरटी पटना के निदेशक और कॉर्डिनेटर जैनेंद्र दोस्त के मार्गदर्शन में कुल 6 सदस्यीय टीम को हैदराबाद के लिए चयनित किया गया था जिन्होंने वहां जाकर अपने विद्यालय ,अपने जिला, बल्कि पूरे प्रदेश को अपनी कला संस्कृति के माध्यम से गौरवान्वित किया।



## विक्की कौशल ने लव एंड वॉर में आलिया-रणबीर के साथ काम करने का अनुभव किया साझा

फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म पर काम चल रहा है। दमदार सितारों से सजी फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। हाल ही में विक्की कौशल ने फिल्म में रणबीर-आलिया के साथ काम करने का अनुभव बताया। जानिए

### रणबीर और आलिया के साथ दूसरी बार काम कर रहे विक्की

विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ दूसरी बार स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। इससे पहले विक्की कौशल ने जहां आलिया के साथ राजी में काम किया। फिल्म संजू में वे रणबीर कपूर के साथ काम कर चुके हैं। विक्की कौशल ने आलिया और रणबीर के साथ काम करने का अनुभव शेयर करते हुए दोनों की जमकर तारीफ की। बातचीत में विक्की ने अपनी आगामी फिल्म, स्टारडम और निजी जिंदगी पर बात की।

### दोनों बहुत शानदार इंसान हैं

रणबीर और आलिया के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा, वे दोनों कमाल हैं। लेकिन इससे भी ज्यादा मुझे रणबीर और आलिया के बारे में जो बात पसंद है, वह यह है कि वे शानदार इंसान हैं। मैंने उनके साथ संजू और राजी में काम किया है और यह उन दोनों के साथ काम करने का दूसरा मौका है। यही बात इसे मजेदार और आसान बनाती है। विक्की ने लव एंड वॉर में संजय लीला भंसाली के साथ काम करने का अनुभव बताते हुए कहा, वे एक बच्चे की तरह हैं, जो हर चीज के बारे में जिज्ञासु हैं। जो अभिनेता, कटेंट, कैमरा, सेट और हर चीज के साथ गहराई से जानना और बारीकी से एक्सप्लोर करना चाहता है, वह हमेशा ऐसा ही सोचते हैं कि मैं और क्या कर सकता हूं, और किन तरीकों से मैं इसे जादुई, नया, सिनेमैटिक बना सकता हूं। मेरे लिए उन्हें देखना, उनके साथ रहना एक सीखने वाला अनुभव है।

### कब रिलीज होगी फिल्म

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है फिल्म लव एंड वॉर एक लव स्टोरी फिल्म है। भंसाली इससे पहले रणबीर के साथ फिल्म सावरिया में काम कर चुके हैं। बात करें फिल्म लव एंड वॉर की रिलीज की तो यह साल 2026 में ईद पर दस्तक देगी।



# द फैमिली मैन 3 मे निमरत कौर की एंट्री

अभिनेता मनोज बाजपेयी की आगामी सीरीज द फैमिली मैन के अगले सीजन का पहला लुक बीते दिनों जारी हुआ। आज शुक्रवार को इसका एनाउंसमेंट वीडियो जारी हुआ है। मनोज बाजपेयी रिलेशनशिप काउंसलर बने नजर आए हैं। उनके अलावा निमरत कौर और जयदीप अहलावत की झलक भी वीडियो में है।

### कब आएगी सीरीज?


आज शुक्रवार 27 जून को प्राइम वीडियो के यूट्यूब चैनल से एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया है। लोकप्रिय सीरीज का यह तीसरा सीजन है। इसका पहला सीजन 2019 और दूसरा, 2021 में आया था और दर्शकों के बीच खूब लोकप्रिय रहा। इस बार कास्ट में जयदीप अहलावत और निमरत कौर की एंट्री हुई है। सीरीज का तीसरा सीजन इसी साल रिलीज होगा। हालांकि, डेट का खुलासा अभी नहीं हुआ है।


### जयदीप की एंट्री से उत्साहित दर्शक

इस सीरीज को राज और डीके की जोड़ी ने अपने बैनर के तहत बनाया है। मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी के रोल में वापसी कर रहे हैं। एक तरफ वे अंडरकवर जासूस की जिम्मेदारियां निभाते हैं, दूसरी तरफ एक मिडिल क्लास फैमिली में पिता और पति का फर्ज पूरा करते हैं। सीरीज का नया सीजन राज-डीके और सुमन कुमार ने मिलकर लिखा है, जबकि डायलॉग्स सुमित अरोड़ा ने दिए हैं। तीसरे पार्ट के एलान पर नेटिजन्स खुश हैं। जयदीप अहलावत की एंट्री ने सीरीज के प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है।

### दो दुश्मनों से होगी श्रीकांत तिवारी की टक्कर

सीरीज का निर्देशन राज और डीके कर रहे हैं। इस बार उनके साथ सुमन कुमार और तुषार सेठ भी डायरेक्शन में जुड़े हैं। इस बार श्रीकांत तिवारी का टकराव दो दुश्मनों- जयदीप अहलावत और निमरत कौर से होगा। पहले के मुख्य किरदार भी सीरीज का हिस्सा हैं, जैसे प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अलेशा ठाकुर (धृति तिवारी) और वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी) आदि।





# ऑस्कर अकादमी में शामिल होंगे कमल हासन और आयुष्मान खुराना

भारतीय सिनेमा के लिए ये हफ्ता गौरव से भरा रहा है। दिग्गज अभिनेता कमल हासन और अपने दमदार अभिनय से हर किसी का दिल जीतने वाले आयुष्मान खुराना को हॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित संस्था 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' यानी ऑस्कर अकादमी की सदस्यता के लिए आमंत्रित किया गया है। ये मौका न सिर्फ दोनों कलाकारों के लिए सम्मानजनक है, बल्कि भारतीय फिल्म जगत के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।



### अकादमी अवॉर्ड्स के लिए आया न्योता

इस साल अकादमी ने कुल 534 नए सदस्यों को आमंत्रण भेजा है, जिसमें भारत से कई नामों ने जगह बनाई है। कमल हासन और आयुष्मान खुराना के साथ-साथ कास्टिंग डायरेक्टर करण माली, सिनेमैटोग्राफर रणवीर दास, कॉस्ट्यूम डिजाइनर मैक्सिमा बसु, डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर स्मृति मुंद्रा और फिल्ममेकर पायल कपाड़िया को भी सदस्य बनने के लिए न्योता मिला है।

### कमल हासन, आयुष्मान को न्योता

कमल हासन को दक्षिण भारतीय सिनेमा में उनकी बहुपक्षीय प्रतिभा और चार दशकों के सिनेमाई योगदान के लिए जाना जाता है। वहीं आयुष्मान खुराना ने बॉलीवुड में अपने हटके रोल्स और सामाजिक मुद्दों को छूने वाली फिल्मों से एक खास पहचान बनाई है। दोनों कलाकारों का चयन वैश्विक मंच पर भारतीय प्रतिभा की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। इस लिस्ट में सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों को भी जगह मिली है। जैसे कि हॉलीवुड स्टार्स डेव बॉतिस्ता, जेसन मोमोआ, गिलियन एंडरसन, एंड्रयू स्कॉट, ऑब्रे प्लाजा और 'सक्सेशन' फेम कियरन कल्किन जैसे नाम भी शामिल हैं।

### कैसे मिलती है अकादमी की सदस्यता?

अकादमी की सदस्यता कोई आवेदन प्रक्रिया से नहीं बल्कि मौजूदा सदस्यों की सिफारिश और इंडस्ट्री में व्यक्ति के योगदान के आधार पर दी जाती है। इस बार विशेष ध्यान विविधता और समावेश पर दिया गया है। नए आमंत्रित सदस्यों में 41% महिलाएं हैं और 45% ऐसे समुदायों से आते हैं जिन्हें वैश्विक मंच पर अब तक कम प्रतिनिधित्व मिला है। अगर ये सभी आमंत्रित सदस्य अकादमी की सदस्यता स्वीकार कर लेते हैं तो 2025 तक अकादमी के कुल सदस्यों की संख्या 11,120 हो जाएगी, जिनमें से 10,143 सदस्य वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे।

### कब होंगे ऑस्कर अकादमी अवॉर्ड?

अगले ऑस्कर अवॉर्ड समारोह की तारीख भी तय हो चुकी है। यह भव्य आयोजन 15 मार्च 2026 को आयोजित होगा, जिसमें मेजबानी की जिम्मेदारी मशहूर होस्ट कॉनन ओब्रायन निभाएंगे। नामांकन के लिए वोटिंग 12 से 16 जनवरी 2026 तक होगी और नामों की आधिकारिक घोषणा 22 जनवरी को की जाएगी।

# बॉर्डर 2 से दिलजीत दोसांझ को बाहर करने का मेकर्स ने लिया फैसला

भारतीय दर्शकों के दिलों में बसने वाले पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार जी 3 में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर की मौजूदगी ने बड़ा बवाल खड़ा कर दिया है। हाल ही में कश्मीर में आतंकी हमले और फिर भारत की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय पाकिस्तान को किसी तरह से बख्शाने के मूड में नहीं हैं। एक यही गलती दिलजीत पर लगातार भारी पड़ती दिख रही है। खबर है कि बॉर्डर 2 मेकर्स ने दिलजीत दोसांझ की जगह बैड न्यूज़ एक्टर और सिंगर एमी विर्क को फाइनल करने का मन बना रहे हैं। खबर है कि ये फैसला विकास फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज द्वारा प्रड्यूसर्स से दिलजीत को फिल्म से हटाने की पब्लिकली अपील के बाद लिया गया है।



# एफआईआर होने के बाद अभिनेत्री पूजा बनर्जी ने तोड़ी चुप्पी

टीवी की जानी-मानी जोड़ी पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा इन दिनों एक संगीन विवाद में फंसे हुए हैं। हाल ही में फिल्म निर्माता श्याम सुंदर डे ने इन दोनों पर अपहरण, शारीरिक हमले और पैसे वसूलने का आरोप लगाया है। इस मामले में निर्माता की पत्नी मालविका डे ने एफआईआर भी दर्ज करवाई है। वहीं अब पूजा बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने इस घटना को अपने जीवन का सबसे मुश्किल दौर बताया है। दरअसल, पूजा और कुणाल कुछ दिनों पहले खुद को एक आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार बता चुके हैं। उन्होंने दावा किया था कि उनकी मेहनत की कमाई किसी करीबी ने हड़प ली। लेकिन इसी बीच एक नया मोड़ तब आया जब प्रोड्यूसर श्याम सुंदर डे ने उन पर गंभीर आरोप लगाए।

प्रोड्यूसर ने लगाए गंभीर आरोप

श्याम के मुताबिक, वो गोवा में एक काम के सिलसिले में रुके थे, तभी एक काली जगुआर कार ने उनका रास्ता रोका और दो लोगों ने उन्हें जबरदस्ती कार से उतरने को कहा। उन्होंने जब पूजा को देखा, तो उन्हें लगा कि कोई गलतफहमी हुई है और वो उनके साथ चले गए। लेकिन बाद में उन्हें एक विला में बंद कर दिया गया। श्याम का दावा है कि विला में उन्हें चार दिन तक बंधक बनाकर रखा गया और इस दौरान कुणाल ने उन्हें पीटा भी। उन्होंने ये भी कहा कि पूजा ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। श्याम का कहना है कि भले ही उनके और पूजा-कुणाल के बीच कुछ व्यवसायिक लेनदेन रहा हो, लेकिन ऐसा बर्ताव किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता।





# शादी का रिश्ता जिद से ही चलता है

## जिस दिन हार मान ली उस दिन टूट जाएगा

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में अपनी अदाकारी का झंडा गाड़ने वाले मिर्जापुर के रंगबाज गुड्डू भैया यानी एक्टर अली फजल अब मेट्रो... इन दिनों में मोहब्बत की दास्तान सुनाने आ रहे हैं। ऐसे में उन्होंने खास मुलाकात में प्यार, शादी, सिनेमा जैसे कई पहलुओं पर बात की -

**आपकी फिल्म प्यार के विविध रंगों में रंगी है। आजकल प्यार के रिश्ते बड़े नाजुक हो गए हैं। बेंचिंग, घोस्टिंग और सिचुएशनशिप होने लगी है। क्या सोचते हैं इस बारे में?**

अली फजल बोले- ये बेंचिंग, घोस्टिंग तो लेबल ही है ना। लेबल पहले भी थे, आज भी हैं। बस अब नए-नए शब्द आ गए हैं, मगर हां, रिश्ते बिल्कुल नाजुक हुए हैं। देखो, पहले लोग रिश्तों की खातिर कुछ समझौते करते थे, कुछ कुर्बानियां देते थे तो रिश्ते चल जाते थे। आज सब्र थोड़ा कम हो गया है, जिसकी एक बड़ी वजह मोबाइल है। आज फोन पर हम तीन सेकंड में किसी चीज की ओर आकर्षित नहीं हुए तो तुरंत आगे बढ़ जाते हैं। इससे हमारा मनोविज्ञान बदल गया है और हमारे अंदर धैर्य कम हो गया है।

**आज के दौर में आपके और ऋचा चड्ढा के रिश्ते की लोग मिसाल देते हैं। इस रिश्ते ने आपको किस तरह बदला है? एक सफल शादी की नींव क्या मानते हैं?**

मुझे लगता है कि इस रिश्ते ने मेरा नसीब बदला है। मैं बहुत ही खुशनसीब हूं कि हम दोनों (अली फजल और ऋचा चड्ढा) साथ हैं। हम हर स्तर पर साथी हैं। हालांकि, इस पर ज्यादा बात करना मुझे अजीब लगता है। अब मैं पिता भी हूं, तो मुझे काम खत्म करके ऋचा के पास ही भागना रहता है। हमने साथ में एक प्रोडक्शन भी शुरू किया है तो उसमें भी 10 चीजें होती रहती हैं। मेरा मानना है कि प्यार के रिश्ते को निभाना एक जिद है और जब तक वो जिद है, तब तक रिश्ते हैं। मुझे सच में लगता है कि रिश्ते जिद से ही चलते है। जिस दिन आप हार मान लो, जोकि बहुत आसान चीज है, उस दिन वो रिश्ता टूट जाता है।

**आपने हिंदी फिल्मों से लेकर ओटीटी और हॉलीवुड तक में काम किया है। इन अलग-अलग जगहों पर काम करते वक्त बतौर एक्टर खुद में भी कुछ बदलाव करना पड़ता है?**

मेरी शिद्दत में कोई बदलाव नहीं आता है। कम से कम मैं कोशिश करता हूं कि उसी शिद्दत से हर जगह काम करूं, लेकिन हां, अलग-अलग माध्यमों की जरूरतें अलग-अलग होती हैं। मसलन, जब हम वेब सीरीज करते हैं, जैसे मिर्जापुर तो उसमें बहुत धैर्य चाहिए होता है। वो बहुत मुश्किल होता है, कई बार मैं नहीं कर पाता हूं। इसलिए, मिर्जापुर के बाद अब जाकर मैं दोबारा लॉन्ग फॉर्म में कुछ कर रहा हूं। वहीं, हॉलीवुड का तरीका अलग है, क्योंकि उनका बजट अलग है। खुशनसीबी से मैं स्टूडियो फिल्मों का हिस्सा रहा हूं, जो बहुत ज्यादा बड़े बजट की होती हैं।

**अब आप निर्माता भी बन चुके हैं। पिछले कुछ समय से थिएटर्स और दर्शकों के बीच जो दूरी देखने को मिली है, उसकी क्या वजह मानते हैं?**

देखिए, हम जिस तरह कॉन्टेंट बना रहे हैं और जैसे उसे बेच रहे हैं, अगर उसमें तालमेल बैठ जाता है तो लोग देखने आएंगे। कई बार कॉन्टेंट खराब होता है और आप बेचते अच्छा है, तो लोग आते हैं और निराश होकर जाते हैं। कई बार आप अच्छा कॉन्टेंट बेच नहीं पाते हैं, लेकिन यह बहुत जरूरी है कि लोग थिएटर में आएं। अब वो जमाना गया कि अपना-अपना देखो, अभी बहुत जरूरी है कि हम एक-दूसरे की फिल्मों को सपोर्ट करें और ऑडियंस को अन्दर लाएं। अभी जैसे, आमिर खान सर की फिल्म सितारे जमीं पर इतना अच्छा कर रही है। मैं तो चाहता हूं कि अगली कई और फिल्में चलें, ताकि थिएटर और दर्शकों का रिश्ता फिर मजबूत हो। वो कनेक्ट टूट गया है, पर इसके लिए हमें वैसा कॉन्टेंट देना होगा।

**3 इडियट्स और फुकरे के बाद मेट्रो... इन दिनों में भी आप गिटार लिए दिख रहे हैं। गिटार आपका पीछा नहीं छोड़ रहा, कैसा अनुभव रहा इस फिल्म का?**

अरे यार, मैं फंस जाता हूं गिटार के साथ और फिर मेरे दोस्त जो वाकई गिटार बजाते हैं, वो गालियां देते हैं कि तुम्हें ऐसे रोल मिल जाते हैं, तुम कुछ भी टुनटुना देते हो और हमें देखना पड़ता है (हंसते हैं)। इसके चक्कर में मैंने थोड़ा-बहुत गिटार बजाना सीख भी लिया है, पर प्रैक्टिस का समय नहीं मिल पाता, तो कलाकारों वाली बात नहीं आ पाती, इसलिए एक्टिंग अच्छी करनी पड़ती है। बाकी, मेट्रो... इन दिनों का अनुभव बढ़िया था। शुरू में हवा थोड़ी टाइट हो गई थी, क्योंकि दादा (डायरेक्टर अनुराग बसु) ने कहानी बता दी थी। फिर बाद में कहा कि एक गाना भी तुम्हें गाना है। यह भी करना है, वो भी करना है, पर स्क्रिप्ट नहीं मिली थी और शूटिंग का पहला दिन आ गया था। मगर दादा अपने काम के माहिर हैं। वह बहुत बढ़िया डायरेक्टर हैं, तो मुझे बहुत अच्छा लगा।




# सुकन्या समेत छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर में हो सकती है कटौती

## दशकों में पहली बार पीपीएफ की जा सकती है 7 प्रतिशत से नीचे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक भविष्य निधि योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र जैसी अन्य छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा 30 जून 2025 को होनी हैं। नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए प्रभावी होंगी। इस साल अब तक सुकन्या समृद्धि योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित डाकघर योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि पहली जुलाई 2025 से इसमें बदलाव हो सकता है। इस संभावना की वजह है भारतीय रिजर्व बैंक द्वरा रेपो रेट में कटौती। आरबीआई ने सबसे पहले फरवरी में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती की। फिर अप्रैल में 25 आधार अंक की कटौती की गई और जून में 50 आधार अंक की कटौती हुई। अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती हो चुकी है। रेपो रेट में कटौती के जवाब में बैंकों ने सावधि जमा पर ब्याज दर में कमी कर दी है। कुछ बैंकों ने अपनी विशेष एफडी भी बंद कर दी हैं, जो एक निश्चित अवधि के लिए सामान्य बैंक एफडी की तुलना



में अधिक ब्याज दर प्रदान करती थीं।

**पीपीएफ की ब्याज दर जा सकती है 7 फीसदी से भी नीचे-** वर्तमान में पीपीएफ योजना में निवेशकों को 7.10 फीसदी की दर से ब्याज मिलता है। अनुमान जताया जा रहा है कि कई दशकों में पहली बार पीपीएफ की ब्याज दर सात फीसदी से भी नीचे जा सकती है। अप्रैल-जून 2025 तिमाही की शुरुआत से 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर औसत रिटर्न 6.30 प्रतिशत रहा है।

छोटी बचत योजनाओं के लिए गोपीनाथ कमेटी के फार्मूले में पीपीएफ की ब्याज दर पिछली तिमाही में औसत 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न से 25 आधार अंक अधिक रखा गया है। अगर इस फॉर्मूले को अपनाया गया तो जुलाई-सितंबर तिमाही में पीपीएफ की ब्याज दर 6.55 प्रतिशत हो सकती है। इसका मतलब कि पीपीएफ की ब्याज दर पांच दशक में पहली बार सात फीसदी के नीचे जा सकती है।

जानकारों का मानना है कि गोपीनाथ कमेटी का फॉर्मूला सिर्फ एक संकेतक मात्र है। यह फॉर्मूला सरकार को निर्णय लेने के लिए बाध्य नहीं करता। इससे पहले की भी पीपीएफ दरें इस फॉर्मूले से अलग रही हैं। वर्ष 2016 और 2017 में भी 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न 6.5 प्रतिशत के स्तर तक आ गया था, लेकिन सरकार ने पीपीएफ की ब्याज दरों को स्थिर रखा था।

### निवेशक अभी उठा सकते हैं फायदा

अगर आप छोटी बचत योजनाओं में निवेश की सोच रहे हैं, तो 30 जून 2025 से पहले मौजूदा दरों का फायदा उठा सकते हैं। पीपीएफ और सुकन्या समृद्धि योजना में तो मौजूदा खातों पर भी हर तिमाही में नई दरें लागू होती हैं। इसलिए इनमें अभी निवेश करके भी ब्याज दरें तय नहीं की जा सकतीं। वहीं, एनएससी, किसान विकास पत्र, डाकघर सावधि जमा योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और डाकघर मासिक आय योजना में अभी निवेश करने पर मौजूदा ऊंची ब्याज दर तय हो जाएगी, जो निवेश की पूरी अवधि के दौरान उतनी ही बनी रहेगी।

# टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा

- **मई 2025 में 3.24 मिलियन की बढ़ोतरी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। यह अप्रैल के अंत में 1,203.84 मिलियन से बढ़कर मई 2025 के अंत में 1,207.08 मिलियन हो गई। इसमें 0.27 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई है। संचार मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार मई महीने के दौरान उपभोक्ताओं की कुल संख्या में 3.24 मिलियन का उछाल आया।



**शहरी और ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं में अंतर -** शहरी टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या अप्रैल 2025 के अंत में 667.19 मिलियन से बढ़कर मई 2025 के अंत में 669.69 मिलियन हो गई। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या भी 536.65 मिलयन से बढ़कर 537.39 मिलियन हो गई। मई 2025 के दौरान शहर टेलीफोन उपभोक्ताओं में 0.37 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई। वहीं, ग्रामीण इलाकों में 0.14 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई।

**समग्र टेली -घनत्व बढ़कर 85.36 प्रतिशत हुई-** भारत में समग्र टेली -घनत्व अप्रैल 2025 के अंत में 85.19 प्रतिशत से बढ़कर मई 2025 के अंत में 85.36 प्रतिशत हो गई। शहरी दूरसंचार घनत्व अप्रैल के अंत में 131.46 प्रतिशत से बढ़कर मई के अंत में 131.76 प्रतिशत हो जाएगा।

### दिल्ली में अधिकतम दूरसंचार घनत्व 274.29 प्रतिशत रहा

मई 2025 के अंत में कुल उपभोक्ताओं में शहरी और ग्रामिण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी क्रमशः 55.48 प्रतिशत और 44.52 प्रतिशत थी। मई 2025 के अंत में दिल्ली सेवा क्षेत्र में अधिकतम दूरसंचार घनत्व 274.29 प्रतिशत था और बिहार सेवा क्षेत्र में न्यूनतम दूरसंचार घनत्व 57.57 प्रतिशत था। दूरसंचार घनत्व का मतलब है प्रति 100 व्यक्तियों पर उपलब्ध दूरसंचार कनेक्शन की संख्या।

# एसबीआई के साथ लोन बांटने को लेकर हुई डील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी पैसालो डिजिटल के शेयरों में शुक्रवार को जबरदस्त तेजी आई है। पैसालो डिजिटल के शेयर शुक्रवार को बीएसई में इंट्राडे के दौरान 7 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 33.75 रुपये पर पहुंच गए। स्मॉलकैप नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एक नए को-लेंडिंग लोन एग्रीमेंट पर दस्तखत करने की घोषणा की है। इस एग्रीमेंट का मकसद देश भर के स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज के लिए लोन तक पहुंच आसान बनाना है। पैसालो डिजिटल पर देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का भी दांव है।

**एसबीआईऔर पैसालो ने किया साझेदारी का विस्तार-** नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी , पैसालो डिजिटल लिमिटेड ने 26 जून 2025 को एसबीआई के साथ एक नया को-लेंडिंग लोन एग्रीमेंट किया है। यह एग्रीमेंट एसएमई प्रॉडक्ट्स को टारगेट करता है और यह साल 2021 में हुई उनकी मौजूदा को-लेंडिंग पार्टनरशिप का एक्सटेंशन है। कंपनी के मुताबिक, एसबीआई-पैसालो डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म देश भर में 3565 टचप्वाइंट्स के जरिए 94 लाख से ज्यादा कस्टमर्स को सेवाएं दे चुका है। अब इस प्लेटफॉर्म ने अपने पोर्टफोलियो में एसएमई लेंडिंग को शामिल किया है। प्लेटफॉर्म प्रायरिटी सेक्टर फाइनेंसिंग में ग्रोथ की रफ्तार बढ़ा सकता है और अंडरसर्व्ड बिजनेस सेगमेंट्स में क्रेडिट गैप से जुड़ी दिक्कत को हल करने में मदद कर सकता है।

**एलआईसी और एसबीआई लाइफ का कंपनी पर बड़ा दांव-** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के पास पैसालो डिजिटल के 77,59,511 शेयर हैं। कंपनी में एलआईसी की हिस्सेदारी 1.17 पर्सेंट है। वहीं, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के पास पैसालो डिजिटल के 6,21,14,267 शेयर हैं। कंपनी में एसबीआई लाइफ की हिस्सेदारी 9.36 पर्सेंट है।

### दो बार बोनस शेयर बांट चुकी है पैसालो डिजिटल

पैसालो डिजिटल लिमिटेड अपने शेयरधारकों को 2 बार बोनस शेयर का तोहफा दे चुकी है। कंपनी ने मई 2010 में अपने निवेशकों को 3:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर शेयर पर 3 बोनस शेयर बांटे। कंपनी ने मार्च 2024 में शेयरधारकों को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने 1 पर 1 फ्री शेयर दिया। कंपनी ने जून 2022 में अपने शेयरों का भी बंटवारा किया है। कंपनी ने अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा है। कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयर को 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा है।

# अमेरिका में वारी एनर्जीज को मिला बड़ा ऑर्डर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनर्जी सेक्टर की दिग्गज कंपनी-वारी एनर्जीज लिमिटेड को एक गुड न्यूज मिली है। वारी एनर्जीज ने बताया कि उसकी अमेरिकी सहायक कंपनी वारी सोलर अमेरिकाज को यूटिलिटी-स्केल सोलर एंड एनर्जी स्टोरेज प्रोजेक्ट के एक प्रमुख अमेरिकी डेवलपर से 540 मेगावाट का सोलर मॉड्यूल आपूर्ति कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार कॉन्ट्रैक्ट में चरणबद्ध डिलीवरी शामिल होगी। इसके तहत 2025 में 270 मेगावाट और शेष 2027-2028 के दौरान 270 मेगावाट डिलीवरी शामिल है।

**अमेरिका में मिले कई बड़े ऑर्डर-** हाल के हफ्तों में, कंपनी ने अमेरिका में कई बड़े ऑर्डर हासिल किए हैं, जिसमें 586 मेगावाट और 599 मेगावाट मॉड्यूल आपूर्ति डील शामिल है। यह 2025 के अंत तक अपने ब्रुकशायर, टेक्सास फैसलिटीज में अपनी मैन्युफैक्चरिंग कैपिसिटी को दोगुना करके 3.2 गीगावाट करने की भी योजना बना रही है। पिछले सप्ताह की शुरुआत में वारी ने कहा था कि उसके पास 2027 तक 25 गीगावाट का ऑर्डर बुक है।

**शेयर की कीमत-** बीते शुक्रवार को वारी एनर्जीज लिमिटेड के शेयर की कीमत में मामूली बढ़ोतरी हुई और यह 2947.85 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 3010 रुपये के स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल नवंबर महीने में शेयर 3,740.75 रुपये के स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। अप्रैल 2025 के महीने में शेयर 1,808.65 रुपये के स्तर

# आईपीओ से पहले फंड जुटाएगी टाटा की कंपनी टीसीएल

## बोर्ड मीटिंग में ताबड़तोड़ लिए गए फैसले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा की फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म- टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) के बोर्ड ने आईपीओ से पहले एक बड़ा फैसला लिया है। कंपनी के बोर्ड ने 1752 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस लिमिटेड इस इश्यू में 1630 करोड़ की राशि जुटा सकती है।

**30,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी-** बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार टाटा कैपिटल की बोर्ड मीटिंग में कंपनी को अलग-अलग डेब्ट फैसलिटीज के माध्यम से 30,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की भी मंजूरी मिली। इनमें सिक्योर और अनसिक्योर डिबेंचर, अधीनस्थ और स्थायी बॉन्ड, बाजार से जुड़े उपकरण और ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं।

**आईपीओ की तैयारी में कंपनी-** ये फैसले ऐसे समय में लिए गए हैं जब टाटा कैपिटल अपने 2 बिलियन डॉलर के आईपीओ की तैयारी कर रही है। बीते दिनों खबर आई थी कि टाटा कैपिटल ने गोपनीय मार्ग के जरिये आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए हैं।

- **टाटा संस के पास कितनी हिस्सेदारी-**आपको बता दें कि टाटा कैपिटल की मूल कंपनी टाटा संस के पास 92.83 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस इश्यू के सफल होने पर यह आईपीओ देश के वित्तीय क्षेत्र में सबसे बड़ी शुरुआती शेयर बिक्री होगी। यह नवंबर, 2023 में टाटा टेक्नोलॉजीज की सूचीबद्धता के बाद हाल के वर्षों में टाटा समूह का सार्वजनिक बाजार में दूसरा पदार्पण भी होगा।
- **कैसे रहे मार्च तिमाही के नतीजे-** पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में टाटा कैपिटल के नेट प्रॉफिट 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,000 करोड़ रुपये रहा है।

# 468 करोड़ के फ्रेश इश्यू लेकर आ रही वेकफिट इनोवेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी डी2सी होम और फर्निशिंग कंपनी वेकफिट इनोवेशन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च करने की योजना बनाई है। इसके माध्यम से फंड जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। अब सिर्फ सेबी की मंजूरी का इंतजार है।

**468.2 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर-** डीआरएचपी के अनुसार, बेंगलुरु की कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ 468.2 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 5,83,99,085 इक्विटी शेयरों (5.83 करोड़ शेयर) की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। ओएफएस में प्रमोटर -




अंकित गर्ग, चैतन्य रामलिंगगौड़ा और अन्य शेयरधारक- नितिका गोयल, पीक एक्सवी पार्टनर्स इन्वेस्टमेंट वीआई, रेडवुड ट्रस्ट, वर्लिनवेस्ट एसए, एसएआई ग्लोबल इंडिया फंड ढ्ढ एलएलपी, इन्वेस्टकॉर्प ग्रोथ इक्विटी फंड, इन्वेस्टकॉर्प ग्रोथ ऑपर्चुनिटी फंड और पैरामार्क केबी फंड ढ्ढ शेयर बेचेंगे।

**क्या होगा आईपीओ से कमाई का-** वेकफिट ने नए इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग 117 नए कोको-रेगुलर स्टोर और एक कोको-जंबो स्टोर की स्थापना में होगा। इस कमाई से प्राप्त 82 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के फंड के लिए करने का प्रस्ताव किया है। वहीं, 108.4 करोड़ रुपये रकम का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

# भारत के स्मार्ट और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स भविष्य को सशक्त बना रहा है गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप

## गुड एंड ग्रीन पोर्टफोलियो से 37 प्रतिशत से अधिक राजस्व के साथ, पर्यावरण-अनुकूल भागीदारों का नेटवर्क पिछले 3 वर्षों में 30 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** जैसे-जैसे भारत विश्व स्तर पर विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स का केंद्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, गोदरेज एंटरप्राइज़ेज़ ग्रुप भी इस क्रांतिकारी बदलाव का नेतृत्व करने में हमेशा आगे है। अपने इंट्रालॉजिस्टिक्स व्यवसायों मैटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट और स्टोरेज सॉल्यूशन्स के माध्यम से, त्नश्वत्र ढ्ढश्वञ्ज, ऑटोमेशन और ्रढ्ढ से संचालित ऑटोमेटेड लॉजिस्टिक्स सिस्टम उपलब्ध कर रहा है, जो आधुनिक वेयरहाउस और कारखानों में परिचालन की सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।

इंट्रालॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक मार्केट लीडर के रूप में, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप , अनुसंधान एवं विकास और नवाचार में आक्रामक रूप से निवेश कर रहा है ताकि विनिर्माण प्रक्रियाएं और उत्पाद अधिक टिकाऊ बन सके। स्टोरेज सॉल्यूशंस और मटेरियल हैंडलिंग क्षेत्र में कंपनी ने पिछले तीन वर्षों में औसतन 20-25 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी बनाए रखी है. यह उपलब्धि कंपनी को भारत के हरित लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में हो रहे परिवर्तनों का नेतृत्व करने के लिए एक मजबूत स्थिति प्रदान करती है. इसके अतिरिक्त, इंट्रालॉजिस्टिक्स व्यवसाय की घरेलू



खरीद का लगभग 85 प्रतिशत मूल्य स्थानीय स्रोतों से आता है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' और मूल्य श्रृंखला में स्थिरता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है।

# 9 जुलाई को न्यूयॉर्क में सैमसंग पेश करेगा अपने नए फोल्डेबल स्मार्टफोन

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स पिछले कई वर्षों से अपने डिवाइस इस सोच के साथ डिज़ाइन करता आया है कि लोगों को असल में क्या चाहिए – बेहतर परफॉर्मेंस, बेहतरीन कैमरा और स्मार्ट कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं उसी सोच का हिस्सा हैं। अब गैलेक्सी एआई के साथ सैमसंग इससे आगे बढ़ते हुए यह देख रहा है कि लोग अपने डिवाइस के साथ कैसे जुड़ते हैं और उनका इस्तेमाल कैसे करते हैं। जैसे-जैसे एआई तेजी से हमारा नया यूज़र इंटरफेस बन रहा है, यह टेक्नोलॉजी के साथ हमारे रिश्ते को भी नए तरीके से परिभाषित कर रहा है। स्मार्टफोन अब सिर्फ ऐप्स और टूल्स का ज़रिया नहीं, बल्कि एक स्मार्ट साथी बनता जा रहा है जो यूज़र के इरादे को समझकर तुरंत प्रतिक्रिया देता है। यह बदलाव हमें प्रतिक्रिया से आगे बढ़ाकर उस स्थिति में ला रहा है जहां एआई के ज़रिए इरादा तुरंत एक्शन में बदल जाता है। नई पीढ़ी के गैलेक्सी डिवाइस अब एक नए एआई-पावर्ड इंटरफेस को ध्यान में रखते हुए फिर से डिज़ाइन किए जा रहे हैं और इन्हें ऐसे अत्याधुनिक हार्डवेयर का साथ मिलेगा जो इनकी पूरी क्षमता को सामने लाएंगे। यह भविष्य अब आकार ले रहा है।9 जुलाई को, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में 'गैलेक्सी अनपैक्ड' का आयोजन करेगा, जहां वह अपने नए फोल्डेबल फोन लॉन्च करेगा।

- **लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने भारत की प्रगति के गलियारों को सशक्त बनाने के लिए अब तक का सबसे बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो लॉन्च किया**

# देश में गहराई तक तकनीक पहुंचाने और औद्योगिक साझेदारियों के माध्यम से अवसर बढ़ाने की रणनीति पेश की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत के इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने आज अपने इतिहास का सबसे बड़ा प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो लॉन्च किया। यह कदम भारत के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टर्स और विकास गलियारों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के तहत कंपनी देश के 30 औद्योगिक शहरों में जाकर स्थानीय नेतृत्व, हितधारकों और सहयोगियों से संवाद करेगी।

इसका उद्देश्य भारत के विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के केंद्रों में तकनीकी अपनाने की गति को बढ़ाना है। कम वोल्टेज समाधानों, औद्योगिक ऑटोमेशन और नई ऊर्जा आवश्यकताओं पर गहरे फोकस के साथ, लॉरिट्ज़ नुडसेन एक तकनीक-आधारित बदलाव को आगे बढ़ा रहा है, जो भारत के प्रमुख और महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरों तक पहुंचता है।

यह ऐतिहासिक अभियान कंपनी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो एक तकनीकी रूप से उन्नत, आर्थिक रूप से सशक्त और ऊर्जा-सक्षम भारत के निर्माण की दिशा में है – और यह सरकार के 'विकसित भारत 2047' विज़न के अनुरूप है। लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के सीओओ नरेश कुमार ने कहा: हमारा उद्देश्य स्मार्ट टेक्नोलॉजीज़ के ज़रिए ग्राहकों को ज़्यादा सुरक्षित, तेज़ और स्मार्ट तरीके से काम करने में सक्षम बनाना है। इस प्रोडक्ट शोकेस के माध्यम से हम यह भरोसा और मज़बूत कर रहे हैं कि नवाचार हर क्षेत्र की अलग-अलग ज़रूरतों के अनुसार सुलभ, अनुकूलनीय और प्रासंगिक होना चाहिए। फिर चाहे बात रायपुर की राइस मिल को ऑटोमेट करने की हो, कोयंबटूर की टेक्सटाइल मिल को ऊर्जा देने की हो, या पुणे के किसी प्लांट का आधुनिकीकरण करने की – हमारा पोर्टफोलियो असर डालने के लिए तैयार है

# सेव अर्थ मिशन ने अहमदाबाद में 'ग्लोबल विज़न अनवीलिंग' कार्यक्रम की घोषणा की

**अहमदाबाद, एजेंसी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, शेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और फोर्ब्स, एफओ×, बिजनेस इनसाइडर, व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब, सेव अर्थ मिशन




वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम – सेव अर्थ मिशन वैश्विक विजन का अनावरण – की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरुआत को चिन्हित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6:00 बजे ढ्डस्ञ्ज पर, प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब , अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। यह वैश्विक घोषणा शेव अर्थ मिशन की यात्रा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है — एक ऐसा मंच जहां संगठन अपने विस्तारित रोडमैप का अनावरण करेगा और अंतरराष्ट्रीय चैप्टर्स को एकजुट कर जलवायु संरक्षण के एक साझा लक्ष्य की ओर प्रेरित करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने बारबडोस में वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

**हेजलवुड ने मैच में 7 विकेट लिए, हेड ने दोनों पारियों में फिफ्टी लगाई**

**बारबाडोस (एजेंसी)।** बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के 5 विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज को 141 रन पर ऑलआउट कर दिया। नाथन लायन ने दिन की आखिरी दो गेंदों पर लगातार 2 विकेट लिए।



**ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन बनाए-** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन बनाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। टीम पहली पारी में मात्र 180 रन पर ऑलआउट हो गई। ट्रैविस हेड ने दोनों पारी में फिफ्टी लगाई। उन्होंने पहली पारी में 59 रन और दूसरी पारी में 50 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

हेड के अलावा दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए एलेक्स कैरी ने 65 रन और ब्यू वेबस्टर ने 63 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के शमार जोसेफ ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए।

## दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में नहीं पहुंचे

वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 190 रन बनाए। टीम को 10 रन की बढ़त मिली। कैरिबियाई टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 301 रन का टारगेट दिया। वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में रन नहीं बना पाएं और टीम 141 रनों पर ही सिमट गई। आखिरी विकेट के लिए शमार जोसेफ (44 रन) और जस्टिन ग्रीव्स (38 रन नाबाद) ने 55 रनों की पार्टनरशिप की। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। इनके अलावा नाथन लायन ने 2, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को एक- एक विकेट मिला।

# कोलंबो-श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया

**● पथुम निसंका ने 158 रन बनाए, प्रबथ जयसूर्या ने 5 विकेट लिए ● पथुम निसंका प्लेयर ऑफ द मैच**

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंकाई टीम ने 2 मैच की टेस्ट सीरीज में 1-0 से अपने नाम कर ली। सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था।

स्पिनर प्रबथ जयसूर्या के 5 विकेट की बदौलत कोलंबो टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका ने बांग्लादेश की दूसरी पारी को 133 रन पर ऑलआउट कर दिया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 247 रन बनाए थे। टीम से शादमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। पथुम निसंका के शतक से श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए। टीम को बांग्लादेश की पहली पारी के आधार पर 211 रन की बढ़त मिली। निसंका को उनके 158 रन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### आखिरी 5 विकेट 33 रन पर गिरे

तीसरे दिन बांग्लादेश का स्कोर 6 विकेट पर 115 रन था और लेकिन चौथे दिन आधे घंटे के अंदर बांग्लादेश ने बाकी 4 विकेट गंवा दिए। टीम ने आखिरी 5 विकेट मात्र 33 रन पर गंवाए। श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। उनके अलावा धनंजय डी सिल्वा और थारिंदू रथनायके को 2-2 विकेट मिला। असिथा फर्नांडो ने एक विकेट लिया।



### निसंका का तीसरा शतक, चंडीमल के साथ 194 रन की साझेदारी

88 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद पथुम निसंका ने दिनेश चंडीमल के साथ शतकीय साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने चंडीमल के साथ मिलकर 311 बॉल पर 194 रन बनाए। चंडीमल 93 रन बनाकर आउट हुए। चंडीमल के बाद कुसल मेंडिस ने 84 रन की तेज पारी खेली। उन्हें नईम हसन ने लिटन दास के हाथों कैच कराया। निसंका 158 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तैजुल इस्लाम ने आउट किया।

### ओपनर्स की फिफ्टी पार्टनरशिप

दूसरे दिन के पहले सेशन में बांग्लादेश को 247 रन पर ऑलआउट करने के बाद श्रीलंकाई टीम ने मजबूत शुरुआत की। पथुम निसंका और लहिरू उदारा की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। यहां टीम का स्कोर 83/0 रहा।

श्रीलंकाई ओपनर्स की साझेदारी को तैजुल इस्लाम ने तोड़ा। उन्होंने लहिरू उदारा को 40 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। निसंका और उदारा ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े।

बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी की शुरुआत करने आए अनामुल हक को तीसरे दिन चाय से ठीक पहले के आखिरी ओवर में असिथा फर्नांडो ने 19 रन पर पवेलियन भेजा। अनामुल ने 2 चौका और एक सिक्स लगाए। उन्होंने शादमान इस्लाम के साथ पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े। शादमान इस्लाम (12 रन), मोमिनुल हक (15 रन) और मुश्फिकुर रहीम (26 रन) बनाकर आउट हुए। टीम से कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक पिच पर टिक नहीं सका। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो का विकेट 19 रन पर डी सिल्वा ने लिया। तीसरे दिन के स्टंप्स से ठीक पहले मेहदी हसन मिराज को थारिंदु रथनायके ने 11 रन पर एलबीडब्ल्यू किया।

# टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट से पहले प्रैक्टिस की

**बुमराह और कृष्णा शामिल नहीं हुए, लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से हार मिली थी**



**बर्मिंघम (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन में नेट सेशन किया। लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से मिली हार के बाद प्लेयर्स का यह पहला प्रैक्टिस सेशन था। शुभमन गिल की कप्तानी टीम सुबह 9ः15 बजे मैदान पर पहुंची और 3 घंटे तक प्रैक्टिस किया।

**बुमराह और प्रसिद्ध ने हिस्सा नहीं लिया** -इस प्रैक्टिस सेशन में पेसर जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने हिस्सा नहीं लिया, हालांकि वह टीम के साथ ग्राउंड आए थे।


**सिराज ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया** - मोहम्मद सिराज ने केवल बल्लेबाजी का अभ्यास किया। उन्होंने कोच सितांशु कोटक के साथ करीब 30 मिनट तक गेंद को छोड़ने, खेलने की तकनीक पर काम किया।

**अर्शदीप सिंह और आकाशदीप ने गेंदबाजी कोच से बात की** - अर्शदीप सिंह और आकाश दीप ने बल्ले और गेंद दोनों से लंबे समय तक अभ्यास किया। दोनों को मुख्य कोच गौतम गंभीर और सपोर्ट स्टाफ ने करीब से देखा। अर्शदीप ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ अपने रन-अप, बैक-फुट लैंडिंग और तकनीक को बेहतर करने पर ध्यान दिया।

**आकाश दीप और अर्शदीप को मिल सकती है जगह** - दूसरे टेस्ट में आकाश दीप और अर्शदीप को मौका मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एजबेस्टन टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। ऐसे में आकाशदीप और अर्शदीप सिंह में से एक खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।

# ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा की सरे टीम में एंट्री, टी20 ब्लास्ट में दिखाएंगे हुनर

**सरे (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा ने चार टी20 ब्लास्ट मैच खेलने के लिए सरे के साथ अनुबंध किया है। वह 6 जुलाई को द ओवल में एसेक्स के खिलाफ सरे के डबल-हेडर मैच से पहले पहुंचेंगे। 33 वर्षीय जम्पा टी20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 117 विकेट लिए हैं। वह 100 टी20आई विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई थे और 2021 में टी20 विश्व कप और 2023 में 50 ओवर का विश्व कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा थे।



लेग स्पिनर जम्पा ने अपने करियर में 350 से अधिक टी20 विकेट लिए हैं जिसने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग ,बिग बैश और द हंड्रेड सहित दुनिया भर की सभी सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी लीगों में ले जाया है, जहां उन्होंने 2023 और 2024 में ओवल इनविंसिबल्स को लगातार खिताब दिलाने में मदद की। सैम कुरेन की सरे प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में है, उसने केंट के खिलाफ आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की, जिसमें क्रिस जॉर्डन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर जीत सुनिश्चित की। इसके बाद ससेक्स और मिडलसेक्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर व्यापक जीत हासिल की।


जम्पा का पहला मैच 6 जुलाई को एसेक्स के खिलाफ डबल-हेडर होगा, इसके बाद ग्लॉस्टरशायर से भिड़ने के लिए ब्रिस्टल की यात्रा होगी। वह 11 जुलाई को ओवल में सरे के ग्लैमरगन से भिड़ने से पहले लाइट्स के नीचे फिर से एक्शन में होंगे, उसके बाद 13 जुलाई को ग्रुप लीडर समरसेट के खिलाफ एक और डबल-हेडर में थ्री फेदर्स में अपने शुरुआती स्पेल को समाप्त करेंगे। यदि सरे प्रतियोगिता के नॉकआउट चरणों में पहुंचता है, तो जम्पा क्वार्टर फाइनल और फाइनल डे के लिए उपलब्ध होंगे।

सरे में हाई-परफॉरमेंस क्रिकेट सलाहकार एलेक स्टीवर्ट ने कहा, एडम जम्पा विश्व क्रिकेट में सबसे बेहतरीन टी20 स्पिनरों में से एक हैं और मैं विटैलिटी ब्लास्ट के लिए सरे में उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं। वह मैदान पर अनुभव और तकनीकी कौशल का खजाना लेकर आते हैं और मैदान के बाहर शानदार चरित्र रखते हैं। एडम जम्पा ने सरे से जुड़ने पर कहा, मैं सरे के लिए खेलने और एक बार फिर किआ ओवल की भीड़ के सामने खेलने के लिए बेताब हूं। यह मैच खेलने के लिए दुनिया के सबसे बेहतरीन मैदानों में से एक है और मैं जानता हूं कि सरे के लिए खेलना लड़कों के लिए कितना मायने रखता है, इसलिए मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि यह सब क्या है।

# बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**20 में से 16 हरियाणा के खिलाड़ी; महिला टीम में प्रदेश से 9 प्लेयर**

**रेवाड़ी (एजेंसी)।** कजाकिस्तान में 30 जून से 7 जुलाई तक होने वाले बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के लिए बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। महिला और पुरूष वर्ग के 10 भारवर्ग में इंडिया टीम हिस्सा लेंगी। कजाकिस्तान जाने वाली टीम में हरियाणा के 16 बॉक्सर शामिल हैं।



### महिला वर्ग में 9 खिलाड़ी हरियाणा से

इंडिया की महिला टीम में शामिल 10 बॉक्सरों में से 9 हरियाणा की रहने वाली हैं। जिसमें भिवानी की बॉक्सर जैस्मिन लंबोरिया, नुपुर श्योराण, पूजा रानी बोहरा और साक्षी ढांडा, रोहतक की मीनाक्षी हुड्?डा, मुस्कान बैनीवाल और अनामिका हुड्?डा शामिल है। चरखी दादरी की नीरज फौगाट और संजू शामिल हैं। वहीं सनमाचा चानू मणिपुर की रहने वाली है।

### पुरुष वर्ग में हरियाणा के 7 बॉक्सर

झज्जर के हितेश गुलिया, भिवानी के बॉक्सर सचिन सिवाच जूनियर हवलदार, मिताथल के जुगनू अहलावत हवलदार, चरखी दादरी के लक्ष्य चाहर हवलदार और हिसार के नरेंद्र बेरवाल हवलदार, विशाल वालिया के अलावा मनीष राठौर, हरियाणा के रहने वाले हैं। इसके अलावा टीम में अभिनाश जामवाल, जादूमणि, निखिल दूबे को शामिल किया गया है।

### ब्राजील में आए थे 6 मेडल

ब्राजील में हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पहले चरण में भारत ने 6 मेडल जीते थे। हरियाणा के हितेश गुलिया (70) ने गोल्ड, अभिनाश जामवाल (65) ने सिल्वर और जादूमणि सिंह (50), मनीष राठौड़ (55), सचिन (60) और विशाल (90) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

# नीरज चोपड़ा ने विश्व रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन के बाद ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स से पुरुषों की भाला फेंक विश्व रैंकिंग में अपना पहला स्थान फिर से हासिल कर लिया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार विश्व एथलेटिक्स ने इस सप्ताह की शुरुआत में रैंकिंग को अपडेट किया जिसमें पीटर्स के 1,431 अंकों की तुलना में नीरज के अंक बढ़कर 1,445 हो गए। इसके अलावा पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम 1,370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।



दोहा डायमंड लीग में 91.06 का थ्रो फेंकने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के जैकब वडलेज पांचवें स्थान पर हैं, जो बहुत ही प्रभावशाली शीर्ष पांच में जगह बनाते हैं।नीरज ने पेरिस ओलंपिक के तुरंत बाद सितंबर 2024 में पीटर्स से अपना शीर्ष स्थान खो दिया था, जहां उन्होंने 89.45 के थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया और पीटर्स ने कांस्य पदक जीता।

नीरज के लिए वर्ष 2025 अविश्वसनीय रहा है, क्योंकि उन्होंने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच आमंत्रण में जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे जहां उन्होंने 90.23 मीटर के थ्रो के साथ पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया। उन्होंने उसी महीने पोलैंड में जानूस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में भी दूसरा स्थान हासिल किया और इस महीने पेरिस डायमंड लीग और ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में 88.16 मीटर और 85.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के साथ लगातार खिताब के साथ अपनी जीत की राह फिर से शुरू की।

नीरज ने इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में पीटर्स को पछाड़ा जिससे उनके ग्रेनेडा प्रतिद्वंद्वी पर उनका सिलसिला जारी है। पिछली बार वह 2022 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान उनसे पीछे रहे थे, जब नीरज को 88.39 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था जबकि पीटर्स ने 89.91 मीटर का शानदार थ्रो किया था। कुल मिलाकर टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता ने प्रमुख भाला फेंक प्रतियोगिता के फाइनल में पीटर्स पर 16-5 से बढ़त बना ली है। दोनों के 5 जुलाई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक इवेंट में एक और आमने-सामने होने की उम्मीद है।

# बुमराह की अनुपस्थिति में भारतीय तेज गेंदबाजों को देना होगा लाइन और लेंथ पर ध्यान

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह अगर इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह बर्मिंघम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाते हैं तो भारत की परेशानियां बढ़ना तय है और ऐसे में अन्य तेज गेंदबाजों का अपनी लाइन और लेंथ पर नियंत्रण बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। बुमराह की अनुपस्थिति भारत को कितनी भारी पड़ सकती है इसका एक नजारा लीड्स में पहले टेस्ट मैच के 65वें और 82वें ओवर के बीच देखने को मिला जब इस तेज गेंदबाज ने गेंदबाजी नहीं की थी। इंग्लैंड ने यह मैच पांच विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की।



जब बुमराह ने 19-3-57-0 के कुल गेंदबाजी विश्लेषण के साथ उस स्पेल का अंत किया, तब 371 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 286 रन था और उन्हें एक और ओवर के लिए नहीं बुलाया गया। शायद, कप्तान शुभमन गिल उन्हें दूसरी नई गेंद के लिए बचाकर रखना चाहते थे, जो 15 ओवर बाद ली जानी थी और यह भारत के अपने प्रमुख तेज गेंदबाज के कार्यभार प्रबंधन योजना के अनुरूप भी था।

इंग्लैंड अभी भी जीत से 85 रन दूर था और अगर इन ओवर में कुछ विकेट गिर जाते तो 80वें ओवर में बुमराह की वापसी के लिए पूरी तरह से मंच तैयार हो जाता। लेकिन जब तक 80 ओवर हुए तब तक इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 349 रन बना लिए थे। उसने इन 15 ओवर में 63 रन बनाए थे, जो कि प्रति ओवर चार रन से अधिक की दर थी। ऐसे में बुमराह के लिए भी स्थिति को संभालना संभव नहीं था।

अब भारत को एजबेस्टन में 31 वर्षीय बुमराह की अनुपस्थिति की वास्तविकता के साथ समझौता करना होगा। भारत के अन्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। ऐसी स्थिति में अगर बुमराह दूसरा टेस्ट मैच नहीं खेल पाते हैं तो इन गेंदबाजों विशेष कर सिराज और प्रसिद्ध को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्हें विशेष कर अपनी लाइन और लेंथ पर ध्यान देना होगा।

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डोडा गणेश का मानना ??है कि प्रसिद्ध बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, बशर्ते वह अपने दृष्टिकोण में कुछ मामूली बदलाव करें। गणेश ने कहा, 'प्रसिद्ध हमेशा से विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, लेकिन उन्हें कुछ निरंतरता के साथ गेंदबाजी करने की जरूरत है। उन्हें उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जहां वे गेंदबाजी करते हैं। इससे उन्हें अधिक मेडन ओवर फेंकने में मदद मिलेगी, खासकर तब जब गेंद पुरानी हो जाएगी। इंग्लैंड में गेंद परिस्थितियों के कारण थोड़ी स्विंग करती है। उन्हें बस बुमराह की तरह लगातार लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करनी होगी। उन्हें बस ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।



# MLC में निकोलस पूरन का कमाल

**इतने गेंदों में ठोक दिया शतक**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेजर लीग क्रिकेट 2025 में वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज निकोलस पूरन ने तूफानी शतक ठोक दिया. उन्होंने एमआई न्यूयार्क की ओर से कप्तानी पारी खेलते हुए सिएटल ओर्कास के खिलाफ 55 गेंदों में 8 छक्के और 6 चौकों की मदद से शानदार शतक बनाया. इस लीग में ये उनका दूसरा शतक है. इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलने वाले इस बल्लेबाज ने सिएटल ओर्कास के गेंदबाजों की खूब धुनाई की. उन्होंने करीब 184 की स्ट्राइक रेट से अपना शतक पूरा किया. पूरन ने इस मैच में 60 गेंदों में 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 108 रनों की पारी खेली ।

# ट्विंकल चौधरी डोपिंग में पॉजिटिव पाए जाने के लिए निलंबित, इस साल राष्ट्रीय खेलों जीता था गोल्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एई) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इस 28 साल की धाविका ने साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था।



ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है। एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2ः00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था।

इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2ः06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है क्योंकि उसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डोपिंग का रिकॉर्ड बहुत खराब है। मई में भारतीय एथलीट स्नेहा कोलेरी को एनाबोलिक स्टेरॉइड स्टैनाजोलोल का पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया था।

हाल में जारी 2023 की जांच के आंकड़ों में जिन देशों ने 5000 या इससे अधिक नमूने की जांच कराई, उसमें भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा और उसका प्रतिशत 3.8 रहा था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2023 में वैश्विक स्तर पर 204,809 नमूनों की जांच की थी जिनमें से 1,820 नमूने प्रतिबंधित पदार्थों के पॉजिटिव पाए गए थे।

## संक्षिप्त समाचार



### केरल के स्कूलों में होगा जुंबा डांस, विरोध में उतरे मुस्लिम संगठन

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल की पिनारायी विजयन सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ कैंपेन चलाने और स्कूल में बच्चों की मेंटल और फिजिकल फिटनेस के लिए जुंबा डांस कराने का फैसला किया है। कुछ स्कूलों में जुंबा डांस का सेशन शुरू भी कर दिया गया है। कई मुस्लिम संगठन केरल सरकार के इस कदम की जमकर आलोचना और विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्कूल में इस तरह से डांस करवाना नैतिकता के खिलाफ है और यह इस्लाम विरोधी है। मुख्यमंत्री विजयन ने कहा था कि ऐरोबिक मूवमेंट के साथ म्यूजिक पर डांस करने से बच्चों का टेंशन कम होगा। इसके अलावा युवाओं को ड्रग्स के खिलाफ संदेश दिया जाएगा।

वहीं समस्त केरल सुन्नी युवाजन संघम के राज्य सचिव अब्दुस्समाद पूक्कूत्तुर ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को इस बारे में विचार करने की जरूरत है। बता दें कि एसवायएस केरल की प्रमुख सुन्नी संस्था समस्त केरल जमीय्यातुल उलेमा की युवा शाखा है। राज्य की शिक्षा मंत्री आर बिंदु ने सरकार के इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि जुंबा डांस से बच्चों के साथ आम लोगों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा, हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। हम अब मध्य काल में नहीं हैं। सबको ही समय के हिसाब से विचार करना चाहए।

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की छात्र शाखा मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन ने भी सरकार के इस कदम का विरोध किया है। एमएसएफ के स्टेट प्रेसिडेंट पीके नवास ने कहा, जब स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम होंगे तो फिर पढ़ाई कैसेहोगी। क्या शिक्षा विभाग ने कोई रिसर्च की है या फिर इस बारे में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों से राय ली है

विजडम इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन के महासचिव टीके अशरफ ने कहा कि एक शिक्षक के रूप में मैंने इसका विरोध करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मेरा बेटा भी जुंबा डांस में हिस्सा नहीं लेगा। डिपार्टमेंट हमपर जो भी कार्रवाई करेगा उसके लिए हम तैयार हैं। उन्होंने कहा, हमने क्वालिटी एजुकेशन के लिए बच्चे का एडमिशन सरकारी स्कू में कराया है। उन्होंने कहा, लोग प्रगतिवादी सोच के हो सकते हैं। लेकिन मैं मानता हूं कि मैं ओल्ड फैशन व्यक्ति हूं।

### खाटू श्याम-अजमेर जाना हुआ आसान, झारखंड से राजस्थान के लिए नई ट्रेन शुरू



**गुरुग्राम, एजेंसी।** खाटू श्याम, सालासर बालाजी और अजमेर शरीफ जैसे धार्मिक स्थलों पर जाने वालों के लिए खुशखबरी है। भारतीय रेलवे ने झारखंड से राजस्थान के लिए एक नई ट्रेन शुरू की है। यह ट्रेन गुरुग्राम और रेवाड़ी स्टेशन से होकर गुजरेगी। रेलवे द्वारा दी गई सूचना के मुताबिक, ट्रेन संख्या 19603/04 गोड्डा (झारखंड) और अजमेर (दौराई) के बीच चलेगी। इससे गुरुग्राम में नौकरी करने वाले उन लोगों को भी सुविधा होगी, जो राजस्थान और झारखंड से हैं। इस ट्रेन से खाटू श्याम, सालासर, अजमेर शरीफ, प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थानों पर जाने वाले लोगों को सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी।

**ट्रेन इन स्टेशनों से होकर गुजरेगी :** रेलवे अधिकारी विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि यह ट्रेन अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीमका थाना, नरनौल, अटेली, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टुंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज (प्रयागराज), मिर्जापुर, चुनार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओनसोन, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, देवघर, मोहनपुर, पोड़ैयाहाट होते हुए गोड्डा पहुंचेगी। गुरुग्राम कॉरपोरेट हब है। यहां के सैकड़ों यात्रियों को इस ट्रेन से सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

*हम रोज-रोज मुख्यमंत्री नहीं बदलते हैं*

# जब चुनाव आएगा तो पता किया जाएगा: राधा मोहनदास अग्रवाल

**जयपुर, एजेंसी।** साल 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव हुए। चुनावों के बाद रिजल्ट आए तो बीजेपी ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की। जीत के बाद सबसे बड़ा सवाल सामने आया कि आखिर अब मुख्यमंत्री किसे बनाया जाएगा। कई दिनों तक चले इंतजार के बाद बीजेपी ने जो फैसला किया, उसने सबको चौंका दिया। भाजपा ने जयपुर की सांगानेर विधानसभा सीट से जीतकर आए भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बना दिया। मुख्यमंत्री के ऐलान वाली पर्ची जब राजनाथ सिंह ने वसुंधरा राजे को दी, उनका रिएक्शन आज भी लोगों को याद है। ऐसे में अब अटकलें शुरू हो गई थीं कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान का मुख्यमंत्री हटाकर किसी और को बनाने का प्लान कर रही है। लेकिन राजस्थान के भाजपा प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने सब साफ कर दिया है।



### क्या बोले राधा मोहनदास अग्रवाल

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हटाए जाने की अटकलों के बीच जब राधा मोहनदास अग्रवाल से पूछा गया कि क्या भारतीय जनता पार्टी उन्हें हटाने की तैयारी कर रही है इस मामले पर जवाब देते हुए कहा कि भाजपा में जो व्यक्ति एक बार मुख्यमंत्री बन गया वो बन गया। उन्होंने कहा कि हम रोज-रोज मुख्यमंत्री नहीं बदलते हैं। जब चुनाव आएगा तो पता किया जाएगा कि क्या करना है। राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि हम इस तरह का काम करके विरोधियों को मौका नहीं देते हैं। राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भाजपा में काम का आंकलन किया जाता है, उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाता है। इस दौरान उन्होंने भजनलाल शर्मा को लेकर कहा कि राजस्थान में जब विधानसभा चुनाव आएंगे तो इस बात पर निर्णय लिया जाएगा। अभी इस मामले पर कोई बात नहीं हुई है। अग्रवाल ने कहा कि सबका आंकलन आखिरी में ही किया जाता है, फिर चाहे वो विद्यार्थी हो, वकील हो या कोई और काम करने वाला, उन्होंने कहा ऐसा ही राजनीति में होता है। जब चुनाव आते हैं तो नेताओं के काम का आंकलन किया जाता है। ऐसे ही भजनलाल शर्मा के काम का आंकलन किया जाएगा।

## आश्रम में मिला गांजा, सेक्स टॉयज, वियाग्रा; छत्तीसगढ़ के पाखंडी बाबा तरुण अग्रवाल की खुली पोल



**डोंगरगढ़, एजेंसी।** नाम तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू। काम खुदको योगगरु बताकर लोगों को योग सिखाना। मगर मामला कुछ और ही था। दरअसल अपने आपको योगगुरु बताने वाले बाबा पाखंडी निकले। उन्होंने छत्तीसगढ़ की पवित्र धर्मनगरी डोंगरगढ़ में अपना पाखंड का अड्डा जमा रखा था, जिसके काले कारनामों की पोल खुली चुकी है। आश्रम से पुलिस ने 2ग्रत्र गांजा, सेक्स टॉयज, नशीली दवाइयां, वियाग्रा टेबलेट समेत तमाम चीजें बरामद कीं। उसके निशाने पर नौजवान लड़के-लड़कियां थे। जांच में सामने आया है कि उसके आश्रम में देर रात लड़कियों का जमावड़ा लगता था, इसमें विदेशी लड़कियां भी मौजूद होती थीं।

**गोवा से वापसी कर शुरू किया नया खेल :** पुलिस की जानकारी के मुताबिक पाखंडी बाबा तरुण अग्रवाल करीब 20 साल पहले डोंगरगढ़ में ही अपना पीसीओ चलाता था, लेकिन फिर वो वहां से गोवा चला गया। मगर फिर वह बीते दो साल पहले वापस लौट आया। यहां उसने करीब छह करोड़ रुपये लगाकर जमीन खरीदी और उसमें अपना फॉर्म हाउस बनवाया। स्थानीय लोगों को इस बात की भनक लग चुकी थी कि वह अपने आश्रम में बच्चों को गांजा पिलाता है। इस कारण उसका विरोध भी हो रहा था।

**पाखंडी बाबा के आश्रम से क्या बरामद हुआ :** उसके फॉर्म हाउस से लगातार संदिग्ध गतिविधियों के होने की बात सामने आती रहती थी। इसके चलते पुलिस ने एक रोज छापा मारा और फिर वहां जो मिला उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। छापेमारी में पुलिस को सेक्स टॉयज, नशीले इंजेक्शन, सेक्स पावर बढ़ाने वाली दवाइयां, वियाग्रा और गांजा बरामद हुए।. जांच आगे बढ़ी तो सामने आया कि बाबा का विदेशी लोगों से भी अच्छा खासा नेटवर्क है।

# असम में घुसपैठ रोकने के लिए सख्त इंतजाम, आधार कार्ड पर कौन सा नियम ला रहे सीएम हिमंता सरमा



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नई पहल की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार वयस्कों के लिए आधार कार्ड जारी करने के नियमों को सख्त बनाने पर विचार कर रही है। आधार कार्ड जारी करने के सख्त नियमों से अवैध विदेशियों का पता लगाने और उन्हें देश से बाहर निकालने में राज्य सरकार के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा। सरमा ने की एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहाकि आज हमने एक प्रस्ताव पर चर्चा की, जिसके तहत वयस्कों के लिए आधार कार्ड पूरी तरह से सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। कैबिनेट जल्द ही इस संबंध में निर्णय लेगी।

व्यापक जांच के बाद ही आधार कार्ड

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहाकि असम में करीब 100 प्रतिशत वयस्कों के पास आधार कार्ड हैं। उन्होंने कहाकि अगर कोई वयस्क आधार कार्ड के लिए आवेदन करता है, तो हम व्यापक जांच करेंगे। नए नियमों के प्रभावी होने के बाद से केवल जिला आयुक्त के पास आधार कार्ड जारी करने का अधिकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहाकि इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई अवैध घुसपैठिया आधार कार्ड न हासिल करे और हम उसका आसानी से पता लगा सकते हैं तथा उसे उसके देश भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन योग्य वयस्क नागरिकों का आधार कार्ड नहीं बन पाया है, उन्हें आवेदन करने का मौका मिलेगा। डिप्टी कमिश्नर को इसके लिए अधिकृत किया जाएगा।

### जन्म प्रमाणपत्र के लिए भी प्रक्रिया होगी सख्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाद में जन्म प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी इसी प्रकार सख्त किया जाएगा। ऐसे मामलों में जिलाधिकारी को प्रमाणपत्र जारी करने वाला प्राधिकारी नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि आधार कार्ड नागरिकता का दस्तावेज नहीं है, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होता है, जिसमें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना, बैंक में खाता खोलना, गैस कनेक्शन प्राप्त करना आदि शामिल है। उन्होंने कहाकि अगर हम आधार कार्ड को ब्लॉक कर सकते हैं, तो हम अन्य दस्तावेज जारी करने पर भी रोक लगा सकते हैं। हमें विदेशियों के यहां वैध रूप से लंबे समय तक रहने और आधार कार्ड बनवाने से कोई समस्या नहीं है। हमारी समस्या अवैध विदेशियों से है।

### अवैध बांग्लादेशियों पर ऐक्शन

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नियमों को कड़ा करने से निर्वासन प्रयासों में मदद मिलेगी। उन्होंने कहाकि घुसपैठियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के हमारे निरंतर प्रयासों के तहत कल रात हमने 20 और बांग्लादेशियों को निर्वासित किया। आधार जारी करने के नियमों को सख्त करने का निर्णय इस दिशा में हमारे प्रयासों में सहायता ही करेगा। मंत्रिमंडल ने मोरान और मटक समुदायों की स्वायत्त परिषदों के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है, इसस अब केवल इन समुदायों के लोग ही परिषद के चुनावों में मतदान कर सकेंगे।

### पंजाब पुलिस ने आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, तीन धरे

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब पुलिस को आतंक के खिलाफ अपनी कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशल के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। मोहाली स्थित स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने अमृतसर के रामदास निवासी सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जबकि एक 17 वर्षीय लड़के को भी पकड़ा गया है।

## एस-400 बना भारत की ढाल! जल्द आ सकते दो और खतरनाक स्क्वाड्रन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के खिलाफ दोबारा सैन्य कार्रवाई करने से कानूनी रूप से रोकने की डेमोक्रेटिक पार्टी की कोशिश को शुक्रवार को सीनेट ने खारिज कर दिया। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है।सीनेट सदस्य टिम केन द्वारा लाया गया यह प्रस्ताव इस बात को सुनिश्चित करता कि- राष्ट्रपति ट्रंप को भविष्य में ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई करने से पहले कांग्रेस (संसद) की अनुमति लेनी होगी।लेकिन सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत होने के कारण इस प्रस्ताव को पारित नहीं किया जा सका।

जब राष्ट्रपति ट्रंप से पूछा गया कि क्या वे फिर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करेंगे, तो उन्होंने स्पष्ट कहा बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट के। यह बयान यह दर्शाता है कि ट्रंप ईरान के खिलाफ एकतरफा और आक्रामक नीति पर कायम हैं। 100 सदस्यों वाली सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के पास 53 सीटें हैं जिससे उनका वर्चस्व है। रिपब्लिकन सांसदों ने ट्रंप के फैसलों का समर्थन किया विशेषकर पिछले सप्ताह ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी को लेकर।

अधिकांश रिपब्लिकन नेताओं का मानना है कि ईरान



अब एक तत्काल खतरा बन चुका है। उनका मानना है कि ऐसे में राष्ट्रपति को निर्णायक कार्रवाई का अधिकार मिलना चाहिए भले ही वह कांग्रेस की मंजूरी के बिना क्यों न हो। सीनेट का यह फैसला अमेरिकी राजनीति में राष्ट्रपति और संसद के बीच युद्ध-संबंधी शक्तियों को लेकर पुरानी खींचतान को एक बार फिर सामने लाता है।राष्ट्रपति ट्रंप की आक्रामक विदेश नीति को फिलहाल संवैधानिक या कानूनी चुनौती का कोई खतरा नहीं** है, क्योंकि सीनेट का बहुमत उनके साथ खड़ा है।

## उड़ते विमान से आने लगी बदबू! तेज आवाज-झटके और डर, यात्रियों को नजर आई मौत तो...



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की एक घरेलू उड़ान को शुक्रवार को खराबी आने के बाद आपातकालीन स्थिति में उतार लिया गया। शांदोंग एयरलाइंस ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि चिंगदाओ से शंघाई जाने वाली एयरलान की उड़ान में खराबी आ गई और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाओं के अनुसार स्थिति को संभालने के बाद चालक दल ने विमान को नानजिंग के एक हवाई अड्डे पर भेज दिया। विमानन कंपनी ने कहा कि उड़ान संख्या एससी4667 का विमान नानजिंग में आपातकालीन परिस्थितियों में उतार लिया गया। पोस्ट में कहा गया है, सभी प्रभावित यात्रियों को अगली उड़ान के लिए एक अन्य विमान में भेजा गया। हांगकांग के 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट समाचार पत्र ने शनिवार को बताया कि विमान में सवार होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ऐसा प्रतीत हुआ कि उड़ान के दौरान विमान के बाएं इंजन में कुछ फंस गया। व्यक्ति ने लिखा, भयावह। कुछ जोरदार आवाज हुई, फिर विमान हिलने लगा और पांच से 10 मिनट तक जलने की दुर्गंध आती रही। व्यक्ति ने कहा कि इसके बाद पायलट ने नानजिंग में आपातकालीन लैंडिंग की घोषणा की और पूरी प्रक्रिया बहुत सुचारू रही।

# चीन में सेना के 3 अफसर बर्खास्त, भ्रष्टाचार की वजह से कार्रवाई

**इसमें राष्ट्रपति जिंगपिंग के करीबी जनरल भी शामिल**



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने एंटी करप्शन प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को सेना के तीन सीनियर अधिकारियों को पद से हटा दिया। इनमें जनरल मियाओ हुआ, नेवी के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और चाइना नेशनल न्यूक्लियर कॉरपोरेशन के डिप्टी चीफ इंजीनियर लियू शिपेंग शामिल हैं। हॉन्गकॉन्ग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, तीनों अधिकारियों पर भ्रष्टाचार की वजह से एक्शन लिया गया। इन सभी को चीनी संसद नेशनल पीपल्स कांग्रेस ने बर्खास्त किया। चीन को डर है कि भ्रष्टाचार की वजह से चीन की सेना कमजोर हो रही है। इसलिए 2023 से सेना में एंटी करप्शन ड्राइव चल रही है। इसके तहत अब तक करीब 10 जनरल और कई अधिकारियों को हटाया जा चुका है।

**जनरल मियाओ को खुद राष्ट्रपति जिंगपिंग ने चुना था:** जनरल मियाओ हुआ चीन की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के सदस्य और इसके पॉलिटिकल वर्क डिपार्टमेंट के डायरेक्टर थे। उन्हें नवंबर 2024 से भ्रष्टाचार की वजह से जांच के दायरे में रखा गया था।

मियाओ को अप्रैल 2025 में एनपीसी से हटाया गया था और अब उन्हें सीएमसी से भी बर्खास्त कर दिया गया है। वे चीनी आर्मी में कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा के मैनेजमेंट के लिए जिम्मेदार थे। मियाओ को खुद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने व्यक्तिगत तौर पर चुना था और उनका करियर शी के सत्ता में आने के बाद तेजी से आगे बढ़ा था। वहीं, वाइस एडमिरल ली हानजुन नेवी के चीफ ऑफ स्टाफ थे और लियू शिपेंग न्यूक्लियर सेक्टर में काम करते थे। लियू शिपेंग को भी एनपीसी से हटा दिया गया है।

### रक्षा मंत्री पर भी लगा था भ्रष्टाचार का आरोप

राष्ट्रपति बनने के बाद से ही शी जिनपिंग सेना में फैले भ्रष्टाचार की रोकथाम में लगे हैं। पिछले साल चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन का भी एंटी करप्शन ड्राइव में नाम आया था, जिसके बाद उनके खिलाफ जांच बैठाई गई थी। इससे पहले दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को पद से हटा दिया गया था। शी का टारगेट सेना में कम्युनिस्ट पार्टी के लिए वफादारी तय करना और इसे ग्लोबल सुपर पावर बनाना है। एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार को खत्म करने के साथ-साथ शी जिनपिंग की सत्ता को और मजबूत करने का हिस्सा है।

### चीन लगातार अपनी सेना को आधुनिक बना रहा

चीन लगातार अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। चीन ने इस साल के अपने सालाना रक्षा बजट में 7.2प्रतिशत की बढ़त की है। इस साल यह 249 अरब डॉलर ( 1.78 ट्रिलियन युआन) हो गया। यह भारत के 79 अरब डॉलर के सैन्य बजट के मुकाबले करीब 3 गुना ज्यादा है। एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि चीन का वास्तविक डिफेंस खर्च उसकी तरफ से बताए गए खर्च से 40-50प्रतिशत ज्यादा है। चीन अपने सैन्य खर्च को कम दिखाने के लिए अलग-अलग सेक्टर के तहत धन आवंटित करता है। चीन अमेरिका के बाद सेना पर सबसे ज्यादा खर्च करता है। अमेरिका का रक्षा बजट 950 अरब डॉलर के करीब है। जो चीन के बजट से 4 गुना से भी ज्यादा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129